सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-333 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 28 मई 2025
29 जिकाद 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



### बांके बिहारी मंदिर : यूपी सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# निजी पक्षों के मुकदमे को हाईजैक करने पर जताई नाराजगी

**बांके बिहारी कोरिडोर**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि उसने वृंदावन स्थित प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन को लेकर दो निजी पक्षों के बीच चल रहे मुकदमे को हाईजैक कर लिया है।न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि यदि राज्य सरकार निजी पक्षों के बीच चल रहे विवादों में हस्तक्षेप करने लगेगी, तो इससे कानून के शासन की व्यवस्था चरमरा जाएगी। पीठ ने राज्य सरकार से पूछा कि क्या राज्य कार्यवाही में पक्षकार था? किस हैसियत से राज्य ने विवाद में हस्तक्षेप किया? यदि राज्य पक्षों के बीच निजी विवाद में प्रवेश करना शुरू कर देते हैं तो यह कानून के शासन का उल्लंघन होगा। आप मुकदमे को हाईजैक नहीं कर सकते। दो पक्षों के बीच निजी मुकदमे में राज्य की ओर से अभियोग आवेदन दायर करना और उसे हाईजैक करना स्वीकार्य नहीं है। पीठ मथुरा में श्री बांके बिहारी मंदिर के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की प्रस्तावित पुनर्विकास योजना को मंजूरी देने वाले अपने आदेश में संशोधन की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। शुरुआत में याचिकाकर्ता देवेंद्र नाथ गोस्वामी की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि हमें पक्षकार बनाए बिना ही उत्तर प्रदेश सरकार को 300 करोड़ रुपये की धनराशि दे दी गई। उन्होंने कहा कि आप एक अन्य याचिका में आदेश देकर कैसे निर्देश दे सकते हैं कि एक निजी मंदिर की कमाई राज्य को सौंप दी जाए।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश वकील ने कहा कि राज्य ने बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन और प्रस्तावित गलियारे के कार्य की देखरेख के लिए एक ट्रस्ट का गठन किया है। कानून के अनुसार संपूर्ण धनराशि सरकार के पास न होकर ट्रस्ट के पास रहेगी। इसके बाद पीठ ने राज्य सरकार की इस दलील को स्वीकार कर लिया कि मंदिर के धन का उपयोग केवल मंदिर के आसपास 5 एकड़ भूमि खरीदने तथा एक होल्डिंग क्षेत्र बनाने के लिए किया जाए।



**कोर्ट ने मंदिर गलियारा विकसित करने के प्रस्ताव को दी थी मंजूरी**

इससे पहले पीठ ने राज्य सरकार के वकील को ट्रस्ट के संबंध में पारित अध्यादेश की एक प्रति याचिकाकर्ता को देने का निर्देश दिया और संबंधित प्रमुख सचिव को 29 जुलाई तक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। 15 मई को सुप्रीम कोर्ट ने श्रद्धालुओं के लाभ के लिए मंदिर गलियारे को विकसित करने की राज्य सरकार की योजना का मार्ग प्रशस्त कर दिया था।



# हमें एकजुट होने और स्वदेशी ताकत की जरूरत : धनखड़

- उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दिया राष्ट्रीय सुरक्षा पर विशेष जोर



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें एकजुट होने की जरूरत है। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्वदेशी ताकत भी जरूरी है। उन्होंने एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की।

उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम-चरण 7 के उद्घाटन सत्र में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमारी मानसिकता को बड़े पैमाने पर बदल दिया है। हम पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हैं। यह हमारे शांति के संदेश और आतंकवाद के प्रति हमारी पूर्ण असहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए विदेश गए प्रतिनिधिमंडलों में सभी राजनीतिक परिदृश्यों की भागीदारी में परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कह हाल की घटनाओं को देखते हुए हमारे पास एकजुट रहने और मजबूत होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें स्वदेशी ताकत की आवश्यकता है। युद्ध को ताकत की स्थिति में टाला जाना चाहिए। शांति तब सुरक्षित होती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और इसलिए ताकत तकनीकी कौशल, पारंपरिक हथियारों के अलावा लोगों से भी आती है। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को नेत्र रोग विशेषज्ञ एम एल राजा को एक साल के लिए डॉ एस राधाकृष्णन चेयर के लिए नामित किया। डॉ. एस राधाकृष्णन चेयर की स्थापना 2009 में राज्य सभा द्वारा भारत में संसदीय लोकतंत्र के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए हुई थी। इस चेयर की शुरुआत प्रथम उपराष्ट्रपति के नाम पर हुई। जो बाद में राष्ट्रपति बने। धनखड़ के कार्यकाल के दौरान इसे क्रियाशील बनाया गया था। कहा कि राजा एक नेत्र रोग विशेषज्ञ, पुरालेख विशेषज्ञ, पुरातत्वविद् और इतिहासकार के रूप में असाधारण बहु-विषयक विशेषज्ञता लेकर आए हैं।

# पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान के मॉडल को मंजूरी

- जंग की तैयारी में आत्मनिर्भरता की ओर भारत का बड़ा कदम
- राजनाथ सिंह ने मेगा प्रोजेक्ट पर लगायी मुहर



**नई दिल्ली।** भारत-पाक में तनाव के बाद से केंद्र सरकार ने देश के रक्षा बेड़े को और मजबूत करने की ठान ली है। इसके लिए सरकार द्वारा रक्षा बजट में अतिरिक्त पैसा देने की बात भी सामने आई है। इस बीच भारत अपनी हथियार प्रणाली को भी मजबूत कर रही है, जिसके लिए राजनाथ सिंह ने आज एक बड़ा फैसला लिया। इसी के मद्देनजर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज एक बड़ा कदम उठाया। रक्षा मंत्री ने भारतीय वायुसेना के लिए पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी डीप पेनेट्रेशन एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट फाइटर प्लेन को विकसित करने के लिए एक मेगा प्रोजेक्ट को मंजूरी दी। इसे लागू करने के लिए ÷निष्पादन मॉडल÷ को मंजूरी दे दी गई है। भारत अपनी वायु शक्ति क्षमता को बढ़ाने के लिए एडवांस्ड स्टील्थ फीचर्स के साथ मीडियम वेट डीप पेनेट्रेशन फाइटर जेट विकसित करने की महत्वाकांक्षी एएमसीए परियोजना पर काम कर रहा है। भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और एक मजबूत घरेलू एयरोस्पेस औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) प्रोग्राम निष्पादन मॉडल को मंजूरी दे दी है।

### हनुमान लला पर पुजारी और कर्नाटक सरकार में तनातनी

# अंतरिम आदेश का पालन हो : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के कोप्पल जिले में भगवान हनुमान के जन्मस्थान माने जाने वाले अंजनेया मंदिर के मुख्य पुजारी को न हटाने का निर्देश देते हुए मंगलवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन की दलीलें सुनने के बाद कर्नाटक सरकार के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। अदालत ने उन्हें कहा कि वे (अधिकारी) अंजनेया मंदिर को अपने नियंत्रण में लेने और वहां के मुख्य पुजारी अर्चक के पद से उन्हें हटाने के खिलाफ विद्यादास बाबाजी की याचिका पर पारित उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश का ईमानदारी से पालन करें। पीठ ने कहा, हमने याचिकाकर्ता द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष दायर अवमानना याचिका में किए गए कथनों पर गौर किया है। नोटिस जारी करें। इस बीच संबंधित अधिकारियों को 14 फरवरी 2023 को उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश का ईमानदारी से पालन करने का निर्देश दिया जाता है।

### पीएम ने गुजरात को दी 5,536 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं की सौगात

# हमें मेड इन इंडिया पर गर्व होना चाहिए : मोदी



**अहमदाबाद।** अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात में पिछले दो दशकों में सुधार कार्यों से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान, गांधी नगर के महात्मा मंदिर में 5,536 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमें अपने देश के ब्रांड पर गर्व करना चाहिए। हमें मेड इन इंडिया पर गर्व करना चाहिए।

पीएम मोदी ने कहा कि हम अपनी जरूरत की ज्यादातर चीजों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहे हैं। पर ये चीजें अब देश में ही उपलब्ध हैं। हमारी जरूरत की 90 प्रतिशत से अधिक और अच्छी चीजें देश में ही उपलब्ध हैं। हमें उनका इस्तेमल करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा, मुझे याद है कि हमने छठे से पांचवें स्थान पर पहुंचने का जश्न मनाया था। यह क्षण विशेष रूप से महत्वपूर्ण था, क्योंकि हमने उसी देश को पीछे छोड़ दिया, जिसने 250 वर्षों तक हम पर शासन किया। अब, जब हम चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, तो तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दबाव बढ़ रहा है। उससे भी अधिक दृढ़ संकल्प की जरूरत है। यह देश अब इंतजार नहीं करना चाहता। अगर कोई सुझाव देता है कि हमें धैर्य रखना चाहिए, तो आप आवाजें सुन सकते हैं कि मोदी है तो मुमकिन है। इसलिए हमारा स्पष्ट लक्ष्य 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। पीएम मोदी ने ने कहा कि 2014 में 26 मई को मुझे पहली बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने का अवसर मिला। उस समय, भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें स्थान पर थी। इस दौरान हमने कोरोना से लड़ाई लड़ी, पड़ोसियों से भी मुसीबतें झेलीं। प्राकृतिक आपदा भी झेली इसके बावजूद इतने कम समय में हम 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने में कामयाब रहे। पीएम ने कहा कि हम विकास चाहते हैं, प्रगति चाहते हैं।

# एक साथ जली सात चिताएं

- एक ही परिवार के सात लोगों ने किया सुसाइड
- परिवार देहरादून में रहता था और बच्चे चंडीगढ़ में रहते थे, सुसाइड नोट में बयां किया दर्द



**पंचकूला।** कर्ज में डूबे एक परिवार की कहानी का दुखद अंत हुआ। हर कोई इस घटना से सहमा हुआ है। मंगलवार बाद दोपहर एक साथ सात चिताएं मनीमाजरा के श्मशाम घाट में जली। लोगों की आंखें नम थी।

पंचकूला सेक्टर 27 में एक कार के अंदर तीन बच्चों समेत एक परिवार के छह सदस्य मृत पाए गए, जबकि एक अन्य की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। कार को सोमवार देर शाम एक राहगीर ने देखा कि जिसने अंतिम बार मरने वाले परिवार के सदस्य से कुछ बातें भी कीं। पुलिस ने मृतक की पहचान प्रवीण मित्तल पुत्र देशराज मित्तल (41), रीना गुप्ता पत्नी प्रवीण मित्तल (35), बिमला देवी पत्नी देशराज मित्तल, देशराज मित्तल, हार्दिक पुत्र प्रवीन मित्तल (14), धुरविका मित्तल पुत्री प्रवीन मित्तल (9), डैलिसा पुत्री प्रवीन मित्तल (9) के रुप में कही। देहरादून पंजीकरण संख्या वाली कार पंचकूला के सेक्टर 27 में एक आवासीय क्षेत्र में सड़क के किनारे खड़ी मिली थी। स्थानीय निवासी पुनीत राणा ने बताया कि वह एक अन्य व्यक्ति के साथ टहलने गए थे और उन्होंने रात करीब 10 बजे कार को देखा, जिसके एक दरवाजे से तौलिया लटका हुआ था। उन्होंने कार को खुला पाया और एक दरवाजा खोला। अंदर बैठे व्यक्ति ने उन्हें बताया कि पंचकूला में बागेश्वर धाम कार्यक्रम से लौटते समय उन्हें होटल में कमरा नहीं मिल पाया था और इसलिए, वह और उनका परिवार कार में सो रहे थे। जब उन्होंने कार की खिड़की की ओर टॉर्च घुमाई तो देखा कि छह लोग उल्टी के साथ एक-दूसरे पर बेसुध पड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि सातवां व्यक्ति, जिससे वे बात कर रहे थे, सांस लेने में कठिनाई महसूस कर रहा था। उनका संदेह और गहरा गया, राहगीर ने उस व्यक्ति की मदद की, उसे पानी पिलाया और पूछा कि क्या उसने कार में बैठे अन्य लोगों को मार दिया है। उसने मुझे बताया कि उसके परिवार के सभी सदस्यों ने आत्महत्या कर ली है और वह भी पांच मिनट में मरने वाला है। फिर वह बेहोश हो गया। बेहोश होने से पहले उसने कहा कि उस पर बैंकों का बहुत सारा पैसा बकाया है। उसने कहा कि उनके रिश्तेदार अमीर हैं, लेकिन वे मदद नहीं कर रहे हैं।

# यूपी में लागू हुई केंद्र की राहवीर योजना

- घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने पर मिलेगा 25 हजार का ईनाम

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई राहवीर योजना को उत्तर प्रदेश में लागू कर दिया गया है, जिसके तहत दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन-ऑवर में अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार को 25,000 रुपए का इनाम मिलेगा। इस योजना के तहत सरकार सड़क हादसों में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को इनाम देगी। यह योजना लखनऊ सहित पूरे उत्तर प्रदेश में लागू की गई है। योजना के तहत, अगर कोई नागरिक घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर या दुर्घटना के तुरंत बाद अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर पहुंचाता है तो उसे 25 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यदि कोई नागरिक सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन-ऑवर (पहले 1 घंटे) के भीतर अस्पताल पहुंचाता है और घायल की जान बच जाती है, तो उस मददगार को 25,000 रुपए का इनाम दिया जाएगा। यह पुरस्कार राशि पहले 5,000 थी, जिसे अब बढ़ाकर 25,000 कर दिया गया है।

# दिल्ली 1984 दंगा पीड़ित परिवारों को बड़ा तोहफा

### दंगा पीड़ितों को सरकारी नौकरी मिलेगी

- सीएम रेखा गुप्ता ने किया एलान
- 125 लोगों को नियुक्ति पत्र
- पीड़ितों को न्याय दिलाने का संकल्प



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों में मारे गए लोगों के आश्रितों को दिल्ली सरकार में सरकारी नौकरी दी जा रही है। उन्हें मल्टी टास्किंग स्टाफ के तौर पर नियुक्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने 125 लोगों को नियुक्ति पत्र दिए। उन्होंने कहा, 1984 के सिख विरोधी दंगों में अपनों को खोने वालों के दर्द की भरपाई नहीं की जा सकती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनते ही पीड़ितों को न्याय दिलाने और आरोपियों को सजा दिलाने का काम शुरू हुआ। प्रधानमंत्री के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली सरकार इन पीड़ित परिवारों को सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने के लिए नियुक्ति पत्र वितरित कर रही है। हम अतीत को तो नहीं बदल सकते, लेकिन उनके वर्तमान को जरूर सुधार सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कश्मीरी विस्थापित परिवारों को भी पिछली सरकारों ने लंबे समय तक नजरअंदाज किया। हमारी सरकार ने उन्हें हरसंभव मदद देने का संकल्प लिया है। कोरोना महामारी में जान गंवाने वालों के आश्रितों को आर्थिक मदद देने के लिए विशेष कमेटी का गठन किया गया है। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, पिछली सरकारों से बार-बार अपील की गई, लेकिन पीड़ितों की समस्या नहीं सुनी गई। जो काम पिछली सरकार 10 साल में नहीं कर पाई, उसे हमारी सरकार ने 100 दिन में पूरा कर दिया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की सावरकर का नाम 1950 के कानून में जोड़ने की याचिका



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उस याचिका खारिज कर दिया, जिसमें केंद्र सरकार को विनायक दामोदर सावरकर का नाम प्रतीक और नाम (अनुचित उपयोग की रोकथाम) अधिनियम, 1950 की अनुसूची में शामिल करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। यह कानून पेशेवर और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए कुछ खास प्रतीकों और नामों के अनुचित उपयोग को रोकने के लिए बनाया गया है।


चीफ जस्टिस (सीजेआई) बी. आर. गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता के किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं हुआ है। खुद पेश हुए याचिकाकर्ता ने कहा कि वह पिछले 30 वर्षों से सावरकर पर शोध कर रहे हैं और उनकी ऐतिहासिक भूमिका को कानूनी रूप से स्थापित करने का अवसर चाहते हैं। उन्होंने शीर्ष कोर्ट से आग्रह किया था कि केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय को निर्देश दिए जाएं कि सावरकर का नाम अधिनियम की अनुसूची में जोड़ा जाए। इस पर सीजेआई ने पूछा, आपके किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ है? याचिकाकर्ता ने अनुच्छेद 51 का हवाला दिया और कहा कि राहुल गांधी जैसे नेता उनके कर्तव्यों को बाधित नहीं कर सकते। अनुच्छेद 51 नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों से जुड़ा है। सीजेआई ने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 32 के तहत वही याचिकाएं स्वीकार होती हैं, जिनमें मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ हो। बेंच ने कहा, अगर आप चाहते हैं कि कुछ पाठ्यक्रम में शामिल हो, तो केंद्र सरकार को आवेदन दें। याचिकाकर्ता ने बताया कि उन्होंने पहले ही सरकार को प्रार्थना पत्र भेजा है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर का नाम 1950 के कानून में जोड़ने की याचिका खारिज की। इससे पहले 25 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में सावरकर पर दिए गए गैर-जिम्मेदाराना बयान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई थी।

**आक्रोश** 29 मई से प्रबंधन के साथ पूर्ण असहयोग आंदोलन चलाया जाएगा

# यूपी में बिजलीकर्मियों की हड़ताल स्थगित

- वीडियो कांफ्रेंसिंग में अभियन्ताओं ने हिस्सा नहीं लिया





**लखनऊ।** पावर कार्पोरेशन की ओर से हर स्तर पर कड़ाई करने, कार्य बहिष्कार को हड़ताल की श्रेणी में मानते हुए निरंतर कार्रवाई करने, वैकल्पिक व्यवस्था का रास्ता अपनाने के बाद निजीकरण के विरोध में आंदोलन चला रहे बिजली अभियंताओं एवं अन्य कार्मिकों ने भी रास्ता बदल दिया है।

अब 29 को होने वाला अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार स्थगित कर दिया गया है। इस दिन निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन होगा। पावर कार्पोरेशन प्रबंधन के साथ असहयोग आंदोलन चलता रहेगा। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स की मंगलवार को बैठक हुई। इसमें तय किया गया कि निजीकरण के विरोध में 29 मई से होने वाला अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार स्थगित रखा जाएगा। इस दिन देशभर में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 29 मई से प्रबंधन के साथ पूर्ण असहयोग आंदोलन चलाया जाएगा। कार्पोरेशन के अध्यक्ष की वीडियो कांफ्रेसिंग का बहिष्कार होगा, लेकिन उपभोक्ताओं को कोई कठिनाई नहीं होने दी जाएगा। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज एण्ड इंजीनियर्स ने यह भी कहा है कि यदि प्रदेश सरकार निजीकरण के लिए एक भी कदम आगे बढ़ाती है। निजीकरण के लिए टेंडर नोटिस प्रकाशित करती है तो उत्तर प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों के 27 लाख बिजली कर्मचारी विरोध में सड़क पर उतरेंगे। विद्युत कर्मचरी संयुक्त संघर्ष समिति का दावा है कि मंगलवार शाम पांच बजे हुई वीडियो कांफ्रेसिंग में अभियन्ताओं ने हिस्सा नहीं लिया। ऐसे में उन्होंने कर्मचारियों और अभियन्ताओं का वेतन और समयबद्ध वेतनमान कम करने की धमकी दी है। उनके इस बयान से ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशान्ति का वातावरण बन गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति केपदाधिकारियों ने मंगलवार को प्रदेश के सभी जिलों एवं परियोजना मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। एलान किया कि अब बिजली कार्मिकों के साथ ही किसान व अन्य उपभोक्ता भी उनके साथ जुड़ रहे हैं। संघर्ष समिति की मंगलवार को लखनऊ में हुई बैठक में तय किय गया कि बिजली कर्मियों के 181 दिन से आंदोलन चल रहा है। अभी तक प्रबंधन पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल के निजीकरण का टेंडर नहीं कर पाया है।

**आंदोलन करने वालों की पहचान करें**

पावर कार्पोरेशन अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल ने निर्देश दिया कि आंदोलन के जरिए बिजली आपूर्ति प्रभावित करने वाले अभियंताओं और कार्मिकों की पहचान की जाए। उनकी सूची तैयार करें। ऐसे लोगों को कार्पोरेशन की ओर से भेजी गई एडवाइजरी भी भेज दें। अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि बायोमीट्रिक हाजिरी हर स्थान पर सुनिश्चित की जाए। वह मंगलवार को शक्ति भवन में वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए समीक्षा कर रहे थे। जितनी बिजली आपूर्ति हो, उसी हिसाब से राजस्व संग्रह होना चाहिए। इसमें किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी बिंदुओं की समीक्षा की सभी प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने किसान सहकारी चीनी मिल्स लि सम्पूर्णानगर के सभागार में दो चरणों में क्रमशः सरजू सहकारी चीनी मिल्स लि.बेलरायां और किसान सहकारी चीनी मिल्स समिति लि. सम्पूर्णानगर की प्रबन्ध कमेटी की बैठक ली। इस बोर्ड की बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पर विचार कर मोहर लगाई गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए चीनी मिल के सभापति एवं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सर्वप्रथम दोनों चीनी मिल प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष और समस्त संचालक मण्डल के सदस्यो से उनके सुझाव और फीडबैक प्राप्त किए। इस दौरान पूर्व बैठक के प्रस्तावों की पुष्टि की गई बैठक के एजेंडे के अनुसार सरजू सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, बेलरायां के प्रधान प्रबंधक महेन्द्र प्रताप ने विभिन्न प्रस्तावों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। इनमें प्रमुख रूप से पूर्व बैठक के प्रस्तावों की पुष्टि, वर्ष 2025-26 के लिए बजट प्रस्ताव, कृषकों के लिए किसान भवन एवं कैंटीन के माध्यम से सस्ती भोजन व्यवस्था की सुव्यवस्था और बजट, आगामी पेराई सत्र हेतु गन्ना उपलब्धता व गन्ना सर्वे की प्रगति, मिल की अद्यतन आय-व्यय बैलेंसशीट की समीक्षा तथा ऑफ-सीजन कार्यों की प्रगति जैसे बिंदु शामिल रहे।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रस्तुत सभी बिंदुओं की समिति सदस्यों के साथ गहन समीक्षा की और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की बैठक में प्रधान प्रबंधक महेंद्र प्रताप, एसडीएम राजीव कुमार निगम, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष सुच्चा सिंह, संचालक सदस्य प्रगट सिंह, प्रेसेनजीत गर्गवंशी, संतोष कुमार, दयाशंकर, सर्वेश कुमार, ललिता देवी, सरोजनी देवी,मनोज कुमार, रेशम सिंह, साधना पाण्डेय, अशोक चौधरी, चीफ इंजीनियर राजेंद्र कुमार, चीफ केमिस्ट राजेश त्रिपाठी, मुख्य लेखाकार भुवनेश कुमार, मुख्य गन्ना अधिकारी त्रिलोकी सिंह मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया सम्पूर्णानगर चीनी मिल का निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. सम्पूर्णानगर का निरीक्षण किया। उनके साथ उपाध्यक्ष इंद्रदीप सिंह, प्रधान प्रबंधक दीप्ति देव यादव, एसडीएम रत्नाकर मिश्रा एवं डीसीओ वेद प्रकाश सिंह मौजूद रहे निरीक्षण की शुरुआत मिल परिसर में मरम्मत एवं रखरखाव कार्य की समीक्षा से हुई। डीएम ने मिल हाउस, व्यालर हाउस, पावर हाउस आदि महत्वपूर्ण इकाइयों का गहन निरीक्षण किया और कर्मचारियों से संवाद करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेराई सत्र समय पर शुरू होना चाहिए, इसलिए मरम्मत कार्य हर हाल में समय से पहले पूर्ण कर लिया जाए। डीएम ने जर्जर हो चुके कल-पुर्जों को बदलने, स्क्रैप का नियमानुसार निस्तारण करने तथा भंडारण व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोदाम नंबर 5 का भी दौरा किया, जहां नई चीनी का भंडारण मिला। भंडारित स्टॉक के प्रपत्र भी देखे।उन्होंने कहा कि नए पेराई सत्र की सुचारू शुरुआत के लिए समुचित रखरखाव अति आवश्यक है, जिससे गन्ना पेराई में कोई बाधा न आए।

# बिना दुल्हन के ही लौट गई बरात दोनों पक्षों के बीच हुआ विवाद

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी ।सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में शादी के बाद दुल्हन ने ससुराल जाने से मना कर दिया। इस पर दोनों पक्षों के बीच विवाद होने लगा। दोनों पक्षों के लोग कोतवाली पहुंच गए। समझौते के बाद रिश्ता तोड़ने पर सहमति बन गई और बरात बिना दुल्हन के ही लौट गई शहर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने अपनी पुत्री की शादी चंडीगढ़ निवासी युवक के साथ तीन माह पूर्व तय की थी। तिलक के साथ शादी और विदाई की तिथि निकाली गईं। दूल्हा अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ करीब एक सप्ताह पहले ही लखीमपुर आ गया था। 23 मई को शहर के एक मैरिज हॉल में दूल्हा बरात लेकर पहुंचा तो दोनों पक्षों के रिश्तेदार खुशियां मनाने लगे। बरातियों का स्वागत सत्कार किया गया। बताया जाता है कि फेरे होने के बाद अचानक दुल्हन ने दूल्हे पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए ससुराल जाने से इनकार कर दिया। लड़की पक्ष का आरोप था कि दूल्हे पक्ष के लोगों ने नशे में गाली-गलौज की। दुल्हन को भी बुरा-भला कहा। इस पर दुल्हन ने रिश्ता तोड़ने की बात तक कह डाली इधर, लड़के पक्ष के लोगों ने नाराज दुल्हन पक्ष के लोगों को समझाने का भी प्रयास किया, लेकिन दुल्हन किसी भी हाल में ससुराल जाने के लिए तैयार नहीं हुई। विवाद बढ़ने पर लड़की पक्ष ने कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी पुलिस दोनों पक्ष के लोगों को कोतवाली लेकर आई, जहां घंटों चली पंचायत के बाद सामान वापस करने की बात पर समझौता हुआ। इसके बाद दूल्हा बरात लेकर वापस चला गया।

# वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा दिनाकं 27.05.2025 को 01 नफर वारण्टी अभियुक्त ब्रजेश कुमार पुत्र बाबूराम मौर्य निवासी ग्राम खुर्रमनगर थाना मैगलगंज (सम्बन्धित अ0सं0 448/2023 धारा 294 आईपीसी थाना मैगलगंज न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मदी खीरी) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

# 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त जसविन्दर सिंह पुत्र गुरुमीत सिंह निवासी सेमरा फार्म थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी सम्बन्धित मु0सं0 1520/21 अ0सं0 धारा 7/16 क्क्न.्रष्ट्ठ न्यायालय श्रीमान अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा जा रहा है।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए पंडित जवाहर लाल नेहरू



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** कांग्रेस कार्यकर्ता ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री, भारत रत्न पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई। कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष एम अकरम खां एडवोकेट ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन काल पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश की स्वतंत्रता से लेकर सामाजिक न्याय, आधुनिकता, शिक्षा, संविधान और लोकतंत्र की स्थापना में उनका योगदान अमूल्य है। युवा कांग्रेस कमेटी के विधानसभा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भारत को शून्य से शिखर तक पहुंचाया, आधुनिक भारत का निर्माण किया, भारत देश को वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक व विभिन्न क्षेत्रों में विकासशील बनाया। देश को निरंतर 'विविधता में एकता' का संदेश दिया। वह हमेशा सामाजिक उत्थान व लोकतांत्रिक सिद्धांतों के पक्षधर रहे हैं। इस अतुलनीय योगदान के लिए राष्ट्र सदैव कृतज्ञता के साथ उनका स्मरण करता रहेगा। नगर पंचायत सहानपुर के युवा नगर अध्यक्ष मौहम्मद फैज एडवोकेट के संचालन में आयोजित बैठक में एम अकरम खां, मास्टर मकसूद, राकेश शर्मा, युवा विधानसभा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, विश्व मोहन, गोविंद सिंह कुशवाह, मौहम्मद फैज एडवोकेट, पवन कुमार, रिहान जमाल अंसारी, शारिब अंसारी एडवोकेट, फराज हुसैन एडवोकेट, मोहम्मद दानिश, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे!

# लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा संकल्पः महापौर

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 15 में दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इन सड़कों के निर्माण पर करीब 80 लाख रुपये लागत आयेगी। महापौर डॉ. अजय कुमार ने वार्ड 15 में दो महत्वपूर्ण सड़कों पिछत्तर सिंह जी के निवास से सोफिया स्कूल तक तथा हनुमान मंदिर से एल.पी.एस. स्कूल तक की सड़कों का वेद मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना सड़क पर गेंती चलाकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहर के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज जिन दो सड़कों का निर्माण कार्य शुरु किया गया है, उनके निर्माण पर 80 लाख रुपये की लागत आयेगी। इन सड़कों के निर्माण से जहां वार्ड 15 के समग्र विकास को नई दिशा और गति मिलेगी वहीं क्षेत्रवासियों, स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों और श्रद्धालुओं को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद राजू सिंह, पार्षद सुनील पंवार, भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष संदीप धीमान, गौरव दुबे, मनजीत व विकास शर्मा आदि शामिल रहे।

# आमिर निगार को दिल्ली में मिला सर्वश्रेष्ठ नेल्स आर्ट अवार्ड

## छोटी उम्र में कमा रहे बड़ा नाम





अवधनामा संवाददाता

**बिजनौर।** बहुत छोटी उम्र में बड़ा नाम कमाने वाले आमिर निगार आए दिन किसी ना किसी इवेंट में अपनी काबिलियत के लिए सम्मान हासिल करते हैं! इस बार उन्होंने दिल्ली के होटल रेडिसन ब्लू मैपल गोल्ड में आयोजित शिज़ बी लिमिटेड प्राइवेट कंपनी के सम्मान समारोह में में प्रसिद्ध कोरियोग्राफर आमिर निगार को टीवी कलाकार नीलू वाघेला द्वारा सर्वश्रेष्ठ नेल्स आर्ट अवार्ड देकर सम्मानित किया। पीरागढ़ी मेट्रो स्टेशन के पास पश्चिम विहार स्थित होटल रेडिसन ब्लू मेपल गोल्ड दिल्ली में कविता डगर की अध्यक्षता तथा कार्यक्रम की डायरेक्टर गीता डागर के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में टीवी अभिनेत्री नीलू वाघेला द्वारा धामपुर निवासी कोरियोग्राफर आमिर निगार को नेल्स आर्ट श्रेष्ठ अवार्ड से सम्मनित किया गया। शीज़ बी लिमिटेड प्राइवेट कंपनी की डायरेक्टर गीता डागर ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट शीना सिद्दीकी, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट सीमा गुप्ता, तौसीर, आशु मेकअप आर्टिस्ट सुंदरयम ब्यूट सेंटर, डॉ सबा उस्मानी, पूनम चौहान, नितेश सैनी, रोहित, राहुल, अनिल अरोड़ा, राजेश आनंद, गौरव जैन, जुनैद खान, हरजिंदर कौर, नदीम पत्रकार, निशा सिसौदिया, मॉडल खुशी शेख, राज डगर आदि शामिल रहें।

# भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर गोष्ठियों का हुआ आयोजन



**लखीमपुर-खीरी । (अवधनामा संवाददाता)** अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अजय राय के दिशा निर्देश पर प्रदेश व्यापी कार्यक्रम की कड़ी में लखीमपुर में दर्जनों जगहों पर संगठन सृजन अभियान के साथ-साथ भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमाओं एवं चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए गोष्ठियों का आयोजन हुआ जिसमें सभी ने पंडित नेहरू के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया इसी कड़ी में कैंप कार्यालय भारत भूषण कॉलोनी गोला गोकर्णनाथ में दर्जनों कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित के तत्पश्चात छोटी काशी गोला शंकर जी के मंदिर के निकट तीर्थ सरोवर पर स्थापित पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और जयकारा लगाए गए तत्पश्चात डिग्री कॉलेज गोला में पहुंचकर के पंडित जवाहरलाल नेहरू की दोनों प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के साथ पंडित जवाहरलाल नेहरू अमर रहे --भारत माता के जय कारे हुए कार्यक्रमों में अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल सहित जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता ,प्रेम कुमार वर्मा ,इकबाल अहमद खान , के के मिश्रा, नबी उल्लाह, मतीन शाह, प्रदीप सिंह रघुनायक, मनीष वर्मा, पंकज पटेल ,विक्रम पटेल, शेर सिंह वर्मा, अजय श्रीवास्तव , सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# भारत सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का उठाए लाभ : जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक

**बिजनौर। (अवधनामा संवाददाता)** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अखिल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मानित बैंक ग्राहकों को रूपये 02 लाख का बीमा कवर प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाएं संचाालित हैं। विदित है कि इन योजनाओं का प्रत्येक वर्ष मई के महीने में नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है ।

उन्होंने सभी सम्मानित ग्राहकों से अनुरोध किया है कि इन योजनाओं की निरन्तरता बनाये रखने के लिये इस मई के महीने में आगामी 31 मई,2025 तक अपने खाते में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के नवीनीकरण के लिए रुपए 436/- एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के नवीनीकरण के लिए रुपए 20/- और दोनों योजनाओं में नामांकित व्यक्तियों को रूपए 456, अर्थात लगभग 500/का न्यूनतम बैलेन्स अवश्य बनाये रखें ।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 02 लाख का बीमा कवर, रूपए 436/प्रतिवर्ष, शामिल होने की आयु सीमा 18 से 50 वर्ष तक एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 02 लाख का दुघर्टना बीमा कवर, रूपए 20/प्रतिवर्ष, शामिल होने की आयु 18 से 70 वर्ष तक।अग्रणी जिला बैंक प्रबन्धक ने ऐसे पात्र बैंक खाताधारक, जिन्होंने अभी तक उपरोक्त दोनों योजनाओं में बीमा नही कराया है, से इन कल्याणकारी योजनाओं में नामांकन कराने एवं 02 लाख का सुरक्षा कवच प्राप्त करने का आहवान किया है।

# ईदगाह और मस्जिद मदरसे के परिसर में ही अदा की जाए नमाजः डीएम

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि नमाज ईदगाह और मस्जिद मदरसे के परिसर में ही अदा की जाए, सार्वजनिक स्थानों पर न हो। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हम सभी को हर-हालत में कानून का पालन करना है। कोई नई परम्परा शुरू न करें। उन्होंने कहा कि कुर्बानी सायं 03 बजे तक कर ली जाए, जिससे वेस्टेज का डम्प उसी दिन हो सकें। जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आगामी ईद-उल-अजहा के पर्व के दृष्टिगत शांति समिति एवं कानून व्यवस्था की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि कुर्बानी 03 बजे के बाद की जाती है तो उसके वेस्टेज को सुरक्षित कर लिया जाए और अगले दिन उसका निस्तारण कराया जाए। इसके लिए उन्होंने निर्देश दिए कि वेस्टेज के लोडिंग हेतु सिस्टम निर्धारित करते हुए उसी दिन वेस्टेज का डम्प किया जाए। पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि



निरन्तर वीडियोग्राफी कराते रहे। वेस्टेज को पूर्णतः ढककर ही ले जाया जाए, और ध्यान रखें कि वेस्टेज सडक पर न गिरे। सुनिश्चित किया जाए कि डम्पिंग एरिया पूर्ण रूप से कवर हो। डम्पिंग के लिए जेसीबी स्थल पर खडी रहे। नगर निगम को स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि पशु मण्डी स्थल चिन्हित कर लिया जाए। पशु मण्डी में ओवर रेटिंग न हो और जो निर्धारित रेट हो उसे फ्लेक्सी पर प्रदर्शित किया जाए।मनीष बंसल ने कहा कि व्यवस्था बनाना प्रशासन का काम है लेकिन उसमें सहयोग करना और साफ-सफाई बनाए रखना आपकी भी जिम्मेदारी है। जनपद के साथ स्थानीय तहसील प्रशासन को पूरी सावधानी एवं सतर्कता बरतनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिबन्धित जानवरों की कुर्बानी न दी जाए। उन्होंने नगर निगम समेत समस्त ईओ एवं एसडीएम को निर्देशित किया कि साफ-सफाई एवं पानी की समुचित व्यवस्था रखी जाए। विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि इस मौक पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी। उन्होंने सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक और थाना अध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहते हुए शांति व्यवस्था को बनाए रखे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, एसपी सिटी व्योम बिंदल, एसपी यातायात सिद्धार्थ वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, सरफराज खान, जयनाथ शर्मा, महेन्द्र कुमार तनेजा, मौलवी फरीद, राजेश जैन, ब्रित चावला और अमीर खान सहित समस्त एसडीएम, ईओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्युत आपूर्ति में बाधा पहुंचाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाईः जिलाधिकारी



अवधनामा संवाददाता

बिजली आवश्यक सेवा, इसमें किसी भी प्रकार की बाधा को नहीं किया जाएगा स्वीकारः मनीष बंसल

सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और विद्युत आपूर्ति में बाधा पहुंचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि बिजली आवश्यक सेवाओं में है और इसमें किसी भी प्रकार की बाधा को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट सभागार में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने एवं आगामी 29 मई को प्रस्तावित कार्य बहिष्कार के सम्बन्ध में विद्युत एवं पुलिस अधिकारियों सहित संयुक्त संघर्ष समिति के सभी घटक सगंठनो के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत विभाग के कार्यो में सहयोग करें एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए निरंतर निगरानी रखें।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रदेश में राजस्व वसूली, निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं लाइन हानियों के दृष्टिगत पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों में वृहद् सुधार हेतु शासन द्वारा सैद्धान्तिक अनुमोदन प्रदान किया गया है तथा इस प्रक्रिया में कॉरपोरेशन के किसी भी अधिकारी व कर्मचारी को अनुमन्य सेवा लाभ, पदोन्नति, वेतन, इत्यादि की किसी भी सुविधा को कम नहीं किया जायेगा तथा सम्पूर्ण जॉब एवं सेवा शर्तों का प्रोटेक्शन दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम-1966 के तहत एस्मा लागू हैं। किसी भी दशा में विद्युत आपूर्ति प्रभावित न हो, अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# पंजाबी महासंगठन ने 60 दिवसीय जल शिविर लगाया



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** पंजाबी महासंगठन के तत्वावधान में आयोजित 18वें निःशुल्क जल शिविर में समिति के पदाधिकारियों ने राहगीरों को ठंडा जल पिलाकर इस भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने का काम किया। रेलवे स्टेशन के बाहर महाराजा अग्रसैन की प्रतिमा के समीप लगाये गये 60 दिवसीय जल शिविर का उद्घाटन महापौर डाक्टर अजय सिंह, कमल मल्होत्रा, राजकुमार नरूला, संगठन के अध्यक्ष योगेश दुआ ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर महापौर अजय कुमार सिंह ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इस भीषण गर्मी में जल सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं है। संगठन अध्यक्ष योगेश दुआ ने भविष्य में भी ऐसे जन सेवा शिविर लगाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर महामंत्री मदन लाम्बा, कोषाध्यक्ष मुकेश मनचंदा, संयोजक राकेश नरुला, उपसभापति नगर निगम मुकेश गक्कड़, राकेश ढींगड़ा, रोमी आहूजा, पार्षद दीपक रहेजा, हरप्रीत भाटिया, केवल शर्मा, गगन चांदना, मुरली खन्ना, राजेंद्र गुंबर, राजू सरदार, अश्वनी मेहता, रविंद्र कालरा, साराँश गुम्बर, खैराती लाल चौहान, सुनील मदान, रोमी आहूजा, संजय मेहता, मुकेश कपूर, अभिषेक सिंह, राजेन्द्र गुम्बर, सुरेंद्र नागपाल, जतिन दुआ सहित काफी संख्या में शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हिन्दू संगठनों ने किया जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का घेराव

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जनता इंटर कॉलेज अहमदपुर ब्राह्मण के प्रधानाचार्य कुलविंदर पाल द्वारा छात्र नेता वैभव पंडित के साथ की गई अभद्रता के विरोध में हिंदू युवा वाहिनी एवं छात्र संघ के नेता राहुल शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला विद्यालय निरीक्षक का घेराव कर प्रदर्शन किया और प्रधानाचार्य के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

हिंदू युवा वाहिनी एवं छात्र संघ के नेता राहुल शर्मा के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता एकत्र होकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानाचार्य कुलविंदर के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए शिक्षक नेता डॉक्टर अशोक मलिक ने कहा कि विद्यालय के



प्रधानाचार्य व उसके साथी शिक्षकों द्वारा की गई अभद्रता के सबूत मिटाने के लिए सीसी कैमरो के फुटेज डिलीट कर दिए गए है। उन्होंने मांग की कि प्रधानाचार्य के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए, वरना इसके खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश सचिव संजय वर्मा, छात्र नेता राहुल शर्मा व वैभव पंडित ने कहा कि कुछ अधिकारी सरकार को बदनाम करने पर लगे हुए हैं और उच्च अधिकारी मात्र अपने नीचे के अधिकारियों को बचाने में लगे हुए हैं यदि अधिकारियों ने अपना रवैया नहीं बदला तो इसके परिणाम गंभीर होंगे।

इस अवसर पर अर्जुन पंडित, सागर शर्मा, अनुभव शर्मा, आकाश शर्मा, अंकुश बाटला, सुरेंद्र कोरी, मनीष मंगलम, श्रीमती उमा बाटला, केवल कृष्ण, टिंकू गुर्जर, रोहित त्यागी, मनीष राणा, हिमांशु शर्मा, अंगद शर्मा, शिवा कटारिया, रोहित कुमार, टिंकू सोनकर, सुशील राणा, मुकेश दीक्षित, राजेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष संदीप कुमार राजपूत के नेतृत्व में नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड राजेपुर क्षेत्र के ग्राम गनुआपुर में कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन अभियान का नेतृत्व ब्लाक अध्यक्ष संदीप कुमार राजपूत ने चलाया जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री, भारतरत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पुण्यतिथि मनाई तथा अमृतपुर विधानसभा तथा पंचायत चुनावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई और संगठन सृजन कार्यक्रम को तेज गति देने का प्रयास किया जायेगा। जिसमें ब्लाक अध्यक्ष संदीप कुमार राजपूत,जगनंदन राजपूत, मनोज कुमार, राम तीर्थ सिंह, शिशुपाल सिंह राजू, युथ कॉंग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष घनश्याम तिवारी सहित सभी कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकासखंड राजेपुर एवं नवाबगंज की प्रगति की समीक्षा की गई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में आकांक्षात्मक विकास खंड राजेपुर व नवाबगंज के लिये निर्धारित इंडिकेटर्स की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन इंडिकेटर्स में स्टेट एवरेज से पीछे है उनसे संबंधित अधिकारियों से पीछे होने के कारण स्पष्ट करने को कहा गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी व संबंधित मौजूद रहे।

# संवेदनशीलता और शीघ्रता से करें जन समस्याओं का निस्तारण : सीएम योगी

अवधनामा संवाददाता



**जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 250 लोगों की समस्याएं**

**गोरखपुर।** सोमवार शाम गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद मंगलवार सुबह जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। ध्यान से उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण संवेदनशीलता और तत्परता से किया जाए। इसमें तनिक भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है। सीएम ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंचीं थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन बच्चों को प्यार-दुलार करते हुए चॉकलेट और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस दौरान अपनी मां के साथ आई बच्ची समस्या समाधान के लिए सीएम से मिले आत्मीय भरोसे पर कृतज्ञता व्यक्त करने को खड़ी हुई तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उसके माथे पर हाथ फेरकर आशीर्वाद देकर यह भाव प्रकट किया कि उनके शासन में किसी को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

## सीएचओ ने सीखा 'मॉनीटरिंग' और 'सपोर्ट' का मंत्र, मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने में बनेंगे मददगार



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** जिले के साढ़े तीन सौ से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) ने प्रसव पूर्व देखभाल (एएनसी) के बारे में 'मॉनीटरिंग' और 'सपोर्ट' का मंत्र सीखा। मंगलवार को दोपहर बाद चली इस वर्चुअल पाठशाला में एम्स गोरखपुर से विषय विशेषज्ञ डॉ शिखा सेठ ने उन्हें बताया कि इन दोनों मंत्रों के जरिये मातृ शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा भी अपने कार्यालय से पाठशाला का हिस्सा बने और उनकी मौजूदगी में सीएचओ ने दो अलग अलग केस के जरिये विषय विशेषज्ञ से संवाद किया। इस दौरान इको इंडिया की प्रतिनिधि डॉ सत्या व दीक्षा ने तकनीकी सहयोग दिया। एम्स गोरखपुर की स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ शिखा सेठ ने सीएचओ को बताया कि गर्भावस्था के नौ महीने की सतत निगरानी और गर्भवती को चिकित्सा इकाई एवं घर में सही देखभाल मिलने से सुरक्षित प्रसव की राह आसान हो जाती है। जहां सामान्य गर्भवती की गर्भावस्था में कम से कम चार बार प्रसव पूर्व जांच होनी चाहिए, वहीं उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) महिला की चिकित्सक के परामर्श के अनुसार उनकी देखरेख में आठ से बारह बार प्रसव पूर्व जांच व निगरानी होनी चाहिए। गर्भावस्था के प्रथम तिमाही में एचआरपी की पहचान हो जानी चाहिए और उसे सही चिकित्सा इकाई पर संदर्भित कर दिया जाना चाहिए।

# प्रतीक सरकारी और विशाल सिंह सम्मानित



भर्ती पूर्ण करने पर पोस्ट वार्डेन प्रतीक सरकारी को सम्मानित किया गया

अवधनामा संवाददाता

**नागरिक सुरक्षा के आदर्शों का निष्ठा, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ पालन करने पर प्रशंसा प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया**

**गोरखपुर।** कार्यालय सहायक उपनियंत्रक कोतवाली नागरिक सुरक्षा, गोरखपुर द्वारा आयोजित समारोह में विकास जालान डिवीजनल वार्डेन प्रखण्ड-कोतवाली, गोरखपुर और वेद प्रकाश यादव वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक एवं अनुदेशक नागरिक सुरक्षा, गोरखपुर की अध्यक्षता में प्रतीक सरकारी, पोस्ट वार्डेन 10 व विशाल सिंह, पोस्ट वार्डेन-03 को सम्मानित किया गया। इन्होने आपने नागरिक सुरक्षा के आदर्शों का निष्ठा, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ पालन करते हुए अपनी पोस्ट की पूर्ण भर्ती सुनिश्चित की- यह न केवल संगठन के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि दूसरों के लिए भी अनुकरणीय उदाहरण है। आपका सतत् सहयोग प्रशिक्षण कार्यक्रमों में, विभिन्न पर्व-त्योहारों पर ड्यूटी, तथा ब्लैकआउट मॉकड्रिल के पूर्वाभ्यास हेतु आयोजित डिवीजन के कार्यक्रमों में संपूर्ण पोस्ट के साथ सक्रिय एवं प्रमुख सहभागिता अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणास्पद रही है। आपकी कर्मठता, निःस्वार्थ सेवा भावना और संगठन के प्रति निष्ठा, नागरिक सुरक्षा के उद्देश्यों को मजबूती प्रदान करती है। आप निरंतर इसी उत्साह, ऊर्जा और समर्पण के साथ नागरिक सुरक्षा के इस गौरवमयी पथ पर अग्रसर रहेंगे।

## रूप किशोर चतुर्वेदी इंटर कॉलेज सिकंदरपुर खास में समर कैंप का सफल आयोजन किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिकंदरपुर खास में स्थित रूप किशोर चतुर्वेदी इंटर कॉलेज में समर कैंप का आयोजन विधिवत शासन के निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है समर कैंप का उद्घाटन ग्राम प्रधानपति सतपाल सिंह राजपूत के द्वारा किया गया था जिसमें छात्र-छात्राएं बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं और प्रतिदिन योग के नए-नए अभ्यास सीख रहे हैं कैंप का आयोजन प्रधानाचार्य डॉक्टर ओमपाल सिंह रघुवंशी के निर्देशन में हो रहा है जिसमें प्रभारी शिक्षक के रूप में श्री अरविंद कुमार सहायक अध्यापक अपनी प्रतिभा और पूर्ण लगन और निष्ठा के साथ समर कैंप को संचालित कर रहे हैं अरविंद कुमार कला अध्यापक है जिनके विषय का रिजल्ट सदैव 100 प्रतिशत रहता है। कैंप में लगभग 50 बच्चे प प्रतिभाग कर रहे हैं उन्हें प्रतिदिन पोषक तत्वों से भरपूर सुबह जलपान कराया जाता हैद्य विद्यालय के प्रबंधक श्री देवेंद्र नाथ चतुर्वेदी एवं प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्य गण श्री राजेश कुमार पांडे तथा श्री मोहित कुमार शुक्ला अपना पूरा सहयोग प्रदान कर रहे हैं और आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करा रहे हैं। विद्यालय के लिपिक श्री पुरुषोत्तम सिंह शाक्य कर्मचारी श्री रत्नाकर श्री उपेंद्र कुमार वह बंटी अपना पूरा सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## शासन की मंशा अनुसार कार्यों को अंजाम दिया जायेगा : नगर आयुक्त अलीगढ़



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा को लगभग जनपद में 15 दिन हो चुके हैं। आज नगर आयुक्त से शहर की कुछ बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें कि शहर में उठने वाले कूड़ा कचरा जो कि 12 बजे तक उठता है यह बताया गया तो नगर आयुक्त का कहना था कि जल्द ही इस व्यवस्था को बदला जाएगा। वही शहर में प्लास्टिक की थैली, प्लास्टिक के गिलास आदि कचरे से नालियां चोक हो जाती हैं जिस पर नगर आयुक्त ने कहा कि शासन की मंशा है कि प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए हम इसको गंभीरता से लेते हुए पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रयास करेंगे। शहर में स्मार्ट सिटी के नाम पर सड़को को खोदा जा रहा है इस पर नगर आयुक्त ने कहा है कि स्मार्ट सिटी को निर्देशित किया जायेगा कि जहा खुदाई हो वहा तुरंत सड़क बनाई जाए। अंत में नगर आयुक्त ने कहा कि यदि आम नागरिक को कोई समस्या हो तो उनके लिए मेरे दरवाजे खुले हुए हैं अपनी शिकायत लेके मुझसे संपर्क करें उसका निस्तारण किया जायेगा।

## डीएम ने जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारागार परिसर की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों और बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रसोईघर का निरीक्षण कर बंदियों के लिए बनाए गए भोजन की गुणवत्ता की जांच की और साथ ही निर्देशित किया कि बंदियों को समय पर और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने बंदियों से भी संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को सुना।

## रोहित मौर्या ने एसडीएम सदर का पदभार संभाला



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत रहने वाले मिलनसार हंसमुख 2020 बैच के पीसीएस अधिकारी रोहित कुमार मौर्या एसडीएम सदर का पदभार संभाला। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने श्री मौर्या पर भरोसा करते हुए सदर तहसील का एसडीएम नियुक्त किया । मंगलवार सुबह 10 बजे अपने कार्यालय पहुंचकर कार्यभार संभालते ही कार्यालय में विचाराधीन,अधूरी व बाकी फाइलों पर हस्ताक्षर कर निस्तारण करने का कार्य किया। श्री मौर्या ने जिले में अक्टूबर 2022 में उप जिला अधिकारी का पदभार ग्रहण किया।

## ऑनलाइन आवेदन का लेखपालों को दिया गया प्रशिक्षण

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** दैवीय आपदा के दौरान तत्काल मदद करने के लिए ऑनलाइन भुगतान के लिए लेखपालों को नवागत एसडीएम सदर रोहित कुमार मौर्या की देखरेख में आपदा अधिकारी गौतम गुप्ता ने सदर तहसील सभागार में सदर तहसील के समस्त लेखपालों कानूनगो को दैवीय आपदा से निपटने के लिए विस्तार से प्रशिक्षण दिया। गौतम गुप्ता ने बताया कि यह प्रशिक्षण जनता तक त्वरित राहत पहुंचाने में लेखपालों की भूमिका के महत्व को दर्शाता है इस प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन की तकनीकी जानकारी जो लेखपालों को विभिन्न आपदाओं से निपटने में मदद करेगी श्री गुप्ता ने बताया कि आप लेखपाल, जनता तक त्वरित राहत पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेखपालों को दैवीय आपदा से तत्काल राहत देने की जिम्मेदारी प्रशासन की होती है जिसमें अहम भूमिका लेखपाल का होता है लेखपाल मौके पर पहुंच कर हुए हानियों का आकलन कर ऑनलाइन समिट फार्म भरने का कार्य करता है अगर लेखपाल द्वारा समय से ऑनलाइन फॉर्म को समिट नहीं किया जाता है तो दैवीय आपदा से हुए जान माल का आकलन ना होने से पीड़ित को सरकार द्वारा राहत समय से नहीं दिया जाने से पीड़ित को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## मैजापुर चीनी मिल क्षेत्र में गन्ने में ड्रोन से स्प्रे कार्य



**गोण्डा अवधनामा संवाददाता।** मैजापुर चीनी मिल क्षेत्र में डॉश आर बी राम, उप गन्ना आयुक्त देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा, सुनील सिंह, जिला गन्ना अधिकारी गोण्डा एवं पी0के0 प्रभात उप महाप्रबन्धक (गन्ना) द्वारा ग्राम कौड़हा जगदीशपुर का औचक गन्ना सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम कमालपुर में कृषक राजू सिंह पुत्र श्याम रंग सिंह के गन्ना खेत में ट्रैक्टर चालित स्प्रेयर से स्प्रे कार्य का भी निरीक्षण किया गया। इफको कम्पनी द्वारा प्रदत्त ड्रोन से स्प्रे कार्य ग्राम परसागोड़री में कृषक कैलाशनाथ पुत्र बुधसागर, राम विलास पुत्र बुद्धसागर एवं शेषनरायन पुत्र केदारनाथ के गन्ने कें खेत में भी निरीक्षण किया गया । ड्रोन स्प्रे कार्य हेतु ड्रोन पायलट (इफको) द्वारा रू0 300/- प्रति एकड़ की दर छिड़काव किया जा रहा है। ड्रोन द्वारा स्प्रे कार्य में प्रयुक्त रसायन एन0पी0के0 0:52:34 प्रति एकड़ 1 किग्रा, नैनो यूरिया 500 ग्राम, एवं सागरिका कृषक भाई गन्ना समिति से प्राप्त करते है एवं ड्रोन में मौजूद टंकी में घोल भरकर छिड़काव कार्य कराया जा रहा है । चीनी मिल द्वारा ड्रोन एवं ट्रैक्टर चालित स्प्रे मशीन द्वारा स्प्रे कार्य की वृहद्ध कार्ययोजना बनाई गई है, जिसके अर्न्तगत 22 ट्रैक्टर चालित स्प्रे मशीन द्वारा स्प्रे कार्य कृषकों के खेता पर कराया जा रहा है, वहीं ड्रोन से स्प्रे का लक्ष्य 200 हेक्टेयर निर्धारित किया गया है।

## हनुमान जी के नाम से हुए सैकड़ों भंडारे

**अमेठी।** ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को जिले में नगर से गांव तक हनुमान जी के नाम से भंडारे के सैकड़ों आयोजन किए गए। जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित डाक-बंगले पर लोक निर्माण विभाग के कार्मिकों ने चंदा लगाकर भंडारे का आयोजन किया। जिले की सभी बाजारों में व्यापारियों और सनातन हिन्दू धर्म के अनुयायियों की ओर से शरबत और प्रसाद वितरण के कैम्प आयोजित किए। नगर से लेकर ग्रामीण अंचल तक बाजारों में ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को प्रभु हनुमान जी के चित्र पर पूजा अर्चना करने के बाद श्रद्धालुओं की ओर से पूड़ी सब्जी, छोले चावल और शरबत खूब बांटे गए। सड़क पर चलने वाले राहगीर जगह-जगह लगाए गए स्टालों पर पूड़ी सब्जी के साथ शरबत का आनंद लेते देखे गए। मंगलवार को रामनगर बाजार के साथ ग्रामीण अंचल रणवीर नगर, बारामासी, गंगौली, बरियापुर और कटरा राजा हिम्मत सिंह में पूड़ी सब्जी,छोला चावल और शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# समय एक अनमोल दौलत : मौलाना नूरुद्दीन निजामी

अवधनामा संवाददाता




**व्यक्तित्व को उभारने के लिए एम. ए. एकेडमी तुर्कमानपुर में समर कैंप का आगाज**

**गोरखपुर।** विद्यालय बंद होने के बाद बच्चों में सकारात्मक व्यक्तित्व को उभारने के लिए एम. ए. एकेडमी तुर्कमानपुर में छह दिवसीय समर कैंप का आगाज मंगलवार को हुआ। टाइम मैनेजमेंट व गोल सेटिंग की बारीकियां बताई गई। कुरआन-ए-पाक की तिलावत हाफिज रहमत अली निजामी ने की। लखनऊ से आए मुख्य अतिथि मोटिवेशनल स्पीकर मौलाना नूरुद्दीन निजामी ने कहा कि समय एक अनमोल दौलत है जो एक बार बीत गई तो वापस नहीं आती। समय का सदुपयोग करना, हमारे जीवन में सफलता और तनावमुक्त जीवन में मदद करता है। समय का सही उपयोग करने से हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। समय का प्रबंधन करने से तनाव कम होता है और हम खुशहाल जीवन जी सकते हैं। समय का सदुपयोग करने से हमारी कार्यक्षमता बढ़ती है और हम संगठित और अनुशासित बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से निर्धारित करें ताकि आप समय का उपयोग सही दिशा में कर सकें। अपने दिन के लिए एक समय सारणी बनाएं और उसका पालन करें। ऐसे कार्यों को कम करें जो समय को बर्बाद करते हैं। महत्वपूर्ण कामों को पहले करें और फिर अन्य कामों पर ध्यान दें। समय को बर्बाद करने से बचें और हर पल का सदुपयोग करें। विद्यालय के मैनेजर मुहम्मद आकिब अंसारी व पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. एहसान अहमद ने कहा कि जब आप समय का सदुपयोग करते हैं तो अपने आपको प्रोत्साहित करें। छात्रों को अपनी पढ़ाई के लिए समय निर्धारित करना चाहिए और उसका पालन करना चाहिए। कामकाजी लोगों को अपने कार्य के लिए समय निर्धारित करना चाहिए और समय पर काम करना चाहिए। व्यायाम और स्वस्थ भोजन के लिए समय निर्धारित करना चाहिए। अपनी रुचियों और शौक के लिए भी समय निकालना चाहिए। समय का दुरुपयोग करने से हम अपनी सफलता को खो सकते हैं जो हमारे तनाव और चिंता को बढ़ा सकता है। वरिष्ठ शिक्षक आसिफ महमूद ने कहा कि जीवन के साथ हमेशा सकारात्मक सोच रखें। सभी में अपार क्षमता होती है, उसे पहचानकर अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करें।

## परिवार परामर्श केन्द्र के प्रयास से 4 जोड़ों का कराया मिलाप



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** पारिवारिक समस्याओं/मतभेदों के मामलों को परिवार परामर्श केन्द्र में काउंसलरों द्वारा दोनों पक्षों को साथ बैठाकर उनकी समस्याओं को सुनकर 4 जोड़ों के समझौते कराकर उनके परिवारों को टूटने से बचाया गया। परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी उपनिरीक्षक शिखा त्यागी, काउंसलर सी.एल. सैनी एवं शाजिया सिद्दकी द्वारा मंगलवार को प्रभावशाली काउंसलिंग कर कुल चार परिवारों को टूटने से सफलतापूर्वक बचाया गया। विभिन्न पारिवारिक मतभेदों एवं घरेलू विवादों से जूझ रहे इन परिवारों को आपसी संवाद, समझदारी और परामर्श की मदद से पुनः एक सूत्र में बांधने का सराहनीय कार्य किया गया। थाना क्वार्सी क्षेत्र निवासी प्रेमवती (काल्पनिक नाम) एवं रॉबिन (काल्पनिक नाम) के मध्य पति,सास,ससुर व देवर द्वारा झगड़ा कर घर से निकालने को लेकर विवाद था, जिसे समझदारीपूर्वक सुलझाया गया।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बचपन में मेरा पुकारने का नाम शगुफ्ता रिज़वी पुत्री सैयद अली इमाम निवासिनी 1/ 466 गोलाघाट पोस्ट रामनगर भीटी जनपद वाराणसी था जो अब बदलकर क़मर आरा (Qamar Ara) हो गया है। अतः मुझे आज से क़मर आरा के नाम से जाना जाए।

### सूचना

न्यायालय सिविल जज सीडी सहारनपुर स्टेट बैंक बीफ इण्डिया द्वारा शाखा प्रबन्धक शाखा कोर्ट रोड सहारनपुर ( वादी ) वाद स. 1293 सन 2022 बनाम श्रीमती रविता शर्मा पत्नि श्री जगदीश लाल निवासी निकट चौधरी सिनेमा मोहल्ला सर्वगयान ननौता देहात त. रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर। प्रतिवादी हरगह वादी ने आपके नाम एक नालिश बामत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दि.16/07/2025 को 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार चाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा कि करे इत्तिला दी जाती है बरोज मजकूर आप हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर आपकी हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज 22/5/2025 को जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सीडी सहारनपुर**

### सूचना

न्यायालय मा सिविल जज जू.डि. नगर सहारनपुर वाद स.1009 सन 2024 अजेन्द्र पाल सिंह पुत्र स्व0 श्री गुलाब सिंह निवासी ग्राम कन्डाईवाला तहसील बेहट जिला सहारनपुर। निवासी अनुपम विहार दिल्ली रोड निकट आई.टी.आई ,सहारनपुर।..वादी...(बनाम) 1- संजीव मेहरा पुत्र मोतीलाल मेहरा 2- साहिल मेहरा पुत्र संजीव मेहरा निवासी अनन्त बिल्डिंग रेलवे रोड सहारनपुर। (प्रति)। हरगाह अजेन्द्र पाल सिंह के द्वारा आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुकुम होता है कि आप बतारीख 22 माह 07 सन 2025 वक्त 10. बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील जो मुक़दमा के हालात से वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाज़िर हो और जवाब देही दावा कि करे आपको लाज़िम है कि उसी रोज जुमला गवाह एवं दस्तावेज़ पेश करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और अवधारित किया जाएगा।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज जू.डि. नगर सहारनपुर**

### सूचना

मैंने बुरी संगत और गलत आचरण से तंग आकर अपने पुत्र प्रमोद कुमार उसकी पत्नि सीमा देवी व पुत्र सलेन्द्र उसकी पत्नि ऊषा देवी निवासीगण ग्राम महंगी ज़ि. सहारनपुर को अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दखल कर उनसे सभी संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में अपने किसी भी कार्य एवं लेने देने हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होंगे।

**जीत सिंह पुत्र श्री तिरखा निवासी 253 महंगी, थाना गंगोह, जिला सहारनपुर**


# नेत्र रोगों के निःशुल्क उपचार हेतु श्री दीन बंधु नेत्र परीक्षण केंद्र की स्थापना

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** नेत्र विकारों के उपचार, दवाओं तथा पढ़ने वाले चश्मों की निःशुल्क व सुलभ व्यवस्था हेतु श्री दीनबंधु नेत्र परीक्षण केंद्र की स्थापना गोंडा जिले में की गई। यह केंद्र समाजसेवी संस्था कल्याणम करोति, लखनऊ तथा पूज्य महंत नृत्यगोपाल दास जी की प्रेरणा से श्री मणिराम दास छावनी ट्रस्ट के सहयोग से प्रारंभ किया गया है। इस कार्य में जिले के वरिष्ठ समाजसेवी संजय जायसवाल का बहुमूल्य योगदान है। उनके प्रतिष्ठान हरि नारायण सावित्री देवी मिनी चैरिटेबल क्लिनिक के माध्यम से यह केंद्र संचालित किया जाएगा। केंद्र का उद्घाटन पूज्य महंत कमल नयन दास शास्त्री, मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील, सीडीओ अंकिता जैन एवं सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मोतियाबिंद से ग्रसित नेत्र रोगियों के ऑपरेशन की व्यवस्था कल्याणम करोति द्वारा अयोध्या में संचालित श्री दीन बंधु नेत्र चिकित्सालय में सम्पन्न की जायेगी। ज्ञातव्य हो कि मोतियाबिंद मुक्त अयोध्या के संकल्प के साथ इस चिकित्सालय में अब तक 10 लाख नेत्र रोगियों का परीक्षण किया जा चुका है, जिसमें से 240000 रोगियों को दृष्टि पुनः प्रदान की गई है। इस मौके पर महंत कमलनयन दास जी ने कहा की नेत्रदान और उपचार, दोनो ही ईश्वरीय सेवा के अंग हैं। सेवा का व्रत सभी को लेना चाहिए और सेवा कार्य में भेदभाव नहीं करना चाहिए। मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने कहा कि आंखों की रोशनी चला जाना बहुत बहुत ही कष्टकारी होता है। कल्याणम करोति संस्था की यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए लाभप्रद है, क्योंकि वहां नेत्र चिकित्सा सेवाओं की पहुंच सीमित होती है। कल्याणम करोति के महामंत्री राष्ट्रगौरव शर्मा ने आये हुए सभी अथितियों का स्वागत किया। डी.एन. मिश्रा ने संस्था की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। संचालन प्रो. ओंकार पाठक व संजय शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। संस्था अध्यक्ष अभिषेक जायसवाल, सुनीता, मिनी ने अतिथियों को अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

## प्राचीन धरोहरों के संग्रह एवं संरक्षण हेतु वर्दी वैलनेस फाउंडेशन द्वारा पुरवार दम्पत्ति सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** जनपद जालौन के प्रख्यात इतिहासकार डा. हरी मोहन पुरवार व उनकी धर्म पत्नी श्रीमती सन्ध्या पुरवार को वर्दी वैलनैस फाउन्डेशन की संस्थापिका सुश्री सौम्या बाजपेई ने विश्व रत्न सम्मान से सम्मानित किया है। इसके साथ ही डा ए पी जे अबुल कलाम पुरस्कार के संस्थापक निदेशक श्री राम मोहन बाजपेई ने भी पुरवार दम्पत्ति को डा ए पी जे अबुल कलाम सम्मान से सम्मानित किया है। डा0 हरी मोहन पुरवार ने जनपद के मध्यकालीन प्राचीन भवनों का ऐतिहासिक मूल्यांकन विषय पर वर्ष 1096 में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय से विद्या वाचस्पति (पी0 एच डी0 ) की उपाधि प्राप्त की थी। इसके साथ ही उनकी बुन्देलखण्ड के इतिहास तथा संस्कृति पर 18 अन्य पुस्तकें भी प्रका शिव हो चुकीं हैं जिनमें उनकी पत्नी श्री मती सन्ध्याजी का विशेष योगदान रहा है। पुरवार दम्पत्ति को प्राचीन धरोहरों के संग्रह एवं संरक्षण हेतु पूरे बुन्देलखण्ड में ख्याति प्राप्त है। उनके संग्रह में भांति भांति आकार प्रकार के शंख, सीप, कौड़ियां, सरौते, बौटव ओपनल, कैंचियां, हाथ पंखे, ताम्र युगीन पुरावशेस, सात वाहन काल के पुरावशेष, जल पात्र, आचमनियां, श्रीगणेश, श्री रामजी, श्री शिव तथा श्री बुद्ध भगवान जी की वीथिकायें,डाक टिकट, माचिसें आदि का विशाल भण्डार है। अभी वर्ष 2020 में डा0 हरी मोहन पुरवार का नाम लिम्का बुक आफ इण्डिया रिकार्डस् में उनके विलक्षण सिक्का संग्रह हेतु अंकित किया गया था, जोकि अभी तक अभेद्य है। पुरवार दम्पति स्कूलों कालेजों में जा जाकर छात्र छात्राओं को बातचीत के माध्यम से एवं समयानुसार प्रदर्शनियां लगाकर बच्चों को अपनी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं अपनी प्राचीन गौरवमयी संस्कृति के प्रति जागरुक करने का उपक्रम पिछले 40 वर्षो से लगातार करते आ रहे हैं।

## पं नेहरू की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए लगातार संघर्षरत है कांग्रेस

**अमेठी/गौरीगंज।** स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर चित्र पर माल्यार्पण किया। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी मौजूद नहीं थे। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनिल सिंह ने कहा कि पं नेहरू स्वतंत्र भारत के निर्माता थे। वर्तमान सरकार पं नेहरू को विचारों पर चोट पहुंचा रही है। नफ़रत और बंटवारे की राजनीति कर रही है। कांग्रेस पार्टी पं नेहरू की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए लगातार संघर्षरत है। युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शुभम् सिंह ने पं नेहरू को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और कहा कि वर्तमान डबल इंजन सरकार भारतीय संविधान पर लगातार चोट कर रही है। भाजपा संविधान को बदलना चाहती है। देश की जनता को सचेत कर वैकल्पिक राजनीति का वातावरण तैयार करने के लिए कांग्रेस ने संविधान बचाओ अभियान शुरू किया है।

# महाबली की महिमा से गूंजा लता चौक, जेठ के मंगलवार को भंडारे में भक्तों का सैलाब



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** आस्था और भक्ति की नगरी अयोध्या में जेठ माह के तीसरे मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन लता चौक, नया घाट पर किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह के संयोजन में आयोजित भंडारे की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच महाबली हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई। दीप प्रज्वलन विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, अभय सिंह और महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने किया। सुबह 10 बजे हनुमान जी को भोग अर्पण करने के बाद भंडारे की विधिवत शुरुआत की गई। भण्डारे में पहुंचे पूर्व सांसद लल्लू सिंह, बृजभूषण शरण सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख का स्वागत भगवा अंगवस्त्र पहनाकर किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय और गरिमामय बन गया। भंडारे की समुचित व्यवस्था के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित द्वारा कार्यकर्ताओं को स्पष्ट जिम्मेदारियाँ सौंपी गई थीं। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु एक दर्जन से अधिक प्रसाद वितरण स्टॉल लगाए गए, जिससे किसी को भी कोई असुविधा न हो।

यातायात व्यवस्था को लेकर कार्यकर्ताओं की टीम पूरी तरह सक्रिय रही, वहीं पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लगातार दिशा-निर्देश प्रसारित किए जा रहे थे। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि यह आयोजन जनसहयोग और भक्ति का प्रतीक है। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता यह सिद्ध करती है कि अयोध्या की जनता आस्था के साथ-साथ सेवा के कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहती है।

हम सभी का प्रयास रहा कि हर भक्त को प्रसाद प्राप्त हो और कोई भी असुविधा न हो। मौके पर शक्ति सिंह, अभिषेक मिश्र, करुणाकर पांडे खुन्नू पाण्डेय, देवता पटेल, सुनील तिवारी शास्त्री, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, रवि सोनकर, आकाश मणि त्रिपाठी, माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, चक्रवर्ती सिंह उपस्थित रहे।

# कहने को तो खैराती अस्पताल लेकिन जांच की सुविधा लेनी है तो करना होगा भुगतान




**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** कुमारगंज सौ शैय्या चिकित्सालय में मरीजों और उनके तीमारदारों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि सरकार द्वारा एक रुपये की पर्ची पर मरीजों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं देने के दावे के बावजूद, अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे और रेबीज इंजेक्शन जैसी सेवाओं के लिए अवैध रूप से पैसे वसूले जा रहे हैं। इस मामले ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है, और अस्पताल प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं। मरीजों का आरोप है कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए 100 रुपये की रसीद काटी जा रही है, जबकि इस तरह का कोई आदेश नहीं है। मरीज और यहां चिकित्सा सुविधा लेने आने वाले मरीज और तीमारदारों से अल्ट्रासाउंड जांच के नाम पर 100 रुपये व रेबीज़ इंजेक्शन लगाने के लिए 20 रुपये की अवैध वसूली की जा रही है। तीमारदारों का कहना है कि ऐसी वसूली गरीब मरीजों के लिए भारी पड़ रही है, जो सरकारी अस्पतालों पर निर्भर हैं। आरोप तो यहां तक है कि अवैध वसूली सीएमएस के संरक्षण में हो रही है। अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट राम आशीष ने बताया कि अल्ट्रासाउंड, ईसीजी और एक्स-रे के लिए पर्चियां काटी जाती हैं। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि इन सेवाओं के लिए शुल्क क्यों लिया जा रहा है, जबकि लोगों के अनुसार ये सुविधाएं मुफ्त होनी चाहिए। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) रवि पाण्डेय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सफाई दी है।

# अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक समागम का भव्य आयोजन, 10 पुस्तकों का लोकार्पण एवं शिक्षकों-साहित्यकारों का हुआ सम्मान

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** श्रीराम की नगरी अयोध्या में एक ऐतिहासिक और गरिमामय अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक समागम का आयोजन किया गया, जिसमें पुस्तक लोकार्पण, शैक्षिक संगोष्ठी और सम्मान समारोह जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियाँ सम्पन्न हुईं। यह कार्यक्रम श्री राम ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती और प्रभु श्रीराम के चरणों में पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राथमिक विद्यालय रूरूखास की पूर्व छात्रा करिश्मा मौर्य द्वारा माँ सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। वहीं श्रीमती शिप्रा श्रीवास्तव के विद्यालय के बच्चों ने प्रभु श्रीराम पर सुंदर भजन प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया।इस अवसर पर ब्रह्मर्षि डॉ. रामविलास वेदांती, नगर विधायक श्री वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय, शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज के सदस्य डॉ. कृष्ण चंद्र वर्मा, पद्मश्री डॉ. श्याम बिहारी अग्रवाल सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की।समारोह में जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 स्वयंसेवी व संस्थाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही भारत और विदेश से आए 240 से अधिक शिक्षकों, लेखकों, कवियों और शोधार्थियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि रही 10 पुस्तकों का लोकार्पण। इनमें ÷सृजन÷ स्मारिका, स्वावलंबन (चतुर्थ संस्करण), काव्य सुधा भाग-1 और 2, अभिनव प्रयोग, भारत के महान वैज्ञानिक एवं गणितज्ञ, संगीत ज्योति, बच्चे मन के सच्चे, काव्य साधना और समर्पण शामिल हैं।ब्रह्मर्षि डॉ. रामविलास वेदांती ने कहा कि शिक्षा और साहित्य के ऐसे आयोजनों से युवाओं को प्रेरणा मिलती है। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या में ऐसे आयोजनों से सांस्कृतिक विरासत समृद्ध होती है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इसे विचारों के आदान-प्रदान का अंतरराष्ट्रीय मंच बताया।कार्यक्रम का संचालन पंकज ने कुशलता से किया। समापन पर ÷सृजन÷ संस्था के राष्ट्रीय संयोजक मनीष देव ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

इस समागम की सफलता में ÷सृजन÷ टीम के श्री प्रकाश पाठक, अखंड प्रताप गौतम, सुरेश कुमार, संतोष कुमार, विद्या यादव, मांडवी सिंह, वंदना पाठक, ऋचा ओझा, मनीष बाजपेई सहित अनेक सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ऑटो-ई-रिक्शा के अवैध संचालन पर नियंत्रण को लेकर चलाया गया अभियान



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जनपद मे मनमाने तरीके से चल रहे ऑटो-ई-रिक्शा पर नियंत्रण लगाने को लेकर परिवहन विभाग एंव यातायात विभाग ने सत्यापन शुरु कर दिया है। अभियान के दौरान ई-रिक्शा चालको में भगदड़ मच गई। विभाग द्वारा ई-रिक्शा ऑटो का रजिस्ट्रेशन नंबर, चालक और मालिक का नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि का ब्योरा अपने वाहन पर लिखना होगा। आज सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला एंव यातायात प्रभारी रामयतन यादव की टीम ने पुलिस लाइन परिसर मे ई-रिक्शा-ऑटो चालको का सत्यापन करते हुये रजिस्ट्रेशन नंबर, चालक, मालिक का नाम, पता, मोबाइल आदि का ब्यौरा वाहनो पर अंकित करवाया। तथा ऑटो और ई रिक्शा को एक यूनिक आईडी नंबर जारी करते हुये जागरुक किया। इस सम्बन्ध मे एआरटीओ प्रशासन श्रीमती शुक्ला ने बताया कि परिवहन एंव यातायात विभाग द्वारा ऑटो और ई-रिक्शा के अवैध संचालन पर नियत्रण लगाने को लेकर पुलिस लाइन परिसर मे ई-रिक्शा-ऑटो चालको का रजिस्ट्रेशन नंबर, चालक और मालिक का नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि का ब्योरा रजिस्टर में दर्ज तथा संबंधित ऑटो और ई रिक्शा को एक यूनिक आईडी नंबर जारी किया गया। उन्होने आगे बताया कि यदि चालक द्वारा कोई भी र्दुव्यवहार या रोड़ सेफ्टी नियमो का उल्लंघन किया जाता है तो यात्री द्वारा सीधे वाहन स्वामी से सम्पर्क किया जा सकेगा।

# दिव्यांग जागरूकता शिविर में 49 दिव्यांगों को विभिन्न उपकरण दिए जाएंगे



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** ब्लाक सभागार में मंगलवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण अभियान के तत्वावधान में दिव्यांग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गावों के दिव्यांगों ने भाग लिया। अभियान मे विभिन्न उपकरणो के लिए 49 लोगो का चयन किया गया है।दिव्यांग कार्यालय से आये श्रीकांत ने दिव्यांगों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि दिव्यांगजन भी इसी समाज का हिस्सा है. इसलिए उन्हें अपेक्षित नहीं बल्कि समाज में सम्मान से जीने का अधिकार है. इसी बात को ध्यान में रखते हुए सरकार ने दिव्यांगों के लिए बहुत सारी लाभकारी योजनाएं चला रही है। शिविर में उनकी दिव्यांगता के आधार पर कौन सा उपकरण दिया जाय. इसका चयन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव की चिकित्सक टीम द्वारा किया गया। शौरभ कुमार वर्मा ने कहा कि कहा कि दिव्यांग जनो को शत प्रतिशत लाभान्वित करने का निर्देश सरकार की है. दिव्यांगों को हर तरह का सुविधा मिल सके, जैसे बैटरी चालित ट्राई साइकिल आदि लाभ के साथ पेंशन की लाभ में कोई समस्या है तो सुधार किया जायेगा शिविर मे 49 लोगो का उपकरण के लिए चयन किया गया। इस मौक़े पर दिव्यांग जन सशक्तिकरण के लालू प्रसाद, समर सिंह, साकिर अली आदि लोग मौजूद रहे।

# स्कार्पियो की चपेट में आया दुकानदार, सीएचसी पहुँचते ही मौत



**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** मंगलवार की दोपहर कस्बा मसौली से हाइवे जाने वाली सड़क पर सकार्पियों की चपेट मे आने से पेस्टीसाइड विक्रेता की मौत हो गयी पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम सादामऊ निवासी 27 वर्षीय उपेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र स्व0 अमर सिंह गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पशु बाजार के निकट पेस्टिसाइड की दुकान का संचालन करते हे मंगलवार को बड़ागांव निवासी लालजी पुत्र राजाराम के साथ कस्बा मसौली हनुमान जी मूर्ति लेकर मसौली चौराहे की ओर वापस लौट रहे थे कि एक बंद पड़े भट्ठे के निकट तेज रफ्तार मे आ रही असुंतलित सकार्पियों ने बाईक को टक्कर मारते हुए गहरी खाई मे चली गयी दुर्घटना मे बाईक सवार दोनो लोग घायल हो गये जिन्हे एम्बूलैंस से सीएचसी बड़ागांव लेकर गये जहां उपेंद्र कुमार वर्मा को चिकित्स्कों ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही सकार्पियों सवार वाहन छोड़ फरार हो गये जिसे पुलिस ने अपने कब्जे मे ले लिया है।

# महिला उत्पीड़न मामलों की उपाध्यक्ष चारु चौधरी करेंगी जनसुनवाई



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी आगामी 28 मई को जनपद का दौरा करेंगी। इस दौरान वे महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की विकास भवन सभागार में जनसुनवाई करेंगी। सुनवाई में पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायतें और समस्याएं सीधे उपाध्यक्ष के समक्ष रख सकेंगी। उपाध्यक्ष ने कहा है कि इस जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान ढूंढना है। उन्होंने कहा कि इस दौरे का मुख्य लक्ष्य महराजगंज जिले में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाना और समाज में महिला सुरक्षा को अधिक मजबूत करना है। इस दौरान वे उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की पहल, इसके उद्देश्यों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करेंगी। साथ ही, वे यह भी बताएंगी कि आयोग किस तरह महिलाओं के अधिकारों और उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है।

# समाज की जागरूक कर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है: अजय श्रीवास्तव

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** अपराधमुक्त समाज की दिशा में कार्यरत जिला अपराध निरोधक कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को सदर ब्लॉक सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष सुधेश मोहन श्रीवास्तव एडवोकेट ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रेस क्लब के माननीय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सहारा के ब्यूरो चीफ सुनील श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव श्रीनाथ धर दुबे ने किया। मुख्य अतिथि अजय श्रीवास्तव ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा, यह संस्था समाज, गांव, प्रदेश और देश के लिए

# कलाकार परिवार ने किया पूर्णागिरि दरबार में 15वॉ जागरण और भंडारे का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** माता पूर्णागिरि के दरबार पहले खोले पर पिछले 14 वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय अनिल शर्मा की प्रेरणा से तथा पंडित अशोक शर्मा मंहत लखन दास विरजू यादव के नेतृत्व में मॉ पूर्णागिरि दरबार में पूर्ण रात्रि जागरण एवं भंडारा विधिवत संपूर्ण हुआ। मां पूर्णागिरि के दरबार में इस बार का जगराता ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफल होने पर कलाकार वेलफेयर ट्रस्ट के पूरे कलाकार परिवार के द्वारा देश के वीर जवान सैनिकों की दीर्घायु और उनके हौसले को मजबूत करने के साथ-साथ देश के वीर जवानों की माता और पिता को समर्पित किया जिन्होंने ऐसे जांबाज सैनिकों को जन्म दिया । कलाकार वेलफेयर ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष अमरीश कठेरिया एडवोकेट ने जगराते में उपस्थित सभी कलाकार परिवार के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी कलाकारों ने माता पूर्णागिरि का दर्शन कर पूर्ण रात्रि जागरण और भंडारी के आयोजन मे होने वाले सभी पुण्य लाभ हमारे देश के वीर जवान और उनके परिवार को समर्पित करते हैं जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को ऐतिहासिक सफलता प्रदान की और विश्व के पटल पर एक बार फिर हमारी भारतीय सेना की मजबूती शौर्य और पराक्रम से हमारे देश को गौरवशाली बनाया है। जगराते का प्रारंभ अमरीश कठेरिया बिरजू यादव लखन दास पंडित ओमप्रकाश सुनील शंखधार पंडित पप्पे नरेंद्र सहायक सीमा कठेरिया गौरव मिश्रा सुरेश गांधी चंद्र केतु पूजा अनुप्रिया विवेक स्माइली नीरज गौतम हरिओम तोमर साजन तूफानी अंजलि शिवम निपुण रात्रि मिलकर माता की सुंदर-सुंदर बेटों के साथ-साथ देशभक्ति गीत भी गए जिससे उपस्थित भक्तगण मंत्र मुग्ध हो गए एक समय तो ऐसा लग रहा था कि माता के दरबार में भारत माता के जय घोष और माता पूर्णागिरि के जयकारे की गूंज यह एहसास कर रही थी की माता रानी की कृपा हम पर हमारे देशवासियों पर ऐसे ही बनी रहे।

# कोल्हुई में व्यापारी शहीद दिवस पर नम आंखों से दी श्रद्धांजलि



*अवधनामा संवाददाता*

**ननौतनवा (महराजगंज)।**उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जहां एक तरफ पूरे प्रदेश में शहीद हुए 14 व्यापारियों को श्रद्धांजलि दी जा रही हैं वहीं इसी क्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जनपद महाराजगंज जिलाध्यक्ष सुरेश रुंगटा जी के नेतृत्व में कोल्हुई में अब्बासी कटरा के मीटिंग हाल में बैठक कर शहीद हुए व्यापारियों को याद किया गया और उन्हें पुष्प अर्पित करके नम आंखों से सच्ची श्रद्धांजलि दी गई । इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नदीम अहमद अब्बासी ने किया , इस दौरान युवा उद्योग व्यापार मंडल जनपद महाराजगंज के जिलाध्यक्ष प्रिन्स जायसवाल तथा कोषाध्यक्ष हरीराम जायसवाल ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पहले व्यापारियों पर शासन की तरफ से कयी दमन कारी कानून थोपा गया था जिसमें इंस्पेक्टर राज से मुक्ति एक प्रमुख मांग थी उन कानूनों को हटाने के लिए हमारे कयी व्यापारियों ने पुलिस की लाठी व गोली से अपनी जान दे दी थी उन शहीदों को हमें हमेशा याद रखना चाहिए।इस कार्यक्रम में कोल्हुई उद्योग व व्यापार मंडल महामंत्री प्रमोद मद्धेशिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता, वरिष्ठ महामंत्री कमलेश मद्धेशिया, उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, सलाहकार लाल जी वर्मा, युवा कोषाध्यक्ष उद्देश्य मद्धेशिया,युवा महामंत्री अरविंद जायसवाल, कोल्हुई उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक नागेश्वर रौनियार, प्रदीप मद्धेशिया, सुशील अग्रहरी, सुनील मद्धेशिया,दीनानाथ पाठक समाजसेवी बाबर अहमद अब्बासी, मशहूर आलम, नियाज़ अहमद, साधुशरण जायसवाल, रामजी जायसवाल, हनुमान नायक सहित दर्जनों कोल्हुई के व्यापारी रहे मौजूद।

# सच्चे मन से हनुमान की पूजा अर्चना करने वालो कि मनोकामनाएं पूरी होती: राकेश कर्रा



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** ज्येष्ठ माह के तृतीय बड़े मंगल के शुभ अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने विकास भवन रोड स्थित प्रिंट मीडिया कार्यालय पर आयोजित विशाल भंडारे का विधिवत शुभारंभ किया। इस भंडारे का आयोजन मनीष सिंह पत्रकार द्वारा किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत श्री कर्रा द्वारा भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई।

उन्होंने श्रद्धा भाव से हनुमान जी का आशीर्वाद लिया और मंगलमय आयोजन के लिए मंगल कामनाएं कीं। पूजा के उपरांत भंडारे की शुरुआत हुई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को छोला, चावल और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर राकेश कर्रा ने कहा कि ÷ज्येष्ठ माह के प्रत्येक मंगलवार का विशेष धार्मिक महत्व होता है। इस दिन सच्चे मन से हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यह दिन श्रद्धा और सेवा का प्रतीक है।पूरे आयोजन में भक्ति, सेवा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजक मनीष सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस पावन अवसर पर डॉ विवेक यादव, उमेश श्रीवास्तव, पाटेश्वरी प्रसाद, लवकुश शरण आनंद, सचिन सिंह, कुंदन, हिमांशु वर्मा, दिलीप वर्मा, अंकुर मिश्रा, रोहित सिंह, ज्ञानेंद्र आर्या, अनुपम चौरसिया सहित सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने बरसात से पूर्व दिया नाले की सफाई का निर्देश

## संबंधित विभाग सुनिश्चित करें कि तटबंध टूटने न पाए: जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा मंगलवार को महाव नाले का स्थलीय निरीक्षण कर नाले में चल रहे सफाई कार्य को देखा गया। उन्होंने लगभग 03 किमी जंगल क्षेत्र में पैदल चलकर नाले की स्थिति व सिल्ट सफाई के कार्यों को देखा और और निर्देशित किया कि सफाई का कार्य बरसात से पूर्व हर हाल में पूर्ण कर लें। जिलाधिकारी ने पानी के बहाव को जंगल क्षेत्र में प्रवाहित करने हेतु बनाए गए कट्स को देखा और डीएफओ महराजगंज को निर्देशित किया कि कट्स को और चौड़ा करें, ताकि अतिरिक्त पानी आसानी से जंगल की ओर जा सके। साथ सिल्ट को किनारे पर इकट्ठा करने की जगह उसे सामान रूप से फैला दिया जाए ताकि वापस नाले में न जाने पाए। उन्होंने कहा नाले के भीतर सिल्ट के साथ-साथ झाड़ियों आदि को भी साफ करवा लें, ताकि पानी आसानी से प्रवाहित हो सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्रोन से महाव नाले को देखा। जिलाधिकारी महोदय ने एसडीएम नौतनवा को नियमित पर्यवेक्षण और दोनों विभागों के बीच समन्वय कराते हुए सफाई कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि सिंचाई और वन विभाग सुनिश्चित करें कि नाले का तटबंध किसी दशा में टूटने न पाए। उन्होंने अधिशाई अभियंता को बाढ़ निरोधक समस्त कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तटबंधों पर सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित कर लें और बाढ़ के दृष्टिगत कार्मिकों का ड्यूटी चार्ट भी तैयार कर लें। इससे पूर्व अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड द्वितीय द्वारा जिलाधिकारी को नक्शे पर जनपद में नदियों की अवस्थिति, महाव नाले की लंबाई, जल ग्रहण क्षेत्र और चल रहे सफाई कार्यों आदि के विषय में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि महाव नाला लगभग 24 किमी लंबा है, जिसमें 15 किमी की सफाई सिंचाई विभाग द्वारा और 09 किमी की सफाई वन विभाग द्वारा किया जाता है। वर्तमान में लगभग 70 प्रतिशत नाले की सफाई पूर्ण किया जा चुका है। महाव नाले का जल ग्रहण क्षेत्र 690 हेक्टेयर है और इससे कुल 19 ग्राम पंचायतें प्रभावित होती हैं।

# जितेंद्र जयसवाल ने दिया धरना को समर्थन

**नौतनवा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** स्थानीय तहसील में 13 दिन से उपनिबंधक के खिलाफ चल रहे क्रमिक अनशन ,धरना प्रदर्शन सद्बुद्धि यज्ञ पदयात्रा करने वाले आंदोलनकारी नागेंद्र शुक्ल को उस समय और बल मिला जब कई अधिवक्ता संघ और राजनैतिक लोगों ने उनके द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को पत्र सौंप कर समर्थन दिया । इसी क्रम में मंगलवार को भाजपा नेता जितेंद्र जायसवाल ने अनशन स्थल पर पहुंचकर समर्थन देते हुए कहा कि भाजपा की सरकार को बदनाम करने वाले लोग चाहे कोई भी कर्मचारी हो अधिकारी हो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी यह भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। बताया जाता है कि नागेंद्र प्रसाद शुक्ला एडवोकेट बीते दिनों तरह-तरह के आंदोलन की नीति को अपना कर अपना विरोध जाता रहे हैं। इस दौरान रामकेश प्रजापति ,दीनदयाल ,राम मोहन भारद्वाज ,अनिल शर्मा , मुकेश

**नगर के सक्सेना चौराहे पर भव्य भंडारे का हुआ आयोजन**

# केंद्रीय वित्त मंत्री और सदर विधायक ने श्रद्धालुओं को वितरित किया



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** नगर के सक्सेना तिराहे पर सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया के संयोजन में हनुमान जी के ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगलवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की और महाप्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने हनुमान जी की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की और फिर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया। केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हनुमान जी की कृपा जिस पर होती है, उसके जीवन से सारे संकट दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म, आस्था और सेवा का संगम ही हमारे समाज की असली शक्ति है। उन्होंने सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया के प्रयासों की सराहना की और कहा कि जनप्रतिनिधि जब धार्मिक और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं तो समाज को सकारात्मक दिशा मिलती है।सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि यह भंडारा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जनसेवा और श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वे प्रत्येक महीने के दूसरे मंगलवार को हनुमान जी का भंडारा कराते हैं और यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी।

# पंचायती राज अधिकारी सिद्धार्थनगर द्वारा शासनादेश के विरुद्ध मनमानी करने का लगाया आरोप

**समाजसेवी अखिलेश पांडेय ने तीन बिंदुओं पर जांच की मांग करते हुए जिलाधिकारी सहित शासन स्तर को लिखा पत्र**

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बढ़नी के ग्राम पंचायत रोईनिहवा निवासी अखिलेश पांडेय जो आरटीआई कार्यकर्ता व समाजसेवी हैं। उन्होंने पंचायती राज अधिकारी सिद्धार्थनगर द्वारा शासनादेश के विरुद्ध मनमानी करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी सहित शासन स्तर के प्रमुख सचिव पंचायती राज उ.प्र., आयुक्त मंडल बस्ती, मुख्य विकास अधिकारी सिद्धार्थनगर, मुख्यमंत्री उ.प्र. सरकार लखनऊ, अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन को रजिस्टर्ड पत्र भेजकर तीन बिंदुओं पर जांच की मांग की है। उनका कहना है कि पंचायती राज निदेशक उत्तर प्रदेश, पंचायती राज निर्देशालय द्वारा जारी शासनादेश संख्या 01/2022/2417/33-3-2021-119/2020 दिनांक 06 जनवरी 2022 के अन्तर्गत कलस्टर आवंटन का निर्देश जारी किया गया था कि प्रत्येक सचिव के पास समान कलस्टर जारी किया जाये यदि किसी ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी को एक से अधिक कलस्टर प्रभार दिया जाता है तो दोनों कलस्टर भौतिक रूप से साथ लगे कलस्टर का प्रभार दिया जाये, परन्तु जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा शासनादेश का उलंघन करते हुए सुविधा शुल्क ले कर एक ही विकास खण्ड में किसी सचिव के पास एक क्लस्टर तो किसी के पास 3 कलस्टर का प्रभार दे दिया गया है। तथा शासनादेश के विपरीत आपने चहेतों को मनचाहा कलस्टर दे दिया गया है। जबकि दोनों कलस्टर में 13-15 किमी. की दूरी है।

जिसका जांच किया जाना अति आवश्यक है। जिससे शासनादेश का पालन हो सके। उदहारण स्वरूप विकास खण्ड डुमरियागंज खुनियांव, नौगढ़, बढ़नी शामिल हैं। पूरे जनपद में सफाई कर्मचारी के स्थानांतरण धन उगाही हेतु मनमानी तरीके से किया जाता है। जिसमें पुनः सुविधा शुल्क के जाधार पर स्थानांतरण संसोधित किया जाता है। जिसका जांच किया जाना अति आवश्यक है। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा धनउगाही हेतु प्रत्येक पटल पर शासनादेश के विपरीत कम से कम दो-दो सफाई कर्मचारी को नियमविरुद्ध बिना किसी आदेश के धनउगाही हेतु तैनात किया गया है। जिसके साक्ष्य विकास भवन में लगे सी सी टी वी. फुटेज एवं मोबाईल लोकेशन द्वारा लिया जा सकता है। उन्होंने उपरोक्त बिन्दुओं की जांच जिला पंचायत राज अधिकारी सिद्धार्थनगर के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग करते हुए, जांच की कार्यवाही से निवेदक को भी अवगत कराने का अनुरोध किया है। अन्यथा प्रार्थी विवश हो कर मां. न्यायलय का शरण लेने के लिये बाध्य होने की मंशा जाहिर की है।

# डीएम की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु एवं एमओयू की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला स्तरीय उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु एवं एम.ओ.यू. की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्ति की समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि जिन लोगो द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये है, उनसे सम्पर्क करके उनकी समस्याओं का समाधान करायें तथा ज्यादा से ज्यादा निवेश करने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को उसके निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को ओडीओपी योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना हेतु शासन से प्राप्त लक्ष्य को शतप्रतिशत पूर्ण करने तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों के आवेदन को अधिक से अधिक कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने उद्योग स्थापित करने हेतु, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की जो पत्रावलियां बैंको में ऋण उपलब्ध कराने के लिए जाती हैं उसको समय से स्वीकृत कराने का निर्देश दिया। नगर पंचायत शोहरतगढ़ में मांस मछली की दुकानों को आबादी क्षेत्र से बाहर शिफ्ट कराने का निर्देश दिया।

बर्डपुर नं0-10 में नाला व सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। व्यापारियो द्वारा बताया गया कि बढ़नी में जाम की समस्या रहती है जिलाधिकारी ने पुलिस व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शोहरतगढ़ के सामने एनएच द्वारा नाला निर्माण अधूरा छोड़ा गया है, पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने प्रमुख चौराहो पर भूमि चिन्हित कर सामुदायिक शौचालय, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। दुग्ध विभाग पशुपालन विभाग, एमएसएमई, उद्यान विभाग, पर्यटन विभाग, प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, एक जपपद एक उत्पाद योजना आदि के संबध में व्यापारियों को लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया। व्यापारियों द्वारा समस्याओं का समय से निस्तारण कराने पर जिलाधिकारी को बधाई दिया गया।

बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त प्र0 मुख्य विकास अधिकारी/पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश, उपायुक्त राज्यकर, लीड बैंक अधिकारी आरके सिन्हा, उद्यान निरीक्षक संदीप वर्मा, व अन्य सम्बंधित अधिकारी तथा व्यापारियों की उपस्थिति रही।

# अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक समागम में सम्मानित हुए शोहरतगढ़ के दो शिक्षक

अवधनामा संवाददाता




**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** निपुण भारत मिशन को सफल बनाने के लिए लगातार किये जा रहे प्रयासों हेतु अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक समागम 2025 जो अयोध्याधाम में आयोजित किया गया था उसमें जनपद सिद्धार्थनगर के पूर्व ए. आर.पी.सुश्री कल्पना को निपुण गीत के काव्य सुधा नामक पुस्तक में प्रकाशन एवं अपूर्व कुमार श्रीवास्तव एसआरजी सिद्धार्थनगर को रोचक शिक्षण करने के विभिन्न तरीकों को अभिनव प्रयोग नामक पुस्तक में प्रकाशन हेतु श्रीराम ऑडिटोरियम अयोध्यधाम में कमल नयन दास महाराज जी एवं ब्रह्मर्षि डॉ राम विलास वेदांती जी महाराज की उपस्थिति में पद्मश्री डॉ श्याम बिहारी अग्रवाल तथा रविशंकर पूर्व आईएएस के हाथों सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक समागम 2025 का आयोजन सृजन अंतरराष्ट्रीय कला साहित्य समिति की तरफ से आयोजित किया गया इसमें देश और विदेश के विभिन्न शिक्षक जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नए-नए आयाम गढ़े हैं उन्हें आमंत्रित किया गया था।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए ब्रह्मर्षि डॉक्टर रामविलास वेदांती जी महाराज ने सभी शिक्षकों को आशीर्वाद दिया एवं कहा की शिक्षक का काम शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को अच्छे संस्कार भी देना है जिससे एक स्वस्थ और अच्छे राष्ट का निर्माण हो सके। उक्त शैक्षिक समागम में गिरीशपति त्रिपाठी महापौर अयोध्या,वेद प्रकाश गुप्ता विधायक अयोध्या, रामचंद्र यादव विधायक रुदौली, होली सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत अयोध्या, संतोष कुमार राय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या, गोपाल अंजन सदस्य विधान परिषद, कृष्ण कुमार सिंह मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या आदि लोग मौजूद रहें।

# पत्रकारिता में प्रिंट मीडिया का विश्वास एवं महत्व बढ़ा है : माता प्रसाद पांडेय

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की मनी जयन्ती

अवधनामा संवाददाता




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की 38वी पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय मौजूद रहे। नगर पंचायत डुमरियागंज से सभागार में मंगलवार को लगभग 3.30 बजे सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर अपने मुख्य अतीत संबोधन में माता प्रसाद पांडे ने कहा कि प्रिंट मीडिया में पत्रकारिता को लेकर विश्वास और महत्व काफी बढ़ा है तथा ग्रामीण पत्रकार संसाधनों के अभाव में अच्छा काम करते हैं। वर्तमान परिस्थिति में पत्रकारों पर जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ गया है। हमें अच्छी खबरें और लोगों से जुड़ी हुई समस्याओं पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करना होगा।वही कार्यक्रम के अंत में मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की खिलाफ पोस्टर वार किया जा रहा है यह बीजेपी की सोची समझी राजनीति है बीजेपी सरकार में ब्राह्मण पर बड़े पैमाने पर कई केस दर्ज हुए है। ब्राहमण अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहा है। यूपी में एक वर्गीय शासन चल रहा है ब्राह्मण को खुश करने के लिए यह पोस्टर वार किया जा रहा है। इस बार के चुनाव में ब्राम्हण बीजेपी को यूपी से हटा देगी। कार्यक्रम में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, तहसील अध्यक्ष राजेश पाण्डे, वरिष्ठ पत्रकार पप्पू रिजवी, अजय कुमार पांडे, ठाकुर प्रसाद मिश्रा, नफासत रिजवी, रवींद्र गुप्ता, मनोज शुक्ला, अज्जू सिंह, लक्की शुक्ला, राजीव अग्रहरि, अफजान फ़ारूक़ी, अनिल द्विवेदी, दीपू दुबे, वसीम अकरम, सूरज श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, शब्बन काजी, राकेश यादव, आदित्य सिंह, आफताब आलम, अंकित अग्रहरि, नसीम अहमद, अहमद वहीद सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी सदस्य आदि मौजूद रहे।

### मुख्य अतिथि ने फूल माला चढ़ा कर दी श्रद्धांजलि

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की 38वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को डुमरियागंज स्थित संगठन के कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें उनके विचारों को याद किया गया। डुमरियागंज तहसील अध्यक्ष राजेश पांडेय व संचालन वरिष्ठ पत्रकार आलोक श्रीवास्तव ने किया। उनके चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि व नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि माता प्रसाद पाण्डेय ने संगठन की विशेषता बताते हुए कहा कि संगठन में शक्ति होती है और सभी पत्रकार साथियों को संगठित होने का सुझाव दिया। उन्होंने समाज और पत्रकारों के संबंध बनाए रखते हुए मानवीय आधार पर कार्य करना चाहिए किसी द्वेष भावना या जातिगत आधार पर नहीं का विचार रखा। इस दौरान पप्पू रिजवी काजी रहमतुल्लाह, राकेश यादव, छोटे लाल पांडेय,नफासत रिजवी योगेश यादव, आफ़ताब आलम, मकसूद आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## गर्मी-लू से बचाव के लिए हुई बैठक



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवा के सभागार में एएनएम की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गर्मी और लू से बचाव के उपायों पर चर्चा की गई। अधीक्षक विकास चौधरी ने बैठक में कहा गर्मी और लू इस मौसम में बचाव बहुत ज़रूरी है इसलिए लोगों के बीच ओआरएस का वितरण किया जाए ताकि लू से बचाव हो सके। हेल्थ सेंटर पर नियमित रूप से जाकर लोगों को जागरूक करे और स्वास्थ्य सुविधा देने पर जोर दिया जाए। स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाइयों की उपलब्धता पर भी विचार किया गया। टीकाकरण की सफलता पर चर्चा हुई। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में शुक्रवार के बजाय किसी और दिन टीकाकरण करने का सुझाव दिया गया। इसके लिए माइक्रोप्लान बनाने को कहा गया ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को टीका दिया जा सके। बैठक में डीएमसी, बीएमसी बीओसी अल्पना, डीसीपीएम राजेश कुमार, एलटी अब्दुल कयूम के साथ साथ भारी संख्या में एएनएम उपस्थित रही।

## ईद उल अज़हा पर्व के मद्देनज़र बसखारी थाने पर हुई बैठक

**बसखारी, अम्बेडकरनगर।** आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से थाना बसखारी परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी नगर देवेंद्र कुमार मौर्य ने की, जबकि नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अधिशासी अधिकारी संजय जैसवार तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी के अधीक्षक डॉ. भास्कर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य एवं थाना प्रभारी संत कुमार सिंह द्वारा उपस्थित धर्मगुरुओं, मौलवियों एवं संभ्रांत नागरिकों से त्यौहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर अथवा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न दी जाए।

## डिजिटल युग में कानूनी चुनौतियों का समाधान करता है साइबर सेल : इंद्र भूषण

अवधनामा संवाददाता




**सेमरियावा (संत कबीर नगर)।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा में आयोजित समर कैंप के छठवे दिन छात्र छात्राओं को दुधारा थाने का भ्रमण कराया गया। थानाध्यक्ष इंद्र भूषण सिंह ने महिला अपराध, साइबर अपराध, बाल अपराध व एफआईआर के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी व संचालन शिक्षक कमरे आलम ने किया। थानाध्यक्ष दुधारा इंद्र भूषण सिंह ने कहा कि डिजिटल युग में विभिन्न कानूनी चुनौतियों का समाधान करने के लिए साइबर कानून महत्वपूर्ण है। यह व्यक्तियों, संगठनों और सरकारों को साइबर अपराधों से बचाने में मदद करता है, गोपनीयता और डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करता है, और इंटरनेट पर व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए ऑनलाइन गतिविधियों को नियंत्रित करता है। उप निरीक्षक राजेश कुमार दुबे ने कहा कि महिला सुरक्षा का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को शारीरिक और मानसिक हिंसा से बचाना है, जैसे कि घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, और कार्यस्थल पर उत्पीड़न को रोकना है।

## एक ही ब्लॉक में आठ वर्षों से जमे सचिव स्थानांतरण नियमों की उड़ा रहे धज्जियां, जिम्मेदार बेखबर

### बढ़नी ब्लॉक में अंगद के पाँव की तरह विगत 8 वर्षों से जमे सचिव काट रहे मौज




अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लॉक में स्थानांतरण नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अपने कार्यकाल से अधिक समय व्यतीत करने के बाद भी विभागीय रहमोकरम पर विगत आठ वर्षों से सचिव कुंडली मारकर बैठे है और मौज काट रहे है। जानकार सूत्रों की माने तो एक ब्लॉक में ग्राम पंचायत सचिवों को अधिकतम पांच वर्षों की तैनाती का विधान बताया जाता है। किन्तु बताते है कि बढ़नी ब्लॉक में दो सचिव विगत मार्च 2017 से अर्थात आठ वर्षो से कुंडली मारकर बैठे है और मौज काट रहे हैं जिसमें से एक सचिव को अभी हाल ही में ब्लॉक क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत भ्रष्टाचार के आरोप में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया है और दूसरा सचिव विभागीय रहमोकरम पर 2 क्लस्टर के ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के विकास की इबारत लिख रहा है। क्षेत्र के दर्जनों बुद्धिजीवियों का कहना है कि शासन प्रशासन द्वारा बनाए गए स्थानांतरण नियमों की धज्जियां उड़ाने में कहीं न कही कतिपय ऊंची कुर्सी पर बैठने वाले लोग ही जिम्मेदार हैं जिससे इनकार नहीं किया जा सकता है।

## पुष्यलोक लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर स्मृति अभियान अन्तर्गत हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# विलक्षण प्रतिभा और प्रखर बुद्धि की धनी थीं पुष्यलोक रानी अहिल्याबाई होल्कर : मंत्री

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** पुष्यलोक लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर स्मृति अभियान 2025 के अन्तर्गत मंगलवार को मुख्य अतिथि मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उ0प्र0 सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर की उपस्थिति में लोहिया कला भवन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान मंत्री जी के साथ सांसद जगदम्बिका पाल, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, पूर्व विधायक इटवा डॉ सतीश द्विवेदी भी मौजूद रहे।

जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई भारतीय इतिहास की उन महान नारियों में से है जिन्होंने नारी शक्ति, प्रशासनकि दक्षता और धर्म परायणता का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया जिसकी स्मृति आज भी भारतीय जनमानस में श्रद्धा के साथ अंकित है। 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमद नगर स्थित चांड़ी ग्राम में जन्म हुआ था। प्रारम्भ से ही विलक्षण प्रतिभा, और प्रखर बुद्धि की धनी थी। उनके पिता मानकोजी शिंदे मराठा साम्राज्य में पाटिल के पद पर कार्यरत थे उन्होंने अपनी पुत्री को मर्यादा, नीति और धर्म का संस्कार बचपन से ही दिया। विवाह के उपरान्त अहिल्याबाई मालवा राज्य की बहू बनी और कालांतर में राज्य की महारानी बनी। उन्होने देश भर में मन्दिरों, कुॅओ, धर्मशालाओं और घाटों का निर्माण करवाया, जिनमे काशी, गया, सोमनाथ, द्वारका, रामेश्वरम्, तैसे तीर्थ स्थलों पर कराया। भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु कार्य किया जा रहा है। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा किप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में विकसित भारत में महिलाओ को बराबर का दर्जा मिला है। कश्मीर से कन्या कुमारी तक पुष्यलोक लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। अहिल्याबाई ने किसानो की समस्याओ को प्राथमिकता दी। किसानों को उनकी उपज के लिए उचित मूल्य दिलाने हेतु कर्जमाफी और बाजार व्यवस्था को सुदृढ़ किया। पूर्व मंत्री डॉ द्विवेदी ने कहा की महिला सशक्तिकरण की प्रतीक देवी अहिल्या बाई ने बाबा विश्वनाथ के मंदिर को वर्तमान स्वरूप देने का काम किया था। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा कि पुष्यलोक लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर ने महिलाओ के मान सम्मान को बढ़ाने के लिए नारी शिक्षा पर जोर दिया। इससे पहले महिलाओ को सिर्फ घरों में थोड़ा बहुत पढ़ाने का चलन था। इन्हे महिला सशक्तीकरण का प्रतीक माना जाता है। उन्होने विधवा महिलाओ को यह अधिकार दिया कि पति द्वारा छोड़ी गयी सम्पत्ति की उत्तराधिकारी होगी। इन्होंने अपने राज्य क्षेत्र में दलितों आदिवासियों और पिछड़ों के उद्धार के लिए अनेक कार्य किये। इस अवसर पर जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्षगण लाल जी त्रिपाठी, रामकुमार कुंवर, चेयरमैन गोविंद माधव, शिवनाथ चौधरी, हरिशंकर सिंह, विपिन सिंह, विजयकांत चतुर्वेदी, दीपक मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, सचिदानंद चतुर्वेदी, अजय उपाध्याय, राजेंद्र पांडेय, दिलीप चतुर्वेदी, तेजू विश्वकर्मा, गौरीशंकर अग्रहरि, बिंदुमती मिश्रा, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा एंव भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।


## सुंदरकांड पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन, भारी संख्या में जुटे श्रद्धालु



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** जेठ माह के तृतीय मंगलवार पर जिला परिषद मार्केट स्थित भाजपा कार्यालय पर कर्मयोगी परिवार द्वारा सुंदर काण्ड पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने सामूहिक सुंदर कांड पाठ के बाद आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। सुबह 10 बजे से आयोजित भंडारे में बूंदी और पूड़ी, सब्जी, छोला आदि का वितरण देर शाम तक होता रहा। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते हुए बताया कि ज्येष्ठ माह का बड़ा मंगलवार हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। इस तरह के आयोजन से धार्मिक और सामाजिक कार्यों में रुचि भी बढ़ती है। ईश्वर के प्रति आस्था प्रगाढ़ होती है। यह धार्मिक और सामाजिक रूप से बहुत ही पुण्य का कार्य है। इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से आपसी प्रेम एवं समरसता का विस्तार होता है, एक साथ प्रसाद ग्रहण करने से समाज में सौहार्द को मजबूती मिलती है। इस दौरान नरेंद्र मणि त्रिपाठी, लवकुश ओझा, चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, मधुसूदन अग्रहरि, पंडित राकेश शास्त्री, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, लालजी शुक्ला, अमरेंद्र त्रिपाठी, शत्रुहन सोनी, राजन अग्रहरि, संजय मिश्रा, अजय अग्रहरि, अवधेश चौधरी, प्रेम पाण्डेय, धर्मेश पाण्डेय, रामचंद्र यादव, कमलेंद्र त्रिपाठी, अभिषेक युवराज, संतोष अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

## अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से ले : डीएम



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आई.जी.आर.एस. की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने आईजीआरएस सम्बन्धी मामलों के निस्तारण की अद्यतन स्थित की अधिकारियों से फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बंधित आईजीआरएस के प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से ले और यथा संभव उनके निस्तारण का प्रयास करें। अधिकारी सभी शिकायतकर्ताओं से संपर्क स्थापित करते हुए उनसे फोन पर बातचीत करें। जहाँ पर मौके पर जाना जरूरी है वहाँ पर मौके पर जाकर शिकायत का समाधान कराए। जब अधिकारी स्थल पर जाए तो शिकायतकर्ता को अवश्य सूचित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि सभी जन-शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व ससमय किया जाए। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों से रैंकिंग मॉड्यूल में हुए बदलाव को भलीभांति समझने और शिकायत निस्तारण की कार्यवाही को त्वरित गति से करने के निर्देश प्रदान किये।

## लौगिक सच्चाई का आइना

बानू मुश्ताक का कहानी संग्रह हार्ट लैम्प लैगिग सच्चाई का एक आइना है। लड़की होना जाति और राष्ट्रीयता से भी बड़ी मुसीबत बन जाती है। अगर लड़की कोई गरीब हो जिसके पास न शिक्षा हो न सम्पत्ति का हक हो वह जेन्डर धर्म का शिकार, बन जाती है। या तो जीवन भर तड़पती है या मौत को गले लगा लेती है। बुकर प्राइस जीतना एक बड़ा मौका है। हार्ट लैम्प कन्नड़ में लिखी गई जिसका अंग्रेजी में अनुवाद दीया अवस्थी ने किया। यह बुलर प्राइज जीतने वाली पहली कन्नड़ कहानी है। पहली बार किसी अनुवादक को यह सम्मान दिया गया है। संग्रह की कहानियां ढेरो मुसीबतों के बावजूद जी रही है। उनसे हमेशा समायोजन के लिये कहा जाता है। चाहे शादी हो या बसों की यात्रा हो उनके सपने है। किसी ने ठीक कहा है औरत पैदा होने से पहली ही हारी हुई होती है। यातो लिंग जांच में पता चलते ही कि लड़की है उसका गर्भापात करा दिया जाता है। लोग लड़की पैदा होने की खबर सुनते है तो उनमें वह उत्साह और खुशी नही होती है जो लड़का पैदा होने की खबर सुनकर होती है।

हार्ट लैम्प मुस्लिम औरतों जिन्दगी के अनुभव है। यह आगे भूख, दबाव और बहनपे तक जाती है। महिला की मानसिकता का एक दयनीय नमूना देखिये मर्दो को दफ्नाने के लिये काम करने वाली एक गरीब औरत जब सुनती है कोई अमीर मरा है तो उसे लगता है हम गरीबों के लिये एक जीत है। बानू दिखाती है कि औरत और मदो के रिश्तों में ताकत और हिंसा से काम करते है। कहानी में एक पात्र है जिसे बेटी पैदा होने से छोड़ दिया जाता है। दुर्गाति यह कि वापस उसे उसी पर घर में खदेड दिया जाता है जब उसे गाली गलौज, मारपीट, उत्प्रीडत सहना पड़ रहा था जो अब भी सहना पड़ेगा। औरत अपनी मर्जी से जी नहीं सकती है।

कहानी में एक पात्र ईश्वर से स्त्री बनने की प्रार्थना करती है। कहानी के मुताबिक ईश्वर अगर महिला होते तो कुछ अच्छा करते। मुस्लिम होकर मुस्लिम औरतो के बारे में बार के लिये मुशकिल था। उनकी एक कहानी ने कट्टर पन्थियों को उनके खिलाफ खड़ा कर दिया था। फिर भी वह हिम्मत के साथ अपनी बात पर डटी रही। उन्होंने जोर देकर यह साफ कहा कि इस्लाम औरतो को मस्जिद में नमाज पढ़ने से नही रोकता है। यह पितृसत्ता है जो ऐसा कहती है।

बार की कहानियां मे तीखा व्यंग है जो समाज के सामने समाज का सड़न लेकर आती है। कहानी संग्रह औरतों ककी नज़र से पैसो, भोजन, आराम, मां के दूध तक की कमियां दिखती है। किताब की अनुवादिका द्वीपा अवस्थी ने अनुवाद में स्थानीय शब्दों का ही प्रयोग करेगी। इसे सफलता पूर्वक निभाया है दीपा का तरीका किताब को असली और प्रासंगिक दुनिया के लिये यह किताब भारत के लैगिक सच्चाई का एक आइना है। यह किताब हारी औरतों की बगावत है जिन्होंने चुप रहने से इनकार कर दिया है।

हिन्दी में औरत की हैसियत पर लेखिकाओं का बड़ा जगात है। वे बड़ी तदाद में हर विषय को उठा रही है। चाहे कविता हो कहानी हो, उपन्यास हो या नाटक हो या अखबारों में लेख हो। अब औरतो ने चुप रहने से इनकार कर दिया है मुखर होकर हर क्षेत्र मर्दो को पक्षड़ रही है। मैने कई घर देखे है जंहां आदमी औरतों की तरह चूड़ी पहन कर बैठ रहता है। न कही आता नकदी आजादी हर चीज का जिम्मा अपने घर वाली पर छोड़ दिया वह है। औरत सारे सामाजिक धार्मिक, आर्थिक पहलुओं पर बुद्धिमता पूर्वक काम करती है। शिक्षा, देतीफीने, अर्टिफिसियल डिवाई ने औरतों को बड़ी शक्ति दे दी है। इसीलिये आज कल औरतो का बड़े संस्थानों बिजनेस इस्ट्रबिलशमेंटो में सर्वोपर कुछ कुशनता पूर्वक से चलाने में कर रही है। कम्पटीशनों में महिलायें टाप कर रही है ज्यादा नम्बर में आ रही है। उन्हें शुभकामनायें यह गति बढ़ती रहे।

## मोहन सरकार के नवाचार कृषि क्षेत्र में ला रहे हैं बदलाव

**हर्षवर्धन पान्डे**

मध्यप्रदेश की मोहन सरकार ने अपने कार्यकाल में कृषि क्षेत्र में कई नवाचारों और नीतियों को लागू करके राज्य को कृषि क्षेत्र में विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने, खेती को लाभकारी बनाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन नीतियों में कृषि उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने, सिंचाई के बेहतर संसाधनों की उपलब्धता और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलवाने के लिए अनेक पहल की गई है। मोहन सरकार ने रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को कम करने के लिए जैविक और पारम्परिक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वयं इस बात पर बल दिया है कि जैविक खेती न केवल एक उत्पादन विधि है, बल्कि यह किसानों की समृद्धि और आत्मनिर्भरता का आधार है। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, मध्यप्रदेश में वर्तमान वर्ष में लगभग 1 लाख एकड़ क्षेत्र में जैविक खेती का कार्यक्रम चल रहा है और आगामी वर्षों में इसे 5 लाख हेक्टेयर तक विस्तारित करने का लक्ष्य रखा गया है।

जैविक कृषि को बढ़ावा देने के साथ ही प्रदेश में मटर, सोयाबीन, तुअर दाल और आलू जैसे फसलों का उत्पादन में राज्य में तेजी आई है और इन उत्पादों का निर्यात भी काफी बढ़ा है जिसने किसानों की आय में वृद्धि के साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की है। कृषि क्षेत्र में ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए मोहन सरकार ने सौर पंप योजना को बेहतर तरीके से लागू किया है। इस योजना के तहत किसानों को मात्र 10 फीसदी राशि जमा करने पर सौर पंप उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अगले तीन वर्षों में 32 लाख सौर पंप वितरित करने का लक्ष्य सरकार ने रखा है। इसके अतिरिक्त किसानों द्वारा उत्पादित अतिरिक्त बिजली को सरकार खरीदेगी जिससे किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। यह योजना न केवल बिजली बिल से मुक्ति दिलाएगी, बल्कि किसानों को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाएगी।

मध्यप्रदेश में बीते डेढ़ वर्ष में कृषि मंडियों का आधुनिकीकरण, विपणन और भंडारण की सुविधाओं में भी बड़ा सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने किसानों के उत्पादों को बेहतर दाम दिलवाने के लिए कृषि मंडियों और कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं में विस्तार किया है जिससे किसानों को अपनी उपज को बाजार में बेहतर मूल्य पर बेचने का अवसर मिल रहा है। नई जरूरतों के मुताबिक अब अलग-अलग मंडियों की स्थापना पर विचार किया जाना चाहिए।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की कृषि मंडियों को आदर्श बनाने के निर्देश दिए हैं। मंडियों में आधुनिक सुविधाओं को बढ़ाने से लेकर उनके प्रबंधन को और अधिक पारदर्शी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। मंडी शुल्क का उपयोग किसानों की कल्याणकारी गतिविधियों के लिए किया जा रहा है साथ ही फल, सब्ज और मसाला मंडियों की स्थापना पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा, राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर भी विशेष ध्यान दिया गया है जिससे किसानों को उचित लाभ मिल रहा है। इन प्रयासों से राज्य में कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**देश भर के होटल प्रबंधन संस्थान परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं ताकि वे राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और वैश्विक स्तर पर उद्योग जगत की मांगों की पूर्ति के अधिक करीब हो सकें। सरकारी दिशा-निर्देशों और उद्योग जगत की प्रतिक्रिया के आधार पर तेजी से लाए जा रहे परिवर्तनों के साथ इन संस्थानों में बेहतरीन रूप से प्रभावशाली शिक्षण वातावरण विकसित किया जा रहा है जिसमें न केवल छात्रों को शिक्षित किया जा सके बल्कि आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सक्षम होने हेतु प्रेरित भी किया जा सके।**

# होटल प्रबंधन संस्थान में करियर निर्माण- परिवर्तन की नयी राह

**ज्ञान भूषण, डॉ प्रतीक घोष**

नयी ऊर्जा से भरपूर वैश्विक आतिथ्य उद्योग के विस्तार के साथ भारत आतिथ्य के क्षेत्र में कुशल पेशेवर कर्मियों का शक्ति केंद्र बनने के लिए तैयार हो रहा है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) इस सिलसिले को आगे बढ़ाने में सबसे आगे हैं। इन संस्थानों को बहुत लंबे समय से उत्कृष्टता, व्यावहारिक प्रशिक्षण और विश्व स्तरीय पेशेवरों को तैयार करने की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। इन संस्थानों में अब आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश शुरू हो गए हैं। ऐसे में इच्छुक छात्रों के लिए आतिथ्य के क्षेत्र में संतोषजनक करियर बनाने पर विचार करने का इससे बेहतर कोई और समय नहीं हो सकता।

होटल प्रबंधन संस्थान की विरासत पद्म संजीव कपूर, शेफ मंजीत गिल, पुनीत चटवाल, रंजू एलेक्स, पद्म श्री शेफ दामू जैसी शख्सियतों से समृद्ध है। वास्तव में, अनुभवी और अपने क्षेत्र के दक्ष लोगों की यह सूची बहुत लंबी है। इसे और भी बढ़ाया जा सकता है और इसमें कई विख्यात मिशेलिन-सितारों और हस्तियों को शामिल किया जा सकता है। यह शानदार सूची आतिथ्य के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने के मामले में न केवल भारत बल्कि संपूर्ण विश्व में होटल प्रबंधन संस्थान की गहरी पहुंच और व्यापकता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। देश भर के होटल प्रबंधन संस्थान परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं ताकि वे राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और वैश्विक स्तर पर उद्योग जगत की मांगों की पूर्ति के अधिक करीब हो सकें। सरकारी दिशा-निर्देशों और उद्योग जगत की प्रतिक्रिया के आधार पर तेजी से लाए जा रहे परिवर्तनों के साथ इन संस्थानों में बेहतरीन रूप से प्रभावशाली शिक्षण वातावरण विकसित किया जा रहा है जिसमें न केवल छात्रों को शिक्षित किया जा सके बल्कि आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सक्षम होने हेतु प्रेरित भी किया जा सके।

**उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत करना :** होटल प्रबंधन संस्थान आतिथ्य उद्योग के साथ संबंधों को मजबूत कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहां जो पढ़ाया और सिखाया जा रहा है उसमें उद्योग की अपेक्षाएं प्रदर्शित हों। इस तरह की साझेदारी से पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता बढ़ती है, छात्रों को उद्योग जगत का मूल्यवान अनुभव प्राप्त होता है और रोजगार के लिए उनका आसानी से प्लेसमेंट सुनिश्चित होता है। इस प्रयास में ताज, मैरियट, ओबेरॉय, आईटीसी जैसे होटल ब्रांड और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सक्रियता से सहयोग कर रहे हैं। वे इंटर्नशिप, भर्ती सहायता और मेंटरशिप के अवसर प्रदान कर रहे हैं। केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों और प्रमुख होटल श्रृंखलाओं के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर इस सहयोग को और मजबूत करता है जिससे छात्रों को सुव्यवस्थित तरीके से संकाय-उद्योग संपर्क, संयुक्त रूप से अनुसंधान और सीखने के



व्यावहारिक अनुभव के लाभ मिल पाते हैं।

**पाठ्यक्रम अद्यतन करने के लिए कार्य बल :** एक समर्पित कार्य बल ने नए-नए विषयों को शामिल करने के लिए होटल प्रबंधन संस्थानों के पाठ्यक्रम को संशोधित किया है ताकि उन्हें भविष्य के लिए तैयार रहने योग्य बनाया जा सके। इसमें आतिथ्य के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग, डिजिटल मार्केटिंग, सतत पर्यटन से लेकर सांस्कृतिक विविधता प्रबंधन तक विभिन्न विषय शामिल किए गए हैं। इस तरह यह पाठ्यक्रम अब यह दर्शाता है कि 21वीं सदी में कार्य करने वाले कर्मियों की आवश्यकताएं क्या होंगी। छात्रों को न केवल मुख्य तौर पर होटल संचालन में बल्कि व्यवहार कुशलता, उद्यमिता और उभरती हुई तकनीकों में भी प्रशिक्षित किया जाता है। ये ऐसे कौशल हैं जो उन्हें बहुमुखी और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के योग्य बनाते हैं।

**प्रवेश में वृद्धि के लिए उठाए गए कदम :** होटल प्रबंधन संस्थानों ने इस क्षेत्र में काम करने की अधिक सामर्थ्य और संभावना वाले छात्रों को आकर्षित करने की आवश्यकता की पहचान करते हुए प्रवेश में वृद्धि के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया है। इनमें शामिल हैं : विद्यालयों और कैरियर मेलों में जागरूकता अभियान। आतिथ्य शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने के लिए मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंच। डिजिटल मंचों पर उपस्थिति में वृद्धि, जिससे छात्रों और अभिभावकों को प्रवेश संबंधी विवरण की जानकारी आसानी से मिल जाती है। इसके अतिरिक्त, होटल प्रबंधन संस्थान प्रवेश की प्रक्रिया (एनसीएचएम-जेईई) को सुव्यवस्थित करने, इसमें पारदर्शिता, कुशलता बढ़ाने और छात्रों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

**प्लेसमेंट के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां :** प्लेसमेंट में निरंतरता के प्रदर्शन के लिए होटल प्रबंधन संस्थानों की व्यापक रूप से प्रतिष्ठा है। इनके अंतिम वर्ष के छात्रों को शीर्ष आतिथ्य श्रृंखलाओं, एयरलाइनों, क्रूज लाइनों और बहुराष्ट्रीय निगमों में नियुक्त किया जाता है। होटल प्रबंधन संस्थानों में बने प्लेसमेंट सेल उद्योग जगत के साथ सक्रियता से जुड़े रहते हैं ताकि यह सुनिश्चित कर सकें कि उनके स्नातकों के लिए शानदार नौकरियों के प्रस्ताव सुरक्षित हों। उदाहरण के लिए, इस वर्ष डॉ. अंबेडकर होटल प्रबंधन संस्थान (एआईएचएम) चंडीगढ़ ने एक छात्र एक प्लेसमेंट का शानदार शत-प्रतिशत रिकॉर्ड हासिल किया। इस क्षेत्र में क्रूज लाइनरों की रुचि एक बढ़ती हुई प्रवृत्ति है, जो अब नियमित रूप से कैंपस प्लेसमेंट में भाग लेते हैं और छात्रों को दुनिया भर के लग्जरी जहाजों पर रोमांचक अंतरराष्ट्रीय करियर के अवसर प्रदान करते हैं।

**वैश्विक संपर्क और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग :** होटल प्रबंधन संस्थानों ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस क्रम में मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (अमेरिका) के साथ उल्लेखनीय साझेदारी से अकादमिक आदान-प्रदान, शोध सहयोग और वैश्विक नेटवर्किंग संभव हो सका है। वहीं, छात्रों को यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ बर्मिंघम और मॉरीशस के मैरियट होटलों में प्रतिष्ठित इंटर्नशिप कार्यक्रमों से भी लाभ मिलता है, जहां उन्हें आतिथ्य के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है और जानकारी मिलती है। ये सहयोग छात्रों के जीवन और कार्यों के विवरण में बहुत अधिक महत्वपूर्ण बिन्दु जोड़ते हैं और उनके करियर के क्षितिज का विस्तार करते हैं।

**संकाय विकास और नवाचार संस्कृति :** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की शुरुआत उत्कृष्ट शिक्षकों से होती है। शिक्षक और संकाय सदस्य उद्योग जगत की दृष्टि से प्रासंगिक बने रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए कि होटल प्रबंधन संस्थानों ने शीर्ष होटल ब्रांडों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर संकाय विकास कार्यक्रम शुरू किए हैं। इस दौरान संकाय सदस्यों को नवीनतम उपकरणों, शैक्षणिक तकनीकों और आतिथ्य संबंधी रुझानों से परिचित कराया जाता है जिनके संबंध में वे पुनः कक्षाओं में इस्तेमाल करते हैं।

# भूख की तकलीफ और दर्द को कभी हम समझ पाये

**2024 के वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 127 देशों में 105वें स्थान पर है, जिसका स्कोर 27.3 है, जो भूख के गंभीर स्तर को दर्शाता है। यह खाद्य असुरक्षा और कुपोषण की मौजूदा चुनौतियों के कारण उत्पन्न गंभीर भूख संकट को उजागर करता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे अविकसित है। बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका जैसे दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों का प्रदर्शन अच्छा है तथा वे मध्यम श्रेणी में आते हैं।**

दुनिया में करोड़ो लोग हर दिन भूख की तकलीफ़ को जीते हैं, बढ़ती उम्र, शारीरिक कमजोरी, गंभीर बिमारी, दिव्यांगता, अनाथ बेसहारा या कोई भी मजबूरी हो, जब तक आखिरी सांस है, तब तक भूख मिटाने के लिए अनाज चाहिए। केवल दो वक्त की रोटी के जद्दोजहद में ही न जाने कितनो की जिंदगी गुजर जाती है। दुनिया में हर कोई अपने हिस्से का भरपेट अन्न प्राप्त नहीं कर पाता है, अब तो अन्न में पोषक तत्वों की भारी कमी भी बड़ी समस्या है। भूख की कीमत



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

बहुत छोटीसी है, लेकिन फिर भी विश्व में बहुत बड़ा वर्ग इस कीमत को भी नहीं चूका पाता। दो वक्त की रोटी और परिवार के भरणपोषण के लिए मनुष्य लगातार संघर्ष करता है। भूख के कारण कई मासूम जिंदगियां कम उम्र में ही जान गंवाती है। अमीर का भोजन महंगा और गरीब का भोजन सस्ता हो सकता है परंतु भूख सबकी एक होती है, भले ही पैसा, पद, देश, प्रतिष्ठा, रंग-रूप, ऊंच-नीच, धर्म-जात कोई भी हो परंतु भूख में अंतर नहीं होता। जिनके पास पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध है उनको अन्न के मूल कीमत का ज्ञान नहीं होता, वें केवल पैसे से उसका दाम लगाते है, इसलिए शायद खाद्य बर्बादी में हमारा देश विश्व में दूसरे क्रमांक पर आता है।

जिनके पास भरपूर मात्रा में भोजन के विभिन्न पर्याय उपलब्ध है, वे स्वाद अनुरूप थोडासा खाना खाकर बाकी बचा हुआ अन्न सहजता से फेंक देते है। किसी भी कारणवश जिस दिन हमें भूख लगने पर भी भोजन नहीं मिलता, उस दिन रूखी-सुखी रोटी की भी अहमियत दुनिया की बड़ी दौलत नजर आती है। भोजन की कमी के कारण बहुत बड़ी जनसंख्या नरकीय यातनाओं में जीवन बसर करती है। जन्म से ही भोजन की कमी के कारण बच्चों का सर्वांगीण विकास नहीं होता, संघर्षमय जीवन तभी से शुरू हो जाता है, जिम्मेदारियों का बोझ मासूम कंधो पर आ जाता है, इन जिम्मेदारियों के आगे उनके अधिकार, न्याय, समानता भी बौने प्रतीत होते है। बच्चे से उसका बचपन और मासूमियत छीन ली जाती है, भविष्य अंधकारमय लगता है। अन्न की कमी से जूझते हुए लोग मजबूरी में बद से बदतर स्थिति का सामना करते है, जो मिले वो खाने को तैयार होते है, लोगों की जूठन, कूड़ा, घासपुस यहाँ तक की मिट्टी तक खाते है, हैती देश में गरीब लोग मिट्टी की रोटी बनाकर खाते है। भूख सीधे हमारे स्वास्थ्य पर असर करती है, इससे शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के नुकसान झेलने पड़ते है। भूख इंसान से गुनाह तक करवाती है।

हर साल 28 मई को विश्व भूख दिवस दुनियाभर में जागरूकता हेतु मनाया जाता है। इस साल 2025 की थीम हर कोई खाने का हकदार है यह है। यह थीम प्रत्येक के लिए पौष्टिक भोजन तक पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। विश्व में सभी लोगों को खाने के लिए

**विश्व भूख दिवस विशेष**




पर्याप्त भोजन उगता है, अर्थात कोई भूखा नहीं रहेंगा, फिर भी, बड़ी जनसंख्या पर्याप्त कैलोरी और पोषक तत्वों की कमी से झुज रही है, क्योंकि वे स्वस्थ आहार का खर्च नहीं उठा सकते, साथ ही दूसरी ओर खाद्य बर्बादी है। हर साल, नौ मिलियन लोग भूख से संबंधित कारणों से मर जाते हैं; इनमें से कई 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं। सभी बाल मृत्युओं में से आधे कुपोषण के कारण होती हैं। विश्व बैंक के अनुसार, वैश्विक खाद्य कीमतों में मात्र 1 प्रतिशत की वृद्धि से 10 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी में चले जाते है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक अनुसार, 18.3 प्रतिशत आबादी अत्यधिक बहुआयामी गरीबी में रहते हैं। 83.7 प्रतिशत गरीब लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। सभी गरीब लोगों में से लगभग 70.7 प्रतिशत लोग उप-सहारा अफ्रीका और दक्षिण एशिया के ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं।

2024 के वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 127 देशों में 105वें स्थान पर है, जिसका स्कोर 27.3 है, जो भूख के गंभीर स्तर को दर्शाता है। यह खाद्य असुरक्षा और कुपोषण की मौजूदा चुनौतियों के कारण उत्पन्न गंभीर भूख संकट को उजागर करता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे अविकसित है। बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका जैसे दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों का प्रदर्शन अच्छा है तथा वे मध्यम श्रेणी में आते हैं। यूएनईपी की खाद्य अपशिष्ट सूचकांक रिपोर्ट 2024 में भारत वैश्विक स्तर पर शीर्ष खाद्य अपशिष्ट उत्पादकों में शामिल है, भारत में प्रति व्यक्ति घरेलू खाद्यान्न की बर्बादी प्रति वर्ष 55 किलोग्राम है, देश में विशाल जनसंख्या के कारण प्रति वर्ष कुल 78 मिलियन टन खाद्यान्न बर्बाद हो जाता है। विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति के 2024 संस्करण के अनुसार, 2023 में 713 से 757 मिलियन लोगों को भूख का सामना करना पड़ा अर्थात दुनिया में हर 11 में से एक व्यक्ति और अफ्रीका में हर पांच में से एक व्यक्ति। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2.33 बिलियन लोग मध्यम या गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे है और 3.1 अरब से अधिक लोग पोषकतत्वों से भरपूर आहार खरीदने में असमर्थ है। सेव द चिल्ड्रेन इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन के विश्लेषण के अनुसार, 2024 में कम से कम 18.2 मिलियन बच्चे भूख की स्थिति में पैदा हुए, अर्थात प्रति मिनट लगभग 35 बच्चे। संघर्ष और जलवायु संकट की यह स्थिति प्रत्येक वर्ष कम से कम 800,000 अतिरिक्त बच्चों को भूख की ओर धकेलेंगी।

संयुक्त राष्ट्र ने 2030 तक भुखमरी को दुनिया से पूरी तरह से समाप्त करने का लक्ष्य रखा है, यद्यपि कुछ क्षेत्रों में प्रगति हो रही है, फिर भी समग्र रूप से भूख का स्तर पिछले कुछ वर्षों से स्थिर बना हुआ है। जलवायु परिवर्तन, संघर्ष और आर्थिक असमानता जैसे कारक समस्या को अधिक बढ़ा रहे हैं। कंसर्न वर्ल्डवाइड के अनुसार, यदि प्रगति की वर्तमान गति जारी रही, तो भुखमरी के स्तर को कम करने में साल 2160 तक का समय लग सकता है। 2024 के वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक में भारत 143 देशों में से 126वें स्थान पर है। ऑक्सफैम रिपोर्ट ने दर्शाया है कि, शीर्ष 1 प्रतिशत की आय हिस्सेदारी में लगातार वृद्धि हुई है। शीर्ष 5 प्रतिशत भारतीयों के पास देश की 60 प्रतिशत से अधिक संपत्ति है, निचले 50 प्रतिशत लोगों की आय में हिस्सेदारी में लगातार गिरावट आई है। ऑक्सफैम इंडिया की सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट रिपोर्ट 2023 अनुसार, भारत में अरबपतियों की कुल संख्या 2020 में 102 से बढ़कर 2022 में 166 अरबपति हो गई है, जबकि भूख से जूझ रहे भारतीयों की संख्या 190 मिलियन से बढ़कर 350 मिलियन हो गई है।

# फेक खबरें और टूटता विश्वास

**कोविड-19 महामारी के दौरान, नोटबंदी के समय और अभी अभी युद्ध के दौरान कई न्यूज चैनलों ने गलत सूचनाएं फैलाईं, जिससे जनता में भय और भ्रम फैला। फेक न्यूज सिर्फ गलत जानकारी तक सीमित नहीं है; यह सामाजिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देती है और समाज में तनाव पैदा करती है। टीआरपी की इस दौड़ में कई बड़े मीडिया हाउस तथ्यों की जांच को नजरअंदाज कर देते हैं।**

भारत में मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बाद मीडिया को यह दर्जा इसलिए दिया गया, क्योंकि यह समाज और सत्ता के बीच एक सेतु का काम करता है। यह जनता की आवाज को उठाता है, सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करता है और समाज में जागरूकता फैलाना है। लेकिन आज भारत में मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। फेक न्यूज, टीआरपी की दौड़ और सनसनीखेज पत्रकारिता ने इसके मूल




प्रतिक संघवी

उद्देश्य को धूमिल कर दिया है। इस लेख में हम मीडिया की भूमिका, उसकी चुनौतियों और गिरती विश्वसनीयता के प्रभावों पर चर्चा करेंगे।

**मीडिया को चौथा स्तंभ क्यों कहा जाता है? :** लोकतंत्र में मीडिया का काम सत्ता की निगरानी करना, जनता को सूचित करना और सामाजिक मुद्दों पर बहस को बढ़ावा देना है। यह सरकार और नागरिकों के बीच संवाद का माध्यम है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय अखबारों ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ जनमत तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज भी सच्ची पत्रकारिता समाज के दबे-कुचले वर्गों की आवाज बन सकती है। एक निष्पक्ष और साहसिक मीडिया सत्ता के दुरुपयोग को उजागर करता है, जिससे लोकतंत्र मजबूत होता है। यही कारण है कि इसे चौथा स्तंभ कहा जाता है।

**फेक न्यूज और टीआरपी की दौड़ :** आज के दौर में मीडिया का एक बड़ा हिस्सा टीआरपी और आर्थिक लाभ के पीछे भाग रहा है। युद्ध, संकट या सामाजिक उथल-पुथल के समय फेक न्यूज का प्रसार तेजी से बढ़ता है। इसका कारण है सनसनीखेज खबरों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करें, ताकि दर्शकों का ध्यान खींचा जाए। उदाहरण के लिए, हाल के वर्षों में भारत-पाकिस्तान तनाव या कोविड-19 महामारी के दौरान, नोटबंदी के समय और अभी अभी युद्ध के दौरान कई न्यूज चैनलों ने गलत सूचनाएं फैलाई, जिससे जनता में भय और भ्रम फैला। फेक न्यूज सिर्फ गलत जानकारी तक सीमित नहीं है; यह सामाजिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देती है और समाज में तनाव पैदा करती है। टीआरपी की इस दौड़ में कई बड़े मीडिया हाउस तथ्यों की जांच को नजरअंदाज कर देते हैं। दूसरी ओर, छोटे और स्वतंत्र पत्रकार या अखबार, जो सच्चाई के लिए काम करते हैं, संसाधनों की कमी और दबाव के कारण दब जाते हैं। फिर भी, इनका वजूद समाज के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये सत्य को सामने लाने का प्रयास करते हैं।और सरकार को और इन्फॉर्मेशन ब्रॉडकास्ट मिनिस्ट्री को भी इसमें एक्शन लेना होगा वरना कभी कभी यह स्थिति बेकाबू भी हो सकती है।

**मीडिया पर गालियों का दौर :** पहले एक




समय था जब कोई अपने आप को पत्रकार या मीडिया से जुड़ा हुआ बताता तो उसको एक अलग सम्मान की नजरों से देख जाता लेकिन भारत में मीडिया को गाली देना अब आम बात हो गई है। 'गोदी मीडिया' जैसे शब्दों का इस्तेमाल आम जनता और राजनेताओं द्वारा खुलकर किया जाता है। इसका कारण यह है कि कुछ मीडिया हाउस सत्ताधारी दलों या कॉरपोरेट हितों के पक्ष में खबरें चलाते हैं, जिससे उनकी निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं। सोशल मीडिया ने इस अविश्वास को और बढ़ाया है, जहां लोग खबरों की सत्यता पर सवाल उठाते हैं और वैकल्पिक सूचना स्रोतों पर भरोसा करते हैं। इसके बावजूद, सभी पत्रकार या मीडिया हाउस एक जैसे नहीं हैं। कई पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालकर सच को सामने लाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे अखबार और डिजिटल प्लेटफॉर्म समाज के हाशिए पर रहने वालों की आवाज उठाते हैं। लेकिन उनकी आवाज मुख्यधारा के शोर में दब जाती है।

**गिरती विश्वसनीयता और विस्फोटक स्थिति :** विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग लगातार गिर रही है। 2024 में भारत 180 देशों में 159वें स्थान पर था, जो चिंताजनक है। यह गिरावट पत्रकारों पर हमलों, सरकारी दबाव और स्वतंत्र पत्रकारिता पर बढ़ते प्रतिबंधों का परिणाम है। जब मीडिया अपनी विश्वसनीयता खो देता है, तो जनता का लोकतंत्र पर भरोसा भी कम होता है। इसका परिणाम सामाजिक अस्थिरता के रूप में सामने आ सकता है। जब लोग सच्चाई पर भरोसा नहीं करते, तो अफवाहें और गलत सूचनाएं तेजी से फैलती हैं। यह सामाजिक एकता को तोड़ सकती हैं और हिंसा को बढ़ावा दे सकती हैं। उदाहरण के लिए, फेक न्यूज के कारण कई बार सांप्रदायिक दंगे भड़के हैं।

**आगे का रास्ता और लोगों की मदद :** मीडिया की विश्वसनीयता को बहाल करने के लिए कुछ कदम जरूरी हैं, निष्पक्षता और जवाबदेहीः मीडिया हाउस को तथ्यों की जांच पर जोर देना होगा और सनसनीखेज पत्रकारिता से बचना होगा।

**पत्रकारों की सुरक्षा :** सरकार को पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी, ताकि वे बिना डर के काम कर सकें।और साथ ही साथ जनता को भी सही चैनल और पत्रकारों को ढूंढकर उसके ही न्यूज देखने की ठान लेनी होगी। और अच्छे न्यूज से बचकर सच्चे न्यूज तरफ जाना होगा और उसको ही साथ देना होगा।

**मीडिया साक्षरता :** जनता को फेक न्यूज और प्रचार से बचने के लिए शिक्षित करना जरूरी है। स्कूलों और समुदायों में मीडिया साक्षरता कार्यक्रम चलाए जा सकते हैं। स्वतंत्र पत्रकारिता को समर्थन : छोटे और स्वतंत्र मीडिया हाउस को आर्थिक और सामाजिक समर्थन देना होगा, ताकि वे सत्य को सामने ला सकें।

**कोई छोटे से छोटा पेपर या पत्रकार पूरे देश को चलाने का दम रखता है :** जी हाँ अगर सच्चाई से काम किया जाए तो मीडिया की लाइन में छोटा बड़ा कुछ नहीं होता हे जो मूल हे वो सत्य और सच्चाई वाले न्यूज बिना डरे दिखाने की क्षमता ही काफी हे। अगर ऐसा कोई चैनल या पेपर चल जाए और उसे लोगों का साथ मिल जाए तो वो पूरे देश को चला सकता हे या नया रास्ता दिखा सकता हे।मीडिया को चौथा स्तंभ इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यह लोकतंत्र की रीढ़ है। लेकिन जब यह टीआरपी और फेक न्यूज के चक्कर में पड़ जाता है, तो इसका प्रभाव समाज पर विनाशकारी हो सकता है। सच्ची पत्रकारिता, चाहे वह छोटे अखबारों या डिजिटल प्लेटफॉर्मों के माध्यम से हो, समाज का भरोसा जीत सकती है। भारत में मीडिया को अपने मूल उद्देश्य की ओर लौटना होगा, ताकि यह जनता की आवाज बन सके, न कि सत्ता या कॉरपोरेट हितों का औजार।

# विद्युत अव्यवस्था का समाधान खोजें अधिकारी : संदीप सिंह

अवधनामा संवाददाता




■ विकास योजनाओं का क्रियान्वयन उचित हो

**मथुरा।** बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभारी संदीप सिंह ने आज अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मथुरा में चल रही विद्युत समस्या का समाधान जो जिम्मेदार हैं खोजें। ताकि यहां के नागरिकों व यहां आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं हो।

श्री सिंह मंगलवार को जनपद के पीडब्ल्यू गेस्ट हाउस के सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के बाद उन्होंने कहा कि जो सुझाव जनप्रतिनिधियों ने आज की बैठक में दिए हैं उन बिंदुओं सभी बिंदुओं पर अभी और कार्य होने हैं उनकी समीक्षा वे अगली बैठक में करेंगे। उसका पूरा जबाव सहित सभी अधिकारी उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से जनपद महत्वपूर्ण यहां पर्यटन के विकास के कार्य काफी संख्या में चल रहे हैं वे समय से पूरे हो और उनकी गुणवत्ता सही रहे। क्योंकि पूरे देश व विदेश से पर्यटक आते हैं। समय से सुधार पर्यर्टक दृष्टि होने चाहिए। जोभी योजनाएं बने वे भी पर्यटक दृष्टि को ध्यान में रखकर करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हमारी प्रदेश सरकार के मुखिया योगी जी और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा प्रत्येक वर्ग के लिए सरकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ निचले पायदान तक के व्यक्ति को बिना भेदभाव के पहुंचे। यही सभी जिम्मेदार अधिकारियों का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास हो उनमें जनप्रतिनिधियों से करायें। उनकी शिला पट्टिकाओं पर जनप्रतिनिधियों के नाम अंकित हों। उनको जिले में अपराध और अपराधियों के विरूद्ध पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में एसएसपी श्लोक कुमार ने अवगत कराया।

# अहिल्याबाई के विकास का माडल पंचायतों के लिए मार्गदर्शक

अवधनामा संवाददाता

■ भाजपा का 'पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन' को बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री ने किया संबोधित

**मथुरा।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की संयुक्त महानगर जिला दोनों इकाइयों द्वारा 'पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन' का आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय विश्व विद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्था के किसान सभागार में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह , विधान परिषद सदस्य योगेश नौहवार जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रभारी मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन सभी के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने झांसी की रानी और बेगम हजरत महेल का उदाहरण देते हुए कहा कि इन वीरांगनाओं ने अपने साम्राज्य की रक्षा के लिए संघर्ष किया। भाजपा ऐसे सभी महात्माओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है, जिन्होंने समाज के उत्थान में योगदान दिया। श्री सिंह ने कहा कि रानी अहिल्याबाई ने विषम परिस्थितियों में भी कुशल शासन का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने अहिल्याबाई से प्रेरणा लेकर सरकार चलाई जा रही है। साधारण परिवार से राजघराने तक का सफर तय करने वाली अहिल्याबाई ने अपने राज्य को आदर्श बनाया। उन्होंने धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने जो विकास मॉडल अपनाया, वह आज भी पंचायत राज व्यवस्था के लिए मार्गदर्शक है। उनका हर निर्णय जनसेवा से प्रेरित था, न लाभ से, न दिखावे से।

# स्वतंत्रता मिलने के बाद आधुनिक भारत की नींव रखी थी पं. नेहरू ने : कांग्रेस

अवधनामा संवाददाता



■ जिले भर में मनायी गयी पूर्व प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

**ललितपुर।** आधुनिक भारत के निर्माता, आजाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री रहे स्व.पं.जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय पर उ.प्र.कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव/पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पौत्र/ पूर्व नगराध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने कहा कि स्व.पं.नेहरू ने स्वतंत्रता की लड़ाई में सबसे अधिक समय जेल में बिताया और 196 करोड़ की सम्पत्ति भारत को समर्पित कर दी। जिस भारत में सुई का निर्माण नहीं होता था, वहां आईआईटी, एम्स, हवाई जहाज, बांधों का निर्माण स्टील कारखानों का निर्माण, इसरो आदि का निर्माण कराकर आधुनिक भारत की नींव रखी। वहीं दूसरी ओर चांदमारी स्थित बुन्देला निवास पर महिला कांग्रेस महासचिव शोभाराजा के आतिथ्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आजादी से अभी तक जितना विकास कार्य नेहरूजी ने और कांग्रेस ने किया है, वह कोई भी नहीं कर सकता। नेहरूजी ने अपने आधुनिक विचारों से विकास की नींव रखी। अध्यक्षता करते हुये पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम सभी को नेहरू जी के बताये सिद्धांतों पर चलने की आवश्यकता है। इस दौरान ममता अहिरवार, पंकज हुण्डैत, शशिकांत दीक्षित, संजीव चौरसिया, रफीक अली, पवन विश्वकर्मा, खलक सिंह, मोहन सिंह, यशवीर सिंह, रामनरेश दुबे, लखन सिंह, संजीव अहिरवार, माखन लाल, मुकेश रजक, पुनीत देवलिया, असलम खां आदि मौजूद रहे। इधर महरौनी में पूर्व प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस दौरान पीसीसी आशाराम तिवारी ने कहा कि एक धनाड्य परिवार से आने वाले नेहरूजी ने पूरा जीवन देश को समर्पित कर दिया।

# जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा की गज़ब कार्यशैली

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** इसी माह एडेड माध्यमिक विद्यालयो में आगरा मंडल में आउट सोर्स कर्मचारी उपल्ब्ध कराने वाली एजेंसी वर्ल्ड क्लास सर्विस लिमिटेड ने 131 बेरोजगारों को रोजगार देते हुए जनपदों के विभिन्न एडेड माध्यमिक विद्यालय में चयन कर सूची जारी की थीं उक्त सूची जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा को भी उपल्ब्ध कराई गई थी। उक्त सूची प्राप्त होने के बाद उसी दिन जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा रवींद्र सिंह ने उसी दिन यानि की 7 मई को एडेड माध्यमिक विद्यालयो के प्रिंसीपल को पत्र जारी करते हुए तत्काल कार्यभार ग्रहण कराने के आदेश जारी किए। कुछ आउट सोर्स कर्मचारी कार्यभार ग्रहण करने वाले थे और कुछ ने कार्यभार ग्रहण किया ही था कि जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा रवींद्र सिंह ने वॉट्स एप ग्रुप पर अपनी आई डी से आदेश जारी किया है कि 21मई से गर्मी अवकाश हो गए है आउट सोर्स कर्मचारीयो से काम न लिया जाए अब उन्हें जुलाई माह में विद्यालय बुलाया जाए। प्रिंसिपलो न उक्त आदेश का पालन करते हुए विधालय में एजेंसी से आए समस्त आउट सोर्स कर्मचारी को जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा रवींद्र सिंह का आदेश दिखाते हुए उनकी विधालय में उपस्थित दर्ज कराना बंद कर दिया।व्हाट्स एप ग्रुप में जब यह आदेश जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा रवींद्र सिंह ने जारी किया उसके बाद से ही विभागीय लोगों में उक्त आदेश को लेकर आक्रोश व्याप्त हो गया है ओर तरह तरह की चर्चाएं होने लगी है जब जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा को मालूम था 40 दिन के लिए विद्यालय बंद हो रहे हैं तो तत्काल कार्यभार ग्रहण कराने के लिए आदेश क्यो जारी किया गया।

# निर्विरोध चुने गये बाबू गंधर्व सिंह लोधी अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता



■ राजाराम गोस्वामी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के चुनाव हुए संपन्न

**ललितपुर।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की पूर्व निर्धारित बैठक मे चुनाव से संबंधित जिसकी प्रक्रिया 6 अप्रैल से प्रारंभ होकर 4 मई तक विधिवत की गई थी। समिति के अध्यक्ष बाबू गंधर्व सिंह लोधी की अध्यक्षता एवं समिति के महामंत्री जयशंकर प्रसाद द्विवेदी के संचालन में जिला पंचायत सभागार में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक उपरांत चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश नारायण देवलिया के द्वारा समिति का चुनाव संपन्न कराए गया। बैठक में तीन वर्षों मे किए गए कार्यों का लेखा-जोखा महासचिव ने प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष के अनुपस्थित होने के कारण समिति के अध्यक्ष की सहमति से महासचिव ने ही प्रस्तुत किया। समिति अध्यक्ष गंधर्व सिंह लोधी ने समिति के कार्यों पर अनुमोदन करते हुए ध्वनि मत से संतोष व्यक्त कर कार्यकाल पूर्ण होने पर कार्यकारिणी भंग की घोषणा की गई। चुनाव प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी एड. प्रकाश नारायण देवलिया को मंच सौंप कर उनसे चुनाव संपन्न करने का अनुरोध समिति ने किया। चुनाव अधिकारी ने समिति के पदों की घोषणा करते हुए क्रमशः एक-एक कर पद पर नाम आमंत्रित किए। सर्वसम्मति से निम्न पदों पर निर्वाचन संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष गंधर्व सिंह लोधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजाराम गोस्वामी, महासचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, कोषाध्यक्ष गिरजा शंकर दुबे, मीडिया प्रभारी मंजीत सिंह सलूजा, कृष्णकांत सोनी, उपाध्यक्ष उमाशंकर विदुआ, जे.के.सिंह, अशोक कुमार सोनी, रमेश पाठक, एम.पी.अग्निहोत्री, आसाराम तिवारी, सचिव अवध किशोर रावत, विशंभर दयाल श्रीवास्तव, प्रीतम लाल विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार गोस्वामी, शिवनारायण नायक, अनुराग शरण श्रीवास्तव, संगठन सचिव सुरेश कुमार श्रीवास्तव, प्रकाश दीक्षित, उप महासचिव आत्माराम रिछारिया, लालाराम बाजपेई, विधिक सलाहकार एड. सुनील कुमार जैन, राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, प्रकाश नारायण देवलिया, रघुवीर शरण सोनी, ऑडिटर अरविंद संज्ञा,जे.पी.पाराशर, रमाकांत दीक्षित, सक्रिय सदस्य सुरेश चंद्र जैन, मथुरा प्रसाद सोनी, राजबहादुर पस्तोर, महेश मिश्रा, छक्कीलाल साहू, भागचंद त्रिपाठी, सुनील शर्मा, विजय सिंह परमार, बलराम पचौरी, संरक्षक मंडल प्रताप नारायण दीक्षित, अशोक श्रीवास्तव, अवध बिहारी कौशिक, काशीराम साहू बाबा, चुनाव संपन्न होने पर नवनिर्वाचित तीसरा कार्यकाल प्रारंभ कर रहे महासचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने सर्वप्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन का बैठक कक्ष प्रदान करने एवं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर वरिष्ठ जनों के प्रति अपना समर्पण एवं सहयोग हेतु उनका धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित कराया। इस दौरान गंधर्व सिंह लोधी, प्रताप नारायण दीक्षित, आसाराम तिवारी, अशोक स्वर्णकार, बलराम पचौरी, गिरजा शंकर, अनुराग शरण, जगदीश प्रसाद, सुरेश श्रीवास्तव, प्रकाश दीक्षित, लालाराम बाजपेई, अरविंद संज्ञा, डा.एस.पी.पाठक, प्रमोद गोस्वामी, रमेश पाठक रविंद्र, मथुराप्रसाद सोनी, एमपी अग्निहोत्री, आत्माराम रिछारिया, जे.के.सिंह, छक्कीलाल साहू, उमाशंकर विदुआ, आदि सभी उपस्थित रहे।

# कड़ी मेहनत एवं ईमानदारी ही व्यापार में सफलता की कुंजी है



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन नगर अध्यक्ष मुईन अहमद ने समर्थकों के साथ नवीन प्रतिष्ठन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत एवं ईमानदारी ही व्यापार में सफलता की कुंजी है। मंगलवार को मलिकपुर स्थित अमन रेडीमेड गारमेंन्टस का फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरांत किसान नेता मुईन अहमद ने कहा कि व्यापारी को मृदुभाषी एवं ग्राहकों के प्रति ईमानदार होना चाहिए। हर व्यापारी को अपने सिद्धांतों एवं व्यापार के नियमों से समझौता नहीं करना चाहिए जो व्यापारी समय का ध्यान रखते हैं और कड़ी मेहनत करते हैं उन्हें सफलता मिलती है। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजकों ने मुख्य अतिथि को फूल मालायें पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शकील हुसैन, असगर खान, शादाब हुसैन, मोहम्मद रिहान, इंजमाम अली, ओवैस अली, ऐनुल अली, शिबू अली, साकिब अली, जुबेर खान आदि मौजूद रहे।

# बिजली-पानी ही बुन्देलखण्ड की मुख्य समस्या : इंजी. हृदेश यादव

अवधनामा संवाददाता



■ कम वोल्टेज से किसानों को नहीं मिल पा रहा खेतों को पानी : पूजा बुन्देलखण्डी

**ललितपुर।** मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया और वरिष्ठ सपा नेत्री पूजा यादव बुंदेलखंडी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिले में चल रही पानी और बिजली की समस्या पर उग्र विरोध प्रदर्शन किया और एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी के नाम सौंपा। सपा नेत्री पूजा यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी किसानों को बिजली नहीं मिल रही है और अगर मिल भी रही है तो बहुत कम वोल्टेज मिल रहा है जिससे बल्ब जलाना भी संभव नहीं हैं। वही दूसरी और ग्रामीण क्षेत्रों से भी शिकायतें आ रही हैं कि टंकी निर्माण और पाइप लाइन बिछाने के बाद भी पानी की सप्लाई शुरू नहीं की जा सकी है। जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया ने कहा कि जनपद में गर्मी अपने चरम पर है और ऐसे में आम जनमानस को इस समय बिजली और साफ पानी की अत्यंत आवश्यकता है। लगातार दिन रात हो रही अघोषित बिजली कटौती से जनपदवासी बेहाल है,छोटे-छोटे बच्चे बिना बिजली के रात-रात भर बिलखते रहते हैं। छात्रों की पढ़ाई लिखाई बाधित हो रही है। इस दौरान सपा की पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योतिसिंह लोधी, रामप्रताप सिंह, नीलू कुशवाहा, शाकिर अली, चारू जैन, शैलेन्द्र, बिटटू यादव, रानू मंसूरी, आशीष तालाबपुरा, पुष्पेन्द्र बलदाऊ, पंकज, शेखर ककरुआ समेत अनेक धनगौल, भैया यादव, मोनू खिरकन, राजेश झा, पुष्पेंद्र, दीपक सेन, रवि खटीक, बंटी मुहारा, राकेश बख्तर, एड.भानु, अनिल अहिरवार, शंकर, निखिल शर्मा, आशिफ, पुष्पेन्द्र कैलागुवां, इन्द्रजीत, महाराज लोधी, नवल घावरी, यादवेंद्र, राममिलन, विजय, शिवम, सुधीर, हुकुम सिंह, अमित, सुमित, प्रसन्न यादव, राजबहादुर, नरेन्द्र जहाजपुर, धर्मेंद्र नाराहट, लालू जिजयावन, मकुंद, वीरेंद्र, रमेश, दीपक आदि उपस्थित रहे।

# एसपी ने बुजुर्ग महिला की सुनी समस्या, किया त्वरित निराकरण



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने पुलिस कार्यालय में प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई की जा रही थी। जनसुनवाई के दौरान एक 80 बर्षीय बुजुर्ग महिला अपनी शिकायत लेकर पुलिस ऑफिस में आयी। बुजुर्ग महिला को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महिला के पास आये और सर्वप्रथम उसका हाल-चाल पूंछकर उसकी समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना। उक्त बुजुर्ग महिला की पारिवारिक समस्या का त्वरित व उचित निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। बुजुर्ग महिला ने पुलिस अधीक्षक को आशीर्वाद दिया। ललितपुर पुलिस के इस कार्य की मौके पर मौजूद आम जन मानस द्वारा भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

# आधुनिक भारत के निर्माता थे पंडित जवाहरलाल नेहरू

■ कांग्रेसियों ने पुण्यतिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को किया याद

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर सहित छिबरामऊ में आधुनिक भारत के निर्माता एवं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि कांग्रेसजनों द्वारा मनाई गई। कांग्रेसजनों ने सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया।

मंगलवार को नेहरू की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करनें के उपरान्त पूर्व जिलाध्यक्ष ऊषा दुबे ने कहा कि नेहरू जी ने आजादी के बाद जो देश के हालात थे। उसमें उन्होंने बहुत कार्य करके ठीक किया। बड़े बड़े अस्पताल शिक्षण संस्थान खोलने का कार्य किया। पूर्व सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विजय मिश्र ने पंडित नेहरू को आधुनिक भारत का निर्माता कहा जाता है। जिस देश में सुई तक नहीं बनती थी। उसमें जहाज बनाने का काम नेहरू जी ने किया।

नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना ने कहा नेहरू जी ने देश की आजादी में महात्मा गांधी जी के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। अंग्रेजो द्वारा कई बार उन्हें जेल में डालकर प्रताड़ित किया गया। देश की आजादी के बाद देश के हालात बहुत खराब थे सड़क, बिजली, पानी, स्कूल आदि बड़ी समस्याएं थी। बड़े बड़े कार्य कर उन्हें दूर किया। वह अदभुत प्रतिभा के धनी थे। इस अवसर पर संदीप त्रिवेदी, शानू खान, जुगुल किशोर पाठक, प्रदीप मिश्रा, प्रभात बाथम, नीतेश शाक्य, दीपू कुशवाहा, रमेश सविता, कमलकांत, अभय वर्मा, अंशु शर्मा, विनय कुमार, दिलीप शुक्ला, महेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे। उधर छिबरामऊ में कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष मो. शाकिर हुसैन के नेतृत्व में भारत रत्न, आधुनिक भारत के निर्माता प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर सभी कांग्रेसियों ने पण्डित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण और फूल चढ़ाकर श्रध्दांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष मो. शाकिर हुसैन ने कहा कि हरित क्रांति व श्वेत क्रान्ति के जनक स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरू जी थे। इस दौरान पीसीसी सदस्य संजय पौल ,हरिशंकर मिश्रा एडवोकेट, कांग्रेस सेवादल प्रदेश सचिव विनोद कुमार दुबे (पप्पू), प्रियंका दुबे, सी.बी. सिंह, विनय भदौरिया, जिलाध्यक्ष आरटीआई मो0 आमिर अंसारी एडवोकेट, मो. उवैस एडवोकेट, आमिर खान, राजू खान, मेहराज वारसी, मो. अनीस राजू, सरफ़राज अहमद, अश्वनी आदि मौजूद रहे।

# हाईवे किनारे खून से लथपथ मिला चौकी प्रभारी का शव

अवधनामा संवाददाता



■ सड़क दुर्घटना होने की जतायी जा रही आशंका, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**ललितपुर।** जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग (एन.एच.-44) स्थित ग्राम खड़ेरा के पास मंगलवार सुबह एक सनसनीखेज घटना ने पुलिस महकमे में हड़कम्प मचा दिया। बिरधा पुलिस चौकी के प्रभारी जितेंद्र सिंह का खून से लथपथ शव सड़क किनारे पाया गया। शव के पास रिवॉल्वर और मोटर साइकिल भी बरामद हुई। प्रारंभिक तौर पर पुलिस ने इसे सड़क हादसे का मामला माना है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के नेतृत्व में जांच शुरू हो चुकी है और सभी कानूनी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन छानबीन की जा रही है।

**घटना का विवरण :** मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने एन.एच.-44 पर खड़ेरा गांव के निकट खून से सना शव देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान बिरधा चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह के रूप में की। बताया जा रहा है कि चौकी बिरधा में तैनात जितेंद्र सिंह रात में काम से ललितपुर आये हुये थे और देर रात से उनका कोई संपर्क नहीं था। उनके शव के पास उनकी सर्विस रिवॉल्वर और मोटरसाइकिल पाई गई, जिससे प्रथम दृष्टया यह सड़क दुर्घटना का मामला प्रतीत होता है।

**पुलिस की प्रारंभिक जांच :** ललितपुर पुलिस के आलाधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया और मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है, ताकि मृत्यु के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सड़क दुर्घटना की संभावना जताई जा रही है, लेकिन सभी पहलुओं पर गहनता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम हर संभावित कोण, चाहे वह दुर्घटना हो, हत्या हो या आत्महत्या, सभी की जांच कर रहे हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच से स्थिति स्पष्ट होगी।

**कानूनी पहलू :** पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत (संदिग्ध मृत्यु की जांच) के तहत प्रारंभिक कार्रवाई शुरू की है। यदि पोस्टमॉर्टम या फोरेंसिक जांच में हत्या के सबूत मिलते हैं, तो हत्या या अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज, जितेंद्र सिंह के फोन रिकॉर्ड, और उनके हाल के संपर्कों की जांच शुरू कर दी है। साथ ही, घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र करने के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम को भी शामिल किया गया है।

**पुलिस विभाग में हड़कम्प :** जितेन्द्र सिंह की मौत की खबर से ललितपुर पुलिस महकमे में शोक और आक्रोश की लहर दौड़ गई है। उनके सहकर्मियों ने उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ और निष्ठावान अधिकारी बताया। पुलिस विभाग ने उनके परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। इस बीच, पुलिसकर्मियों के बीच यह चर्चा आम है कि एक चौकी प्रभारी की इस तरह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत क्षेत्र में बढ़ते अपराध और असुरक्षा का संकेत हो सकती है।

# अधेड़ के ट्रैक्टर ने मारी टक्कर हुई मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रैक्टर ने सड़क पार कर रहे अधेड़ के जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जिन्हें परिजनों द्वारा इलाज के लिये ले जाते समय रास्ते में दम तोड दिया। मंगलवार की सुबह 09:30 बजे क्षेत्र के कस्वा समधन के मोहल्ला दारासराय निवासी 55 वर्षीय इन्शाद खां पुत्र मैनुद्दीन खां घर के पास आरामशीन पर लकडी लेने गये थे। जहां से वापस आते समय सड़क पार करने के लिये पटरी पर खड़े थे तभी गुरसहायगंज की ओर से अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें परिजनों द्वारा आनन-फानन में निजी वाहन से अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में दम तोड दिया। वृद्ध का शव जैसे ही आवास पर आया तभी परिजनों में कोहराम मच गया। उधर ट्रैक्टर व चालक को नागरिकों ने पकड़कर समधन चौकी पुलिस को सौंप दिया।

# यातायात प्रभारी ने अभियान के दौरान नशेडी चालक का किया चालान

■ चेकिंग ट्रैक्टर ट्रालियों में सवारियां बैठा कर चलने वाले चालकों को दी हिदायत



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात कुलबीर सिंह के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफाक खां द्वारा ट्रैक्टर ट्रालियों में सवारियां बैठाकर ले जाने वाले वाहन स्वामियों एवं चालकों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एक ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में पाया गया। जिसका पन्द्रह हजार रुपये का चालान किया गया। वहीं कई ट्रैक्टर चालकों को और ट्रैक्टर पर सवार लोगों को यातायात प्रभारी द्वारा अनावश्यक खतरा मोल ना लेने की सलाह दी गई। कई ट्रैक्टर चालकों को चेतावनी देकर भविष्य में सवारियां न बैठाने का वादा कराके यातायात प्रभारी द्वारा छोड़ा गया। प्रभारी द्वारा बताया गया कि अधिकतर धार्मिक अनुष्ठान के कारण गांव देहात के लोग ट्रैक्टर ट्रालियों में बैठकर मंदिरों में या घाटों तक जाते हैं। लेकिन इसमें सबसे खतरनाक काम यह करते हैं कि बहुत से लोग पीछे ढाले के पास खड़े होकर हवा लेने की कोशिश करते हैं। जरा सा डिसबैलेंस होने पर या किसी गाड़ी के जरा सा टच होने पर कई लोगों के गिरने की संभावना बनी रहती है। यदि कोई गिरता भी है तो पीछे से आने वाले वाहनों द्वारा कुचलने का डर बना रहता है। ऐसी कई घटनाएं हो भी चुकी हैं। जिसमें कई लोग जान गवां चुके हैं। सभी ट्रैक्टर चालकों एवं ट्रैक्टर ट्रालियों में बैठे लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ताकि भविष्य में दुर्घटनाएं रोकी जा सकें। इस मौके पर मुख्य आरक्षी विजय बाबू एवं आरक्षी अंकुर सांगवान व चालक नीरेश कुमार मौजूद रहे।

## दक्षिण कोरिया में लहराएगा मेरठ का परचम, पारुल-रूपल की रफ्तार और अन्नू का भाला करेगा कमाल




**मेरठ।** एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 27 मई यानी आज से दक्षिण कोरिया में होने जा रहा है। प्रतियोगिता में 59 सदस्यीय भारतीय टीम प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता में मेरठ से ही तीन महिला एथलीट हिस्सा लेंगी।

इसमें 3000 मीटर स्टीपल चेज में पारुल चौधरी, 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस में रूपल और भाला फेंक में अन्नू रानी प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता को लेकर रूपल और अन्नू साउथ कोरिया पहुंच चुकी हैं। तीनों खिलाड़ियों से ही देशवासियों को पदक की उम्मीद होगी।

पारुल की बात करें तो उन्होंने अभी हाल ही में दोहा में आयोजित डायमंड लीग में 3000 मीटर स्टीपल चेज में नेशनल रिकार्ड भी बनाया है। इन तीनों एथलीट की बात करें तो उन्होंने अपने प्रदर्शन से हमेशा देश का नाम रोशन किया है। अन्नू, रानी और पारूल चौधरी ने वर्ष 2023 एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर मेरठ समेत पूरे देश का नाम रोशन किया था। अब एक बार फिर एशियाई खेलों में उनके ऊपर पदक लाने की जिम्मेदारी होगी।

वहीं रूपल चौधरी की बात करें तो रूपल भी कई नेशनल व इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर देश का नाम रोशन कर चुकी हैं।

# गुलवीर ने 10000 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक, पैदल चाल में सेबेस्टियन ने दिलाया कांसा

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलीटों ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत की है और पहले ही दिन पदक का खाता खोल लिया है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि उनसे पहले सर्विन सेबेस्टियन ने पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इस तरह भारत ने अपना अभियान जीत के साथ शुरू किया।

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 26 वर्षीय गुलवीर ने 28 मिनट 38.63 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 27:00.22 सेकेंड है जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में बनाया था। जापान के मेबुकी सुजुकी (28:43.84) ने रजत, जबकि बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप (28:46.82) ने कांस्य पदक जीता। भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए 59 सदस्यीय दल भेजा है। भारत ने पिछली बार इस चैंपियनशिप में 27 पदक जीते थे।




**सेबेस्टियन ने खोला था जीता का खाता**

इससे पहले दिन में सर्विन सेबेस्टियन ने पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में एक घंटा 21 मिनट और 13.60 सेकेंड (1:21:13.60) का समय लेकर कांस्य पदक जीतकर भारत का प्रतियोगिता में खाता खोला था। चीन के वांग झाओझाओ (1:20:36.90) और जापान के केंटो योशिकावा (1:20:44.90) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। सेबेस्टियन का समय उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 1:21:23 से थोड़ा अधिक था, जो उन्होंने इस वर्ष फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था। इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अमित 1:22:14.30 समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

## बेल्जियम-नीदरलैंड मिलकर पुरुष और महिला हॉकी वर्ल्ड कप की करेंगे मेजबानी

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड को चौथी बार पुरुष वर्ल्ड कप मेजबानी मिली है। वह इससे पहले 1973, 1998 और 2014 में मेजबानी कर चुका है। महिला वर्ल्ड कप की बात करें तो वह 1986, 2014 और 2022 में इसका आयोजन कर चुका है। बेल्जियम और नीदरलैंड को 2026 पुरुष और महिला हॉकी वर्ल्ड कप की मेजबानी संयुक्त रूप से मिली है। दोनों देश मिलकर इन दोनों टूर्नामेंट का आयोजन करेंगे। एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। एफआईएच के कार्यवाहक अध्यक्ष सैफ अहमद की अध्यक्षता में कार्यकारी बोर्ड की वर्चुअल बैठक के दौरान यह फैसला लिया गया। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने एक बयान में कहा, संयुक्त आयोजन जुलाई या अगस्त 2026 में एम्स्टर्डम/ एम्स्टेलवीन (नीदरलैंड) और वावरे (बेल्जियम) में होगा। इसमें महिला और पुरुष टीमें दोनों स्थानों पर खेलेंगी।÷ सीईओ थियरी वेइल ने कहा, ÷एफआईएच की ओर से मैं उन सभी राष्ट्रीय संघों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मेजबानी के लिए बोली लगाई।

## नासिर के गोल से कानपुर को तीन अंक से हराकर 36वीं वाहिनी रामनगर ने जीती ट्रॉफी



**वाराणसी।** वाराणसी में पूर्वी जोन अंतर वाहिनी हॉकी के फाइनल मैच में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही अन्य खेलों में भी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जीते हुए खिलाड़ियां को सम्मानित किया गया।

पूर्वी जोन अंतर वाहिनी हॉकी का फाइनल सोमवार शाम खत्म हो गया। बीएचयू के एंफीथियेटर में एस्ट्रोटर्फ पर खेले गए मुकाबले में रामनगर की 36वीं वाहिनी पीएसी के नासिर के गोल ने कानपुर की 37वीं वाहिनी पीएसी को तीन गोल से हरा दिया। उद्घाटन विवि क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. बीसी कापरी ने किया। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब नौशाद ने पांच गोल कर जीता।

फाइनल मुकाबले में पहला गोल 7वें मिनट में मोहम्मद सलमान और 23वें मिनट में अयाज ने किया। दूसरे हाफ में एक मात्र गोल 36वीं वाहिनी पीएसी के फॉर्वर्ड खिलाड़ी नासिर अंसारी ने तीन खिलाड़ियों को चकमा देते हुए किया।

37वीं वाहिनी पीएसी टीम के गोलकीपर पवन यादव ने विरोधी टीम के कई अवसरों को बेकार कर दिया। कप्तान नीतेश दूबे ने बताया कि मैन टू मैन मार्किंग और छोटे-छोटे पास से टीम को जीत मिली।

मुख्य अतिथि डीआईपी पीएसी मनोज कुमार सोनकर ने ओवरऑल बेस्ट खिलाड़ी का पुरस्कार नौशाद को दिया।

इस मौके पर राजेश कुमार, कैलाश नाथ यादव, संजयसिंह, अजीत प्रताप सिंह, रवि राय मौजूद रहे। **तीन दिन चली-** तीन दिन तक चली प्रतियोगिता में पूर्वी जोन की दस टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कुल 160 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

# सिंगापुर ओपन में सिंधू की जीत से शुरुआत

**नई दिल्ली।** सिंधू ने सिर्फ 31 मिनट तक चले मुकाबले में झांग को 21-14, 21-9 से हराया। हालांकि, सिंधू के लिए आगे की राह कठिन है। सिंधू ने जहां विजयी आगाज किया, वहीं अन्य भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

दो बार की ओलंपिक पदक विजता पीवी सिंधू ने सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत की है। सिंधू ने कनाडा की वेन यु झांग को हराकर मंगलवार को दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। सिंधू ने सिर्फ 31 मिनट तक चले मुकाबले में झांग को 21-14, 21-9 से हराया। हालांकि, सिंधू के लिए आगे की राह कठिन है क्योंकि उनका सामना अब टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता और फिलहाल विश्व रैंकिंग में पांचवें नंबर पर मौजूद चीन की यू फेई से होगा।

सिंधू ने जहां विजयी आगाज किया, वहीं अन्य भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। मालविका बंसोड़, अनमोल खरब, प्रियांशु रजावत और किरण जॉर्ड को अपने-अपने मुकाबलों में हार सामना करना पड़ा और ये खिलाड़ी पहले ही दौर से बाहर हो गए। मालविका और प्रियांशु एक गेम की बढ़त लेने के बावजूद लय बरकरार नहीं कर सके।

मालविका को थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त सुपानिदा कातेथोंग के खिलाफ 21-14, 18-21, 11-21 से, जबकि प्रियांशु को पुरुष एकल वर्ग के मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त जापान के कोदाई नारोका के खिलाफ 21-14, 10-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, चेन ने अनमोल को मात दी। अनमोल ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद दूसरे गेम में अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन अंत में उन्हें 11-21, 22-24 से शिकस्त मिली।

ध्रुव-क्रास्टो भी नहीं पेश कर सके चुनौती

## कमल हासन ने अली फजल की जमकर की तारीफ, कहा- आप भारत के अहम अभिनेता हैं



**मुंबई।** कमल हासन साउथ के सुपर स्टार हैं। जल्दी ही उनकी फिल्म ठग लाइफ रिलीज होने वाली है। इसका ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है। फिल्म ठग लाइफ के एक प्रोग्राम में दिग्गज अभिनेता कमल हासन ने बॉलीवुड अभिनेता अली फजल की तारीफ की है। अली फजल जल्द ही साउथ सिनेमा में ठग लाइफ से शुरुआत करने वाले हैं।

एक वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कमल हासन अली फजल को संबोधित करते हुए कहते हैं अली आप हैं यहां? स्वागत है। मैंने आपको विशाल जी की फिल्म में देखा है। आप मुझे पसंद आए। मैंने सोचा कि मैं आपके साथ काम करूंगा। शुक्रिया। आप भारत के बहुत अहम अभिनेता हैं। हमारे घर के सिनेमा में आपका स्वागत है।

आपको बता दें अली फजल ने 3 इडियट्स से बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने फुकरे, सोनाली केबल, खामोशियां, हैप्पी भाग जाएगी, खूफिया जैसी फिल्मों में काम किया है। वह जल्द ही मेट्रो इन दिनों, लाहौर 1947 और ठग लाइफ में नजर आने वाले हैं।

कमल हासन अभिनेता होने के साथ-साथ निर्देशक और फिल्म निर्माता भी हैं। वह पांच साल की उम्र से सिनेमा की दुनिया में एक्टिव हैं। वह अब तक 230 फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। उन्होंने तमिल के अलावा मलयालम, तेलुगू, हिंदी, कन्नड़ और बंगाली भाषा की फिल्मों में काम किया है। कमल हासन ने साल 1960 में कालाथुर कन्नम्मा फिल्म से एक्टिंग की शुरूआत की थी। तब से अब तक वह फिल्मों में काम कर रहे हैं।

फिल्म 'ठग लाइफ' एक तमिल भाषा की गैंगस्टर एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म को मणि रत्नम निर्देशित कर रहे हैं।

## सलमान खान से लेकर इमरान हाशमी तक की फिल्में हैं कोरियन मूवीज की रीमेक



**मुंबई।** आज के समय में भारतीय दर्शकों द्वारा कोरियन फिल्म्स और ड्रामा बहुत पसंद किया जा रहा है। हम बात करेंगे उन बॉलीवुड फिल्मों के बारे में, जो कोरियन फिल्मों के रीमेक हैं। आज के दौर में दर्शक कोरियन फिल्मों और ड्रामा से काफी आकर्षित हो रहे हैं। लगभग सभी उम्र के लोग कोरियन फिल्मों को पसंद कर रहे हैं। इतना ही नहीं लोग तो उनके लुक्स और ड्रेस को भी अपना रहे हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि भारत में कुछ बॉलीवुड फिल्में ऐसी हैं, जो कोरियन फिल्मों की रीमेक हैं। आज हम जानेंगे उन फिल्मों के बारे में। प्रभु देवा के निर्देशन में साल 2021 में सलमान खान अभिनीत फिल्म राधे रिलीज हुई। यह फिल्म कोरियन फिल्म द आउटलॉज से इंस्पायर थी। राधे बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। इस फिल्म में सलमान खान के साथ मुख्य भूमिका में दिशा पाटनी थीं। इमरान हाशमी अभिनीत आवारापन साल 2007 में रिलीज हुई थी, जिसे मोहित सूरी द्वारा निर्देशित किया गया था। इमरान हाशमी की इस रोमांटिक-एक्शन फिल्म की कहानी एक कोरियन फिल्म से प्रेरित थी, जिसका नाम था बीटरस्वीट, जो 2005 में रिलीज हुई थी। आवारापन फिल्म में इमरान हाशमी के साथ श्रिया शरन मुख्य भूमिका में थीं। मोहित सूरी के निर्देशन में साल 2014 में एक फिल्म आई एक विलेन, जो रोमांटिक-एक्शन फिल्म थी।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04060 | नई दिल्ली | 09:30 | खोरधा रोड जं. | 17:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.06.2025 तक |
| 04059 | खोरधा रोड जं. | 18:30 | नई दिल्ली | 00:30 | | रविवार | 15.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04520 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 09.07.2025 तक |
| 04519 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | | गुरु, रवि | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दिया राष्ट्रीय सुरक्षा पर जोर



**नई दिल्ली।** राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम-चरण 7 के उद्घाटन सत्र में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमारी मानसिकता को बड़े पैमाने पर बदल दिया है। हम पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हैं। उन्होंने नेत्र रोग विशेषज्ञ एम एल राजा को एक साल के लिए डॉ एस राधाकृष्णन चेयर के लिए नामित किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें एकजुट होने की जरूरत है। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्वदेशी ताकत भी जरूरी है। उन्होंने एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की। उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम-चरण 7 के उद्घाटन सत्र में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमारी मानसिकता को बड़े पैमाने पर बदल दिया है। हम पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हैं। यह हमारे शांति के संदेश और आतंकवाद के प्रति हमारी पूर्ण असहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए विदेश गए प्रतिनिधिमंडलों में सभी राजनीतिक परिदृश्यों की भागीदारी में परिलक्षित होता है।

उन्होंने कहा कह हाल की घटनाओं को देखते हुए हमारे पास एकजुट रहने और मजबूत होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें स्वदेशी ताकत की आवश्यकता है। युद्ध को ताकत की स्थिति में टाला जाना चाहिए। शांति तब सुरक्षित होती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और इसलिए ताकत तकनीकी कौशल, पारंपरिक हथियारों के अलावा लोगों से भी आती है। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को नेत्र रोग विशेषज्ञ एम एल राजा को एक साल के लिए डॉ एस राधाकृष्णन चेयर के लिए नामित किया।

# दिल्ली भाजपा में एक भी पूर्वांचली नहीं बना जिलाध्यक्ष

**आबादी**

दिल्ली की एक तिहाई से अधिक आबादी रखने वाले पूर्वांचली समाज के लोगों को केवल पांच टिकट दिए गए थे।



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान भी भाजपा पर पूर्वांचलियों की उपेक्षा का आरोप लगा था। दिल्ली की एक तिहाई से अधिक आबादी रखने वाले पूर्वांचली समाज के लोगों को केवल पांच टिकट दिए गए थे। दिल्ली भाजपा ने आज अपने सभी 14 जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी है। इसमें चार गूजर, तीन पंजाबी और दो दलित समुदाय के लोगों को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। दो महिलाओं को भी जिलाध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर दिया है। लेकिन पार्टी ने पूरी दिल्ली में एक भी पूर्वांचली चेहरे को जिलाध्यक्ष नहीं बनाया है, जबकि पार्टी के कार्यक्रमों में भीड़ जुटाने से लेकर पार्टी का झंडा उठाने तक में पूर्वांचल के कार्यकर्ता ही सबसे आगे रहते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान भी भाजपा पर पूर्वांचलियों की उपेक्षा का आरोप लगा था। दिल्ली की एक तिहाई से अधिक आबादी रखने वाले पूर्वांचली समाज के लोगों को केवल पांच टिकट दिए गए थे। इसमें चंदन चौधरी, डॉ. पंकज कुमार सिंह, कपिल मिश्रा और अभय वर्मा जीत हासिल करने में सफल रहे थे, जबकि किराड़ी से बजरंग शुक्ला को हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा के मुकाबले आम आदमी पार्टी ने लगभग एक दर्जन पूर्वांचली उम्मीदवारों को टिकट थमाया था। लेकिन इसके बाद भी 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में एक तरफा आम आदमी पार्टी का साथ देने वाले पूर्वांचली समुदाय ने 2025 में भाजपा पर भरोसा किया और दिल्ली में 27 साल बाद उसकी सरकार बनाने में बड़ी भूमिका निभाई। लेकिन इसके बाद भी पूर्वांचली कार्यकर्ताओं की उपेक्षा इन कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर खुलकर अपनी इस नाराजगी को प्रकट भी कर दिया है। पूर्वांचल के एक भाजपा कार्यकर्ता ने अमर उजाला से कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जब दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया था, तब यही कहा गया था कि पार्टी के इस निर्णय से यूपी-बिहार से लेकर मध्य प्रदेश तक का बनिया समुदाय प्रभावित होगा और वह पार्टी से खुद को जुड़ा महसूस करेगा। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी की यह रणनीति मुख्यमंत्री के पद पर ठीक बैठती है तो क्या जिलाध्यक्षों के मामले में पूर्वांचलियों की उपेक्षा का बिहार चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा? उन्होंने कहा कि पार्टी को इस पर विचार करना चाहिए। वहीं, दिल्ली भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने अमर उजाला से कहा कि जिलाध्यक्षों की सूची को केवल इस दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। पिछले विधानसभा चुनावों में केवल पांच पूर्वांचली चेहरों को अवसर दिया गया था, लेकिन चुनाव जीतने के बाद डॉ. पंकज कुमार सिंह और कपिल मिश्रा को सरकार में मंत्री बनाया गया है। लक्ष्मी नगर से विधायक अभय वर्मा को दिल्ली विधानसभा में मुख्य सचेतक बनाया गया है। ऐसे में यह कहना सही नहीं होगा कि पार्टी ने पूर्वांचली समाज की उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पूर्वांचल के कार्यकर्ताओं की पार्टी के प्रति लगन, भाव और मेहनत को देखते हुए एक अलग मोर्चा ही बना दिया गया है। इससे भाजपा के लिए पूर्वांचली मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का महत्त्व समझ में आता है।

## मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए नेहरू की आलोचना में सक्रिय मास्टर डिस्टोरियन, प्रधानमंत्री पर कांग्रेस हमलावर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि %मास्टर डिस्टोरियन (तथ्यों को तोड़ने मरोड़ने के महारथी) करार दिया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- आज पंडित नेहरू की पुण्यतिथि है, और आज के दिन भी देश का स्वयंभू सर्वोच्च नेता और इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने वाला मास्टर डिस्टोरियन नेहरू-विरोध में सक्रिय है। यह बेहद दुखद और निंदनीय प्रयास है-उन गंभीर सवालों से ध्यान भटकाने का, जिनका जवाब उन्हें देना चाहिए।

## सरकार करेगी आनलाइन कंपनियों के साथ बैठक



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार डार्क पैटर्न अपनाने वाली कई कंपनियों से निपटने की तैयारियां कर रही है। इस संदर्भ में सरकार 28 मई को ऑनलाइन कंपनियों के साथ बड़ी बैठक करने जा रहा है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री की अध्यक्षता की बैठक में होगी। इस बैठक में कई फूड, फार्मेसी, यात्रा, सौंदर्य प्रसाधन, खुदरा, वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियां भाग लेंगी। साथ ही कई लिस्टेड कंपनियां भी शामिल होंगी।

डार्क पैटर्न को लेकर होने वाली इस बैठक में अमेजन, फ्लिपकार्ट, वन एमजी, एप्पल, बिगबास्केट, मीशो, मेटा, मेकमाईट्रिप, पेटीएम, ओला, रिलायंस रिटेल लिमिटेड, स्विगी, जोमैटो, यात्रा, उबर, टाटा, ईजमाई ट्रिप, क्लियर ट्रिप, इंडियामार्ट, इंडिगो एयरलाइंस, जिगो, जस्ट डायल, मेडिका बाज़ार, नेटमेड्स, ओएनडीसी, थॉमस कुक और व्हाट्सएप जैसी कंपनियां शामिल होंगी। दरअसल, डार्क पैटर्न एक तरह का यूजर इंटरफेस होता है जो इस तरह से डिजाइन किया जाता है कि इससे कंपनी का फायदा हो सके। कंपनी अपने प्लेटफॉर्म पर प्राइसिंग और प्रोडक्ट डिटेल से जुड़ी कुछ चीजें हाइड करती हैं या ऐसी जगह रखती हैं जहां यूजर्स को दिखता नहीं है। कई बार प्रोडक्ट खरीदने के लिए कंपनी एक अर्जेंसी बना देती हैं। जैसे आपको कोई बेहतर डील कुछ समय के लिए दिखती है, उस पर टाइमर लगा होता है। ऐसे में ग्राहक को लगता है कि इसे अभी नहीं खरीदा तो उसे ऑफर्स का फायदा नहीं मिल पाएगा और वो फटाफट वो प्रोडक्ट खरीद लेता है। कुल मिलाकर कहें तो डॉर्क के जरिए कंपनियां ग्राहकों को मैनिपुलेट करती हैं, जिससे वो उनका प्रोडक्ट खरीद लेते हैं। डार्क पैटर्न सिर्फ ऑनलाइन ही नहीं होता है, बल्कि कंपनियां इसे ऑफलाइन भी करती हैं।

अर्जेंसी- इसके तहत कंपनी अक्सर ग्राहक से झूठ बोला जाता है। इसमें यूसर्ज के सामने आपत स्थिति पैदा करते हुए कहा जाएगा कि डील खत्म होने वाली है, स्टॉक खत्म होने वाला है, रेट बढ़ने वाले हैं आदि। ताकि लोग जल्दी खरीदारी कर सके। वहीं, बास्केट स्नीकिंग डार्क पैटर्न में ग्राहक को बिना बताए ही उसे एक्स्ट्रा प्रोडक्ट दे दिया जाता है। इसके बाद उस अतिरिक्त प्रोडक्ट की कीमत भी उसके बिल में जोड़ दी जाती है। कंफर्म शेमिंग एक ऐसा डार्क पैटर्न है, जिसके तहत किसी भी साइट में एंट्री कर लेने के बाद वहां से एग्जिट करने में बहुत मुश्किल होती है। यानी जानबूझकर वेबसाइट पर रोके रखने की कोशिश की जाती है।

## किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ.., कोर्ट ने खारिज की सावरकर का नाम 1950 के कानून में जोड़ने की याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विनायक दामोदर सावरकर का नाम 1950 के प्रतीक और नाम कानून में जोड़ने की याचिका खारिज कर दी। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता के किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं हुआ है, इसलिए यह याचिका अनुच्छेद 32 के तहत स्वीकार नहीं की जा सकती।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उस याचिका खारिज कर दिया, जिसमें केंद्र सरकार को विनायक दामोदर सावरकर का नाम %प्रतीक और नाम (अनुचित उपयोग की रोकथाम) अधिनियम, 1950% की अनुसूची में शामिल करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। यह कानून पेशेवर और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए कुछ खास प्रतीकों और नामों के अनुचित उपयोग को रोकने के लिए बनाया गया है।

# वक्फ कानून से जुड़ी अर्जी पर केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 द्वारा संशोधित वक्फ अधिनियम, 1995 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को 1995 के वक्फ अधिनियम को चुनौती देने वाली लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ दिया।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 22 मई को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद तीन मुद्दों पर अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया था। इसमें अदालतों द्वारा वक्फ, वक्फ बाई यूजर या वक्फ बाई डीड घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति और मामले में जिलाधिकारी की शक्ति भी शामिल है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अंतरिम आदेश सुरक्षित रखने से पहले करीब तीन दिन तक वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, राजीव धवन और अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनीं, जो संशोधित वक्फ कानून के विरोध में याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सरकार का पक्ष रखा।

केंद्र ने इस अधिनियम का दृढ़ता से समर्थन करते हुए कहा कि वक्फ अपनी प्रकृति से ही एक धर्मनिरपेक्ष अवधारणा है और संवैधानिकता की धारणा के इसके पक्ष में होने के मद्देनजर इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। वहीं, याचिकाकर्ताओं की पैरवी कर रहे सिब्बल ने इस कानून को ÷ऐतिहासिक कानूनी और संवैधानिक सिद्धांतों से पूर्ण विचलन÷ तथा ÷गैर-न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने÷ का जरिया बताया।

**चुनौती**

झारखंड की एक महिला न्यायिक अधिकारी ने चाइल्ड केयर लीव की अस्वीकृति को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

सिब्बल ने कहा, यह वक्फ संपत्तियों पर सुनियोजित तरीके से कब्जा करने का मामला है। सरकार यह तय नहीं कर सकती कि कौन से मुद्दे उठाए जा सकते हैं। पहला मुद्दा ÷अदालतों द्वारा वक्फ, वक्फ बाई यूजर या वक्फ बाई डीड÷ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति से जुड़ा हुआ है। दूसरा मुद्दा राज्य वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना से संबंधित है। याचिकाकर्ताओं की दलील है कि पदेन सदस्यों को



छोड़कर केवल मुसलमानों को ही राज्य वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में काम करना चाहिए। तीसरा मुद्दा उस प्रावधान से जुड़ा है, जिसमें कहा गया है कि जब कलेक्टर यह पता लगाने के लिए जांच करते हैं कि संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं, तो वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा। दूसरे मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें विनायक दामोदर सावरकर के नाम का दुरुपयोग न करने और उनका नाम प्रतीक एवं नाम (अनुचित प्रयोग की रोकथाम) अधिनियम में शामिल करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सावरकर के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए दंड के रूप में सामुदायिक सेवा करने का निर्देश देने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता के किसी भी मौलिक अधिकार पर कोई असर नहीं पड़ा है। झारखंड की एक महिला न्यायिक अधिकारी ने चाइल्ड केयर लीव की अस्वीकृति को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया गया। पीठ ने 29 मई को मामले की सुनवाई करने पर सहमति जताई। वहीं महिला न्यायिक अधिकारी की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि वह एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश और एकल अभिभावक हैं।

# मशहूर नेपाली पर्वतारोही कामी रीता ने 31 बार किया माउंट एवरेस्ट फतह



**काठमांडू।** नेपाल के पर्वतारोही कामी रीता ने 31वीं बार माउंट एवरेस्ट फतह कर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे अधिक बार चढ़ाई का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस बार वह भारतीय सेना के एवरेस्ट अभियान का मार्गदर्शन कर रहे थे। नेपाल के मशहूर पर्वतारोही कामी रीता ने मंगलवार को 31वीं बार माउंट एवरेस्ट को फतह किया। इस तरह उन्होंने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे ज्यादा बार चढ़ाई करने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया।

इस अभियान के आयोजक और सेवन समिट ट्रेक्स के अध्यक्ष मिंगमा शेरपा ने बताया कि कामी रीता (55 वर्षीय) ने सुबह करीब चार बजे मौसम सामान्य रहने पर 8,849 मीटर ऊंची चोटी के शिखर पर पहुंचे। वह इस बार भारतीय सेना की एडवेंचर विंग के एवरेस्ट अभियान की टीम का मार्गदर्शन कर रहे थे, जिसका नेतृत्व लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज जोशी कर रहे थे।

काठमांडू पोस्ट ने मिंगमा शेरपा के हवाले से कहा, यह नई उपलब्धि दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे ज्यादा बार चढ़ने वाले वाले व्यक्ति के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करती है। यह एक ऐसा रिकॉर्ड है, जिसके आसपास भी अभी तक कोई नहीं पहुं पाया है।

मिंगमा शेरपा ने आगे बताया कि चोटी पर पहुंचने के बाद कामी रीता सुरक्षित और स्थिर हैं। उन्होंने नीते उतरना शुरू कर दिया है और अब बेस कैंप की ओर लौट रहे हैं। हमेशा की तरह कामी ने अपने बेजोड़ कौशल और पेशेवर अनुभव को फिर से साबित किया है। हम उनकी इस महान उपलब्धि पर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं और जो विरासत वह बना रहे हैं, वह हमारे लिए गौरव का विषय है।

पिछले दो वर्षों में कामी रीता ने हर मौसम में दो बार माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई की। इसके साथ ही उनकी सफल चढ़ाइयों की संख्या 30 हुई। सेवन समिट ट्रेक्स के अभियान निदेशक छांग दावा शेरपा ने बताया कि कामी रीता को कम उम्र से ही पर्वतारोहण का गहरा शौक था और वह बीते दो दशकों से अधिक समय से लगातार पहाड़ों पर चढ़ाई कर रहे हैं। शेरपा समुदाय का गढ़ सोलुकुंभी क्षेत्र में जन्मे कामी रीता ने 1992 में अपनी पर्वतारोहण यात्रा शुरू की थी। वे एक सहायक कर्मचारी के रूप में एवरेस्ट पर जाने वाले अभियान समूह में शामिल हुए। उन्होंने पहली बार 1994 में एवरेस्ट पर चढ़ाई की। तब से लगभग हर साल दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर लौटते रहे।

कामी रीता के पिता पहले शेरपा पर्वत गाइडों में से एक थे। सेवन समिट ट्रेक्स के अभियान निदेशक छांग दावा शेरपा ने कहा कि कामी ने छोटी उम्र में ही चढ़ाई के लिए गहरा जुनून विकसित कर लिया था। अब दो दशकों से अधिक समय से चोटियों पर चढ़ रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में वे सबसे प्रसिद्ध शेरपा गाइडों में से एक बन गए हैं। छांग दावा के अनुसार, कामी रीता ने 1994 से 2025 के बीच के-2 और माउंट लोत्से पर एक-एक बार, मनास्लू पर तीन बार और चो ओयू पर आठ बार चढ़ाई की है।


कामी रीता के सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी उनके साथी शेरपा गाइड पासंद दावा हैं। उन्होंने माउंट एवरेस्ट पर 29 सफल चढ़ाई की है। न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी और नेपाली शेरपा तेनजिंग नोर्गे 1953 में एवरेस्ट पर चढ़ने वाले पहले व्यक्ति थे।

# एर्दोगन ने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल मुनीर को दी बधाई, फिर दिखी दोनों देशों की नापाक दोस्ती

**अंकारा।** एर्दोगन ने पाकिस्तान के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने की भी इच्छा जाहिर की। इससे साफ है कि पाकिस्तान और तुर्किये का भारत के खिलाफ नापाक गठजोड़ मजबूत हो रहा है, जो भारत के हित में नहीं है। तुर्किये और पाकिस्तान का नापाक गठजोड़ लगातार मजबूत हो रहा है। यही वजह है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर समेत कई नेताओं का प्रतिनिधिमंडल अपनी चार देशों की यात्रा के पहले पड़ाव पर तुर्किये ही पहुंचा है। तुर्किये पहुंचने पर पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को उनके प्रमोशन की बधाई भी दी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार रात इस्तांबुल में तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से मुलाकात की। इस मुलाकात में शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को भारत के खिलाफ समर्थन देने के लिए शुक्रिया अदा किया। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर था तो तुर्किये ने ही खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। पाकिस्तान ने जिन ड्रोन्स से भारत पर हमला किया, वे ड्रोन्स तुर्किये ने ही पाकिस्तान को दिए थे। हालांकि तुर्किये ने इससे इनकार किया है, लेकिन तुर्किये का एक विमान पाकिस्तान पहुंचा था, जिसमें दावा किया जा रहा था कि तुर्किये ने ड्रोन भेजे थे। हालांकि तुर्किये का दावा है कि उनका विमान रिफ्यूलिंग के लिए पाकिस्तान में उतरा था। तुर्किये के राष्ट्रपति ने पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल में शामिल पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को बधाई भी दी। साथ ही एर्दोगन ने पाकिस्तान के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने की भी इच्छा जाहिर की। इससे साफ है कि पाकिस्तान और तुर्किये का भारत के खिलाफ नापाक गठजोड़ मजबूत हो रहा है, जो भारत के हित में नहीं है। शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर तुर्किये के साथ ही ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान के दौरे पर गए हैं।

**शामिल**

तुर्किये के राष्ट्रपति ने पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल में शामिल पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को बधाई भी दी।



# चीन के शानदोंग प्रांत में केमिकल प्लांट में जोरदार धमाका, राहत और बचाव कार्य जारी



**बीजिंग।** चीन के शानदोंग प्रांत के एक केमिकल प्लांट में मंगलवार को जोरदार धमाका हुआ। हालांकि, अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 232 दमकलकर्मियों की टीम मौके पर तैनात कर दी गई है। घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है।

चीन के पूर्वी शानदोंग प्रांत में स्थित एक रासायनिक संयंत्र (केमिकल प्लांट) की वर्कशॉप में मंगलवार को जोरदार धमाका हुआ। आधिकारिक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। यह प्लांट में कीटनाशकों और चिकित्सा-उपयोग रसायनों का उत्पादन किया जा रहा था।

राज्य-नियंत्रित शिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने बताया कि धमाके के बाद आपातकालीन टीमें तुरंत शानदोंग प्रांत के गाओमी शहर में स्थित फैक्टरी पहुंचीं। चीन के आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने भी हादसे की जानकारी मिलते ही एक विशेष टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया, जिसमें दमकल कर्मी, चिकित्सा विशेषज्ञ और कार्यस्थल सुरक्षा विशेषज्ञ शामिल हैं।

चीन के सरकारी चैनल सीसीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और फिलहाल सरकारी मीडिया में किसी के हताहत होने की कोई पुष्टि नहीं की गई है। अब तक कुल 232 स्थानीय दमकलकर्मियों को राहत और बचाव कार्य के लिए मौके पर भेजा गया है। हालात पर नजर रखी जा रही है। विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

चीन के सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में देखा जा सकता है, कैसे धुएं का गुबार आसमान की ओर तेजी से उठा और औद्योगिक पार्क की इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ इमारतों की खिड़कियों को नुकसान भी हुआ।

## फिलाडेल्फिया के फेयरमाउंट पार्क में गोलीबारी; दो की मौत

**नई दिल्ली।** फिलाडेल्फिया के जानेमाने फेयरमाउंट पार्क में गोलीबारी की खबर है। गोलीबारी में दो नाबालिगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम आठ लोग घायल हुए हैं। घटना रात करीब 10.30 बजे (स्थानीय समयानुसार) लेमन हिल ड्राइव पर हुई। इस वक्त पार्क में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया गया कि गोलीबारी की घटना कार मीटअप के बाद हुई। इस अफरातफरी में एक अन्य व्यक्ति को कार की टक्कर लगने के बाद अस्पताल ले जाया गया।

घटना लिटिल रिवर, साउथ कैरोलिना में एक अन्य सामूहिक गोलीबारी के एक दिन बाद हुई है, जिसमें 11 लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने साउथ कैरोलिना की घटना को स्थानीय उपद्रवियों की करतूत बताया है। पुलिस ने लोगों को आश्वस्त किया है कि कोई खतरा नहीं है।

# सांस्कृतिक संपत्ति की अवैध तस्करी से निपटने के लिए बनाया जाए मजबूत ढांचा, ब्रिक्स फोरम में भारत का बयान

**ब्रासीलिया।** ब्रिक्स के मंत्री स्तर की इस बैठक में संयुक्त प्रस्ताव में चार सांस्कृतिक प्राथमिकताओं पर फोकस किया गया, जिनमें संस्कृति, नवाचार अर्थव्यवस्था, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस; संस्कृति, जलवायु परिवर्तन शामिल हैं।

भारत ने सोमवार को ब्रिक्स फोरम में आह्वान किया कि इस संगठन को न सिर्फ भू-राजनीतिक स्तर पर बल्कि सभ्यता के स्तर पर भी नेतृत्व करना चाहिए। भारत ने एक ऐसा सांस्कृतिक इकोसिस्टम बनाने की मांग की, जिसमें विविधता, मानवता और तरक्की को प्रोत्साहित किया जाए। ब्राजील में सोमवार को ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्रियों की बैठक हुई। इस बैठक में भारत की तरफ से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल हुए। बैठक के दौरान गजेंद्र सिंह शेखावत ने सांस्कृतिक संपत्तियों की अवैध तस्करी को रोकने के लिए एक मजबूत कानूनी ढांचा बनाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने एआई के नैतिक उपयोग पर बल दिया ताकि सांस्कृतिक विविधता का सम्मान किया जा सके। ब्रिक्स के मंत्री स्तर की इस बैठक में संयुक्त प्रस्ताव में चार सांस्कृतिक प्राथमिकताओं पर फोकस किया गया, जिनमें संस्कृति, नवाचार अर्थव्यवस्था, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस; संस्कृति, जलवायु परिवर्तन शामिल हैं। संस्कृति मंत्रालय ने देर रात जारी एक बयान में कहा कि संस्कृति और नवाचार उद्योग सतत विकास के वाहक हैं। मंत्रालय ने मांग की कि एआई का नैतिक उपयोग सुनिश्चित हो ताकि पारंपरिक ज्ञान को बचाया जा सके और सांस्कृतिक निवेश को बढ़ाया जा सके। ब्रिक्स की 10वीं संस्कृति मंत्रियों की बैठक ऐतिहासिक इटामाराटी पैलेस में आयोजित हुई, जिसे ब्राजील के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया। फिलहाल ब्रिक्स की अध्यक्षता ब्राजील के पास है। ब्रिक्स देशों में भारत के अलावा रूस, चीन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।



संस्कृति मंत्रालय ने बताया कि इस साल की बैठक में ब्रिक्स देशों में सांस्कृतिक सहयोग बढ़ाने, संस्थागत सहयोग को बेहतर करने, संयुक्त सांस्कृतिक प्रोजेक्ट्स को विकसित करने पर फोकस किया गया ताकि ब्रिक्स देशों की समृद्ध संस्कृति को संरक्षित करने के साथ ही उसे प्रमोट भी किया जाए।

# पीड़ित परिवार की सहायता हेतु डीएम ने किया चार सदस्यीय समिति का किया गठन

**शासन की विभिन्न योजनाओं से किया जाएगा आच्छादित**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जनपद के थाना जफराबाद अंतर्गत सा. मौ. मोहम्मदपुर कांध गांव में गत 25 मई 2025 को नेवादा हाईवे के पास निजी दुकान में लालजी गौतम, गुड्डू गौतम और यादवीर की मृत्यु से सम्बन्धित मार्मिक और संवेदनशील प्रकरण के सन्दर्भ में जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि पुलिस प्रशासन के द्वारा तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है। स्व0 गुड्डू की पत्नी सरिता ने जिलाधिकारी से मिलकर अपने परिवार की सुरक्षा तथा अपराधियों की गिरफ्तारी आदि की मांग की, जिसपर जिलाधिकारी ने उन्हें सांत्वना देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं से बच्चों को लाभान्वित किया जायेगा, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित न हो तथा परिवारजन को पेंशन आदि का लाभ भी दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना बहुत ही मार्मिक है। इस कठिन घड़ी में जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनशील है तथा कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है, अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र तथा पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ द्वारा लगातार घटनाक्रम पर नजर रखी जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि मृतक के नाबालिक बच्चों को भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास विभाग के मिशन वात्सल योजना के तहत स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक बच्चे को रु0 4000 महीना, 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक दिया जाएगा। महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा दोनों विधवा महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन से आच्छादित किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक महीने रु0 1000 मिलेगा तथा समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत दोनों परिवारों को रुपए 30-30 हजार आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी, साथ ही उन्हें श्रम विभाग के अन्तर्गत संचालित योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा। जिलाधिकारी के द्वारा एक चार सदस्यीय कमेटी गठित की गई है जिसमे बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी और सहायक श्रम आयुक्त सदस्य होंगे, जिनके द्वारा मृतक के घर पर जाकर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु उनकी पात्रता के सम्बन्ध में सत्यापन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, पेंशन, शिक्षा आदि से सम्बन्धित योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाएगा।

## शादी समारोह से लौट रहे युवक को घायल कर लूटा

**प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र में एक युवक पर अज्ञात बदमाशों ने हमला कर लूटपाट की। घटना रोकड़ी नेवादा गांव के सामने कोहड़ार-करछना मार्ग पर हुई। भडेवरा गांव निवासी सुनील कुमार मिश्रा नैनी में एक वैवाहिक कार्यक्रम से रात 11:30 बजे लौट रहे थे। रोकड़ी नेवादा गांव के पास सुनसान जगह पर बदमाशों ने उन्हें रोका और हमला किया। इसी दौरान एक राहगीर के आने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। सुनील को आंख, सिर और सीने में चोटें आई हैं। घटनास्थल से उनकी बाइक तो मिली, लेकिन हेलमेट 500 मीटर दूर क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ा था। बदमाश मोबाइल फोन, एटीएम, पर्स और जरूरी कागजात लूटकर ले गए। सुनील को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। परिजनों ने करछना थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज किया जा रहा है और जल्द ही आरोपियों को पकडा जाएगा।

# दरोगाओं को मिलेगा 5400 का द्वितीय ग्रेड पे

**हाईकोर्ट का आदेश, 16 साल की सेवा कर चुके दरोगाओं को मिलेगा लाभ**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में कार्यरत 2001 बैच के दरोगा एवं वर्तमान समय में पुलिस निरीक्षक के पद पर कार्यरत, पुलिस इंस्पेक्टरों को हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने पुलिस विभाग के आलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि इन पुलिस निरीक्षकों की ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा जाए। साथ ही दरोगा के पद पर नियुक्ति हुए पुलिस कर्मियों जिनकी सेवायें 16 वर्ष की पूर्ण हो चुकी है, द्वितीय प्रोन्नति वेतनमान ग्रेड-पे 5400 रुपए (पुलिस उपाधीक्षक) का देने के सम्बन्ध में 6 सप्ताह में कानून के तहत स्पष्ट आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार ने पुलिस इंस्पेक्टर जगदम्बा सिंह व अन्य द्वारा योजित की गयी याचिका को निस्तारित करते हुये वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम की बहस सुनकर पारित किया। पुलिस निरीक्षकों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं श्याम शरण ने बहस की। उनका तर्क था कि हाईकोर्ट के पहले के आदेशों और बाद में जारी शासनादेश के बावजूद विभाग कुछ नहीं कर रहा है। प्रशिक्षण अवधि की सेवा को द्वितीय प्रोन्नत वेतनमान देने के लिए नहीं जोड़ा जा रहा है। जबकि वे इसके हकदार है। याची पुलिस निरीक्षकों की नियुक्ति वर्ष 2001 में दरोगा के पद पर हुई थी, तत्पश्चात् याची गणों को वर्ष 2016 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। सभी याची गणों की सेवायें 16 वर्षों से ज्यादा की पूर्ण हो चुकी है, लेकिन उन्हें द्वितीय वेतनमान ग्रेड-पे 5400/- रुपए नहीं दिया जा रहा है और न ही उनके ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा गया। संशोधित शासनादेश दिनांक 26 अगस्त 2015 में यह व्यवस्था प्रतिपादित की गयी है कि ऐसे राज्य कर्मचारी जिन्होंने सीधी भर्ती के पद पर प्रथम नियुक्ति की तिथि से 16 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है, उन्हें द्वितीय वेतनमान / ग्रेड पे प्रदान किया जायेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता गौतम का कहना था कि अपर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद द्वारा जारी सर्कुलर दिनांक 17 मार्च 2012 में यह स्पष्ट कहा गया है कि आरक्षी के पद का ग्रेड वेतन 2000/-रुपए है।

मुख्य आरक्षी के पद का ग्रेड वेतन 2400/- रुपए है। उपनिरीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 4200/- रुपए है। निरीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 4600/- रुपए है एवं पुलिस उपाधीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 5400/- रुपए अनुमन्य है। पुलिस मुख्यालय के उक्त सर्कुलर में यह भी स्पष्ट उल्लिखित किया गया है कि पुलिस बल के कार्यकारी बल में ग्रेड वेतन 2800/- रूपया एवं ग्रेड वेतन 4800/- के पद उपलब्ध नहीं है, अर्थात उक्त दोनों ग्रेड वेतन नॉन फंक्शनल वेतनमान के है। सभी याची गण वर्ष 2001 में उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्ति हुये थे, तत्पश्चात् वर्ष 2016 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुये एवं सभी याची गणों की सेवायें 16 वर्ष से ज्यादा की हो चुकी है। अतः पुलिस मुख्यालय के सर्कुलर दिनांक 17 मार्च 2012 के परिप्रेक्ष्य में द्वितीय प्रोन्नति वेतनमान पुलिस उपाधीक्षक के पद का ग्रेड पे 5400 रुपए पाने के हकदार है।

## छितौना गांव के ग्रामीणों ने तहसील पर विरोध प्रदर्शन किया

**आजमगढ़।** बूढ़नपुर तहसील क्षेत्र के छितौना गांव के ग्रामीणों ने तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन किया उनकी जमीन पर गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है इस संबंध में लोगों ने उपजिलाधिकारी बूढ़नपुर को ज्ञापन सौपा साथ ही संबंधित जमीन को कब्जा मुक्त करने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है गांव के ही दबंगों द्वारा अवैध रूप से हमारी जमीन है कब्जा किया जा रहा है। इसके संबंध में हम लोगों द्वारा स्थानी थाने से लेकर हल्का लेखपाल से कई बार शिकायत की गई। फिर भी जमीन को कब्जा मुक्त नहीं किया गया ।आज हम लोगों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर जमीन को कब्जा मुक्त करने की मांग की।

इस संबंध में उपजिलाधिकारी एस एन त्रिपाठी ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा शिकायत पत्र मिल चुका है टीम गठित कर जांच कर जमीन को कब्जा मुक्त करवा दिया जाएगा इस मौके पर अमरावती धनपाली निशा फुलवा सचिन पांचू रिंकू घनश्याम सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

## श्री निवास मिश्र की मनाई गई पुण्यतिथि



**जौनपुर (कचगांव)** स्थानीय नगर पंचायत के श्री निवास बालिका इंटर कालेज के संस्थापक व पूर्व प्रधानाचार्य श्री निवास मिश्रा की मनाई गई पुण्यतिथि।इस अवसर पर उनके तैल प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक चंदा देवी ने अपने सम्बोधन में कहा की उन्होंने विद्यालय की नींव रख कर क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई उनके द्वारा शिक्षित छात्रों ने भारत ही नहीं विश्व में अच्छे पद सेवा दें रहें हैं। सत्य प्रकाश मिश्र ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस विद्यालय की स्थापना उस समय उन्होंने किया था। जब क्षेत्र में विद्यालय नहीं था जिससे क्षेत्र की बहन बेटियों को पढ़ाई के सुविधा हों गया ।इस मौके पर राधेश्याम मिश्रा, विपिन मिश्रा,लाल बहादुर यादव, शैलेश मिश्रा, दिनेश मौर्य, कमलाकर दुबे सहित लोग अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय संरक्षक सन्तोष मिश्रा सुग्गू ने किया।

## किसान रजिस्ट्री न होने से किसान परेशान

**जौनपुर (खुटहन)** वरासत और खतौनी में गलत नाम छपे होने के कारण किसान रजिस्ट्री नही हो पा रही है। किसान तहसील का चक्कर लगाने को मजबूर है। तहसील के कर्मचारी खतौनी संशोधन के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे हैं, बावजूद इसके खतौनी ठीक नही हो पा रही है। कर्मचारी किसान से कहता है कि यहां से ठीक कर दिया है। लखनऊ से रूका हुआ हैं। बता दें कि प्रत्येक गांव में अधिकांश किसान की रजिस्ट्री हो चुकी है। छूटे वहीं है, जिनके मुखिया की मौत हो चुकी है। वरासत हो चुकी है। और दूसरा जिनका खतौनी में किशोरी के जगह किशोर नाम हो गया है। कम्प्यूटर आपरेटर की ग़लती का खामियाजा किसान को भुगतना पड़ रहा है। त्रुटी पूर्ण खतौनी के वजह से किसानों का किसान रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। किसानों ने प्रशासन से खतौनी में संशोधन कराने की मांग की है।

## यमुना किनारे प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण



**प्रयागराज।** प्रयागराज में मंगलवार सुबह से यमुना नदी के किनारे 60 फीट चौड़ी सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई शुरू हुई। प्रशासन ने हर्षवर्धन नगर, मीरापुर, ककरहा घाट, दरियाबाद और कटहरा में बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माणों को गिराया। प्रशासन ने पहले ही इन इलाकों में अवैध निर्माणों पर निशान लगा दिए थे। कब्जाधारियों को खुद से निर्माण हटाने का समय दिया गया था। समय सीमा बीतने के बाद भी जब निर्माण नहीं हटे, तो नगर निगम, प्रशासन और पुलिस की टीम ने कार्रवाई शुरू की। यह कार्रवाई गऊघाट से झलवा तक की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि सड़क को अतिक्रमण मुक्त कर सुगम मार्ग बनाया जाएगा। इससे क्षेत्र में यातायात और जनसुविधा बेहतर होगी। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग की गई है। अधिकारियों की निगरानी में पूरी प्रक्रिया चल रही है। स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया अलग-अलग है। कुछ लोग इसे शहर के विकास के लिए जरूरी मान रहे हैं। वहीं कुछ प्रभावित लोग इसे अचानक की गई कार्रवाई बता रहे हैं। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि यह कार्रवाई अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगी।

# गुरैनी बाजार में पुलिस बूथ का हुआ लोकार्पण




अवधनामा संवाददाता

**सीओ शाहगंज ने किया उद्घाटन**

**खेतासराय (जौनपुर)** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरैनी बाजार मेन रोड पर मंगलवार को एक नवनिर्मित पुलिस बूथ का लोकार्पण क्षेत्राधिकारी (सीओ) शाहगंज अजीत सिंह चौहान द्वारा विधिवत पूजन एवं फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित प्रधानगण, ग्रामीणजन और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। सीओ अजीत सिंह चौहान ने पूजा-अर्चना के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पुलिस बूथ,पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थापित किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय जनता को तत्काल पुलिस सहायता प्रदान करना है। उन्होंने यह भरोसा दिलाया कि इस बूथ की स्थापना से न केवल कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं या किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। इस अवसर पर थानाध्यक्ष रामश्रय राय ने समस्त ग्रामीणों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बूथ पर 24 घंटे पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी घटना या दुर्घटना की स्थिति में तत्काल सहायता दी जा सके। उन्होंने ग्रामीणों से भी सहयोग की अपील की ताकि क्षेत्र को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाया जा सके। इस लोकार्पण कार्यक्रम में कांस्टेबल नफ़ीस अहमद सिद्दीकी, अंकुस सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे। दर्जनों ग्रामीण व क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

## व्यवसायिक ड्राइवर उत्पीड़न के विरुद्ध अनोखा धरना प्रदर्शन

**आजमगढ़।** व्यावसायिक ड्राइवर एकता सोसाइटी व वाहन चालक कल्याण संगठन उत्तर प्रदेश के तत्वधान में मंगलवार को आजमगढ़ जिला मुख्यालय स्थित रिक्शा स्टैंड पर उत्पीड़न के विरुद्ध ड्राइवरों का एक अनोखा धरना प्रदर्शन हुआ। जिसमें ड्राइवरों के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद यादव ने जंजीर पहनकर जिलाधिकारी कार्यालय तक ड्राइवर हितों में दो सूत्रीय मांगो को लेकर प्रदर्शन किया। जिसके बाद ड्राइवरों ने केंद्र व प्रदेश सरकार को नामित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद यादव ने कहा कि हम ड्राइवरों के अधिकारों का हनन हो रहा है, हमारा भविष्य खतरे में है, आज मेरी तरह ही पूरे भारत का ड्राइवर गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ है। आए दिन ड्राइवरों को पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन विभाग और व्यापारियों द्वारा प्रताड़ित किया जाता है, समाज में हम ड्राइवरों के साथ तमाम घटनाए घटित होती रहती है। ड्राइवरों द्वारा पहले भी ड्राइवर आयोग और ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड की मांग को लेकर सरकार को अवगत कराया गया लेकिन सरकार ने ध्यान तक नहीं दिया। आज के इस जंजीर प्रदर्शन के दौरान जिला प्रशासन ने जंजीर से आजाद कर आश्वस्त किया है कि ड्राइवरों की मांगों से केंद्र व प्रदेश सरकार को अवगत करा दिया जाएगा। कहा कि यदि इसके बाद भी हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो देश भर में हम ड्राइवर स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# अवशेष इन्फ्राकिट तत्काल की जायें क्रय

**सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों हेतु मूल-भूत सुविधाओं के साथ आवश्यक उपकरण रहें उपलब्ध : अंजनी कुमार**



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला पोषण समिति की बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां समयान्तर्गत गृह भ्रमण कर पोषण ट्रैकर ऐप में अपलोड करें, शेष लाभार्थियों के आधार, मोबाइल नम्बर प्राथमिकता पर सत्यापित कराये जायें, सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर इन्फ्राकिट उपलब्ध रहें, वी.एच.एस. एन.डी. सत्र हेतु तख्त, कुर्सी, मेज व पर्दा आदि सामग्री की उपलब्धता खंड विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित करायें, सैम-मैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में प्रतिमाह नियमित रूप से भर्ती करायें, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो तथा पोषण पुनर्वास केंद्र की सुविधाओं का शत-प्रतिशत उपयोग हो सके। उन्होंने समीक्षा के दौरान कहा कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर इन्फ्राकिट की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाए, अभी जनपद के 1788 के सापेक्ष 1208 केन्द्रो पर ही इन्फ्राकिट उपलब्ध है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि बीएचएनडी मद में उपलब्ध धनराशि से शेष आंगनबाड़ी केन्द्रों पर इन्फ्राकिट क्रय की जायें। श्री सिंह ने पोषण ट्रैकर एप की समीक्षा के दौरान पाया कि बाल विकास परियोजना इकाई बरनाहल द्वारा 2943 के सापेक्ष माह अप्रैल में 3861, बेवर द्वारा 5539 के सापेक्ष 5173, घिरोर द्वारा 4063 के सापेक्ष 3875, किशनी द्वारा 4656 के सापेक्ष 4443, कुरावली द्वारा 4157 के सापेक्ष 4017, मैनपुरी नगर इकाई द्वारा 6139 के सापेक्ष 5737 घरों का भ्रमण किया गया, जो माह मार्च के सापेक्ष अधिक है, वहीं बाल विकास परियोजना इकाई करहल द्वारा 2585 के सापेक्ष 2551 एवं मैनपुरी देहात द्वारा 5678 के सापेक्ष 5306 घरों का भ्रमण किया गया है, जो माह मार्च से कम है, जिस पर उन्होंने संबंधित सी.डी.पी.ओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतिमाह निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष होम विजिट कर पोषण ट्रैकर एप पर अपलोड करना सुनिश्चित करे। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया कि पोषण ट्रेकर एप पर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के वजन कर एप पर अपलोड करने में बाल विकास परियोजना इकाई मैनपुरी देहात की प्रगति काफी खराब है, माह मार्च के सापेक्ष माह अप्रैल में 03 प्रतिशत की कमी है जबकि अन्य इकाइयों में बेहतर कार्य किया है, सबसे बेहतर कार्य किशनी में हुआ है, जहां 99.98 प्रतिशत बच्चों का वजन कर पोषण ट्रैकर एप पर अपलोड किया गया है, पोषण ट्रैकर एप पर मोबाइल वेरीफिकेशन लक्ष्य 196740 के सापेक्ष 169633 लाभार्थियों के मोबाइल वेरीफिकेशन कराये जा चुके हैं, लाभार्थियों के आधार सीडिंग का कार्य लगभग शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, मात्र 13 लाभार्थियों के आधार सीडिंग शेष है।

# सात सूत्री मांग पत्र डीएम को सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** सिकरौर सहबरी बाजार की मेला वाली बाग में जय किसान आंदोलन द्वारा विशाल किसान महापंचायत की गई यहां पर उपस्थित किसानों द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव पास किया जो इस प्रकार है।

1 आजमगढ़ मऊ बलिया जिले यानि पूरे मन्डल में जंगली जानवरों जैसे नीलगायों ,बनसूअरों तथा छुट्टा गाय सांड़ों का प्रकोप काफी बढ़ गया है जिससे कि किसानों की भारी क्षति हो रही है साग सब्जी, दलहन आलू ,सूर्यमुखी, सनई , गन्ना आदि कुछ भी नहीं बच पा रहा है पूरी जनता भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं अतःजगली जानवरों को जंगलों मे तथा छुट्टा गाय साड़ों को गौशालाओं में रखकर नियंत्रित किया जाय।

2 घरेलू बिजली बिल वसूलने के नाम पर बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा आम जनता का खुले आम शोषण किया जा रहा है जगह-जगह लोगों का तार काट करके बिजली विभाग के कर्मचारी उठा ले जा रहे हैं ट्रांसफार्मर जलने या कोई फाल्ट आने पर बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा आम जन से काफी पैसा वसूल करते हैं बिजली हमारी आवश्यक वस्तु मैं आती है जिसका पैसा लगना ही नहीं चाहिए इसके लिए हम टैक्स देते हैं अतः 300 यूनिट बिजली फ्री किया जाए तथा अब तक की घरेलू बिजली बिल को माफकिया जाए ,ट्रांसफार्मर जलने या बिजली का कोई फाल्ट आने पर 24 से 48घटे केअंदर ठीक किया जाय बिजली विभाग के कर्मचारियों व प्राइवेट वसूली एजेंट को मनमानी व लूटपाट पर रोक लगाई जाय।

3 नाबार्ड , खादी ग्रामोद्योग , प्रधानमंत्री रोजगार आदि योजनाओं से गांवों में कुटीर व लघु उद्योग लगाने के लिए करोड़ों अरबों रुपए हर साल आते हैं परन्तु गांवों में कोई भी कुटीर उद्योग नहीं लगा सब कागजी कोरम करके हड़प लिया जाता है पूरे जिले में उपरोक्त योजनाओं से कहां कहां किन गांवों में कुटीर या लघु उद्योग स्थापित किये गये है सूची सार्वजनिक किया जाए उद्योग क्यों नहीं लगे नहीं लगे तो जिन लोगों द्वारा आम जन के रोजगार का पैसा लूटा गया है उनसे वसूल करके हर गांव में 2 ,-2 करोड़ के दो-दो कुटीर उद्योग स्थापित किया जाए जिससे कि बेरोजगारी दूर हो सके।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद-कन्नौज

संख्या : 268/डीए- 09/न0पा0प0, गुर0 (2025-26) दिनांक : 26/05/2025

## अल्पकालीन कोटेशन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज (कन्नौज) पेयजल व्यवस्था हेतु 40 केबीए जनरेटर की मरम्मत करवाना चाहती है। जो भी व्यक्ति/फर्म इच्छुक हो अपना-अपना कोटेशन दिनांक 02.06.2025 तक कार्यालय नगर पालिका में प्राप्त करवा दें। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त कोटेशनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा अर्थात वे निरस्त समझे जावेंगे। किसी भी कोटेशन को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय में निहित होगा।

(अनिल कुमार)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गुरसहाबगंज-कन्नौज

(मुन्नीदेवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गुरसहाबगंज-कन्नौज


# पुण्यतिथि पर याद किए गए चाचा नेहरू

**कांग्रेसियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन**



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** आधुनिक भारतीय राष्ट्र-राज्य एक सम्प्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, और लोकतान्त्रिक गणतन्त्र - के वास्तुकार , स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पैतृक आवास आनन्द भवन प्रयागराज में महानगर प्रयागराज के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के नेतृत्व मे विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

प्रदीप मिश्र अंशुमन ने पंडित जी के द्वारा भारत निर्माण के लिए किए गए कार्यों के बारे में बताते हुए कहा कि जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री थे और स्वतन्त्रता के पूर्व और पश्चात् की भारतीय राजनीति में केन्द्रीय व्यक्तित्व थे। महात्मा गांधी के संरक्षण में, वे भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के सर्वोच्च नेता के रूप में उभरे और उन्होंने 1947 में भारत के एक स्वतन्त्र राष्ट्र के रूप में स्थापना से लेकर 1964 तक अपने निधन तक, भारत का शासन किया। कश्मीरी पण्डित समुदाय के साथ उनके मूल की वजह से वे पण्डित नेहरू भी बुलाए जाते थे, जबकि भारतीय बच्चे उन्हें चाचा नेहरू के रूप में जानते हैं। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय संविधान 1950 में अधिनियमित हुआ, जिसके बाद उन्होंने आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सुधारों के एक महत्त्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की। मुख्यतः, एक बहुवचनी, बहु-दलीय लोकतन्त्र को पोषित करते हुए, उन्होंने भारत के एक उपनिवेश से गणराज्य में परिवर्तन होने का पर्यवेक्षण किया।

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रमुख रुप से प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन, रघुनाथ द्विवेदी, देवी प्रसाद पांडेय, सुशील मिश्रा, प्रवीण सिंह भोले, दिवाकर भारतीय, अजेंद्र गौड़, विनय पांडेय, राजेंद्र अग्रवाल,विष्णु कांत पांडेय,सतीश केसरवानी, रमेश जायसवाल, मुन्नू लाल केसरवानी, दिनेश सोनकर, शादाब अहमद, सौरभ चौधरी, अरविन्द पांडेय, रमेश यादव, फोटो देवी, चंद्र विशाल, राजेंद्र मिश्र समीर, रामलखन यादव, दिलीप पटेल, कुलदीप गिहार उपस्थित रहे।


# कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांक : - 586/स्वा0वि0/पी0आर0ओ/न0नि0-शाह0/2025-26 दिनांक - 26-05-2025

## सामान्य निविदा सूचना

राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड की प्राप्त धनराशि से वर्कशॉप अनुभाग में छोटे व बड़े डस्टबिन ट्राली व टिपर की वॉडी एवं ई-रिक्शा की बॉडी की मरम्मत मय रंगाई लिखाई का सम्पूर्ण कार्य हेतु नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के अनुपालन में सामान्य निविदा दिनांक 17.06.2025 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो तद् दिनांक सायं 04.00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र रिकार्ड रूम से दिनांक 16.06.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक क्रय किये जा सकते है।

| क्र.सं. | विवरण | अनुमानित दर (जी.एस.टी. अतिरिक्त) | धरोहर राशि | निविदा मूल्य (मय जी.एस.टी.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | छोटे व बड़े डस्टबिन ट्राली व टिपर की वॉडी एवं ई-रिक्शा की बॉडी की मरम्मत मय रंगाई लिखाई का सम्पूर्ण कार्य। | 255.00 रू प्रति स्क्वायर फिट | 1,00,000.00 | 1180.00 |

**नोट-** उक्त कार्य से सम्बन्धित शर्ते किसी भी कार्यदिवस में वर्कशॉप रोशनी गोदाम में देखी जा सकती है।

निविदा की क्रयदारी हेतु धरोहर धनराशि नगर निगम के बैंक के खाता सं0-50265293184 आई0एफ0एस0सी0 कोड - IDIB000C632 ब्रांच इन्डियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहाँपुर व निविदा शुल्क नगर निगम के बैंक के खाता सं0-50200017927485 आई0एफ0एस0सी0 कोड- HDFC0000869 ब्रांच एच0डी0एफ0सी0 बैंक, शाहजहाँपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करनी होगी। निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति अथवा निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, शाहजहाँपुर में निहित होगा।

नगर आयुक्त

# ओरिएंटल ट्राइमेक्स ने वित्तीय वर्ष-25 में बिजनेस ऑप्रेशन्स को सफलतापूर्वक बदला

**मुनाफा**

**कंपनी ने पिछले साल के चौथे तिमाही के 6.43 करोड रुपये के नुकसान की तुलना मे 5.97 करोड रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है।**

**नई दिल्ली।** भारत में नेचरल स्टोन के अग्रणी प्रोसेसर और व्यापारी ओरिएंटल ट्रिमैक्स लिमिटेड (बीएसई 532817, एनएसई ओरिएंटलटीएल) ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही और वित्त वर्ष-25 में वित्तीय परिणामों के साथ अपने व्यावसायिक संचालन को सफलतापूर्वक बदल दिया है। कंपनी ने पिछले साल के चौथे तिमाही के 6.43 करोड रुपये के नुकसान की तुलना मे 5.97 करोड रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है। पिछले साल की अवधि 2025 के चौथे तिमाही के दौरान संचालन से 2024 के चौथे तिमाही में 3.01 करोड़ रुपये राजस्व की तुलना में, 453 प्रतिशत की एक साल - प्रतिवर्ष की वृद्धि को चिह्नित करते हुए, चार गुना 16.66 करोड रुपये से अधिक हो गया। ओडिशा स्टील एन्ड मेन्युफेक्करिंग डिपार्टमेन्ट के द्वारा कंपनी को ब्लेक ग्रेनाईट माईनिंग के लिए 30 साल की लीज मिल गई है। उसके कारण ओरिएन्टल ट्राईमेक्स सालाना तौर पर ईस माईनिंग साईट्स से रू. 10 करोड से रू. 15 करोड़ तक रेवेन्यू कॉन्ट्रीब्युशन की आशा है, जो कंपनी की विकास की यात्रा में योगदान देगी। इसके ऑपरेशन्स भी आगामी समय से शुरू होने वाले है, उसके साथ साथ यह प्रोजेक्ट संसाधन स्वामित्व, लागत दक्षता और माइनिंग से वितरण तक पूर्ण-स्पेक्ट्रम मूल्य श्रृंखला एकीकरण को बेहतर बनाने में योगदान देगी। ये दीर्घकालिक संपत्ति ओरिएंटल ट्राईमैक्स के विस्तार और प्रॉफिट स्टेबिलिटी के आधार को मजबूत करती हैं, तथा नेचरल स्टोन और बिल्डिंग मटेरियल उद्योग में एक अग्रणी खिलाड़ी के रूप में कंपनी की स्थिति को मजबूत करती हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 23-24 में 6.48 करोड़ रुपये के शुद्ध नुकसान के विपरीत, 8.53 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ बताया। वित्त वर्ष 25 में 3.64 करोड़ रुपये की तुलना में, वित्त वर्ष 25 में संचालन से राजस्व 476 प्रतिशत बढ़कर 21.02 करोड़ रुपये हो गया। बिल्डिंग मटेरियल क्षेत्र में ओरिएण्टल ट्राईमैक्स की ग्रोथ स्ट्रेटेजी को ज्यादा स्ट्रांग करने के लिए कंपनी ने ग्रेटर नोएडा के एच-ब्लॉक में मार्बल डिजाईन विट्रिफाइड टाइल्स की प्रीमियम रेर एर्थ लाइन के लिए उनका दूसरा शोरूम ओर वेयरहाउस ओपन किया है। जेवर एयरपोर्ट और एयरोट्रोपोलिस के निकट स्ट्रेटेजिक रूप से स्थित यह सुविधा अप्रैल 2025 से शुरू हो गई है और इसका उद्देश्य प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली, मार्बल जैसी दिखने वाली टाइलों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। पहले शोरूम के मात्र 15 महीने बाद शुरू किया गया यह विस्तार मजबूत बाजार अनुसंधान द्वारा समर्थित है तथा उत्तर भारत के तेजी से बढ़ते रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश करने पर कंपनी के फोकस को दर्शाता है। चालू वित्त वर्ष 2025 के दौरान, कंपनी का सफलतापूर्वक रु. 48.51 करोड़ रुपये का राइट्स इश्यू पूरा हुआ। राइट्स इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग कंपनी की विस्तार योजनाओं के लिए किया जाएगा, जिसमें तमिलनाडु में मार्बल ब्लॉक के लिए अतिरिक्त मशीन स्थापित करने के लिए पूंजीगत व्यय, ओडिशा में 'जेट ब्लैक' ग्रेनाइट माईन का विकास, शोरूम-वेयर हाउस के निर्माण के लिए पूंजीगत व्यय, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करना, ऋण का पुनर्भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य शामिल हैं।

## केएलएच ग्लोबल बिज़नेस स्कूल ने डिजिटल मार्केटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में नया सर्टिफिकेट प्रोग्राम लॉन्च किया



**लखनऊ।** केएलएच ग्लोबल बिज़नेस स्कूल (केएलएच जीबीएस), हैदराबाद ने डिजिटल मार्केटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में सर्टिफिकेट प्रोग्राम लॉन्च किया है। यह प्रोग्राम खास तौर पर ऐसे प्रोफेशनल्स को तैयार करने के लिए बनाया गया है जो आने वाले डिजिटल युग में सफलता पा सकें। इसमें एआई की शक्ति को डिजिटल मार्केटिंग की जरूरी तकनीकों के साथ मिलाकर सिखाया जाएगा।यह एक महीने का हाइब्रिड फॉर्मेट वाला प्रोग्राम 15 जून 2025 से शुरू होगा। इसमें 30 ऑनलाइन क्लासेस होंगी और साथ ही एक खास 4 दिन की कैंपस ट्रेनिंग भी होगी, जो हैदराबाद के कोण्डापुर स्थित केएलएच जीबीएस के आधुनिक कैंपस में दी जाएगी। इस पूरे कोर्स की फीस ?30,000 है। यह प्रोग्राम 18 साल या उससे ऊपर की उम्र के सभी लोगों के लिए खुला है - चाहे वो छात्र हों, एंटरप्रेन्योर, फ्रीलांसर, कंटेंट क्रिएटर या मार्केटिंग प्रोफेशनल। इस कोर्स के ज़रिए वे एआई टूल्स की मदद से अपनी डिजिटल मार्केटिंग स्किल्स को बेहतर बना सकते हैं।केएलईएफ डीम्ड यूनिवर्सिटी के वाइस प्रेसिडेंट इंजीनियर कोनेरू लक्ष्मण हविश ने इस नए प्रोग्राम की अहमियत पर बात करते हुए कहा, आज के तेजी से बदलते डिजिटल दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी व्यावहारिक स्किल्स अब सिर्फ एक फ़ायदा नहीं, बल्कि ज़रूरी बन गई हैं। केएलएच ग्लोबल बिज़नेस स्कूल के डीन, डॉ. आनंद बेथापुडी ने इस प्रोग्राम के प्रभाव को समझाते हुए कहा कि यह कोर्स छात्रों को वैश्विक जगत में काम आने वाली, एआई से जुड़ी मार्केटिंग स्किल्स सिखाएगा, जो आज के समय में सफलता के लिए बेहद ज़रूरी हैं। यह पहल स्कूल के उस बड़े लक्ष्य का हिस्सा है, जिसके तहत हम ऐसे ग्लोबल बिज़नेस लीडर्स तैयार करना चाहते हैं जो तकनीकी समझ और क्रिएटिव सोच - दोनों में माहिर हों।

## 15 सितंबर तक दाखिल किया जा सकेगा आयकर रिटर्न




**नई दिल्ली।** आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि जो 31 जुलाई 2025 थी, को अब बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 करने का निर्णय लिया गया है। सीबीडीटी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीबीडीटी के अनुसार यह विस्तार ITR फॉर्म, सिस्टम डेवलपमेंट की जरूरतों और ञ्ष्ष्ट्स क्रेडिट रिफ्लेक्शन में महत्वपूर्ण संशोधनों के कारण अधिक समय प्रदान करेगा। यह कदम सभी के लिए एक सहज और अधिक सटीक फाइलिंग अनुभव सुनिश्चित करता है। औपचारिक अधिसूचना बाद में दी जाएगी। आयकर विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट में इसकी घोषणा की। पोस्ट के अनुसार, ÷कृपया करदाता ध्यान दें! सीबीडीटी ने आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि को बढ़ाने का फैसला किया है। इसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है, जिसे बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 कर दिया गया है। यह विस्तार आईटीआर फॉर्म, सिस्टम डेवलपमेंट की जरूरतों और टीडीएस क्रेडिट रिफ्लेक्शन में महत्वपूर्ण संशोधनों को देखते हुए किया गया है। इन संशोधनों के बाद आईटीआर दाखिल करने के दौरान एक सहज और अधिक सटीक फाइलिंग अनुभव सुनिश्चित हो सकेगा।

# सैमसंग बना भारत में 10,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा केटीवी बेचने वाला पहला ब्रांड

**लखनऊ।** देश के सबसे बड़े कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने बताया कि साल 2024 में उसके टीवी कारोबार ने 10,000 करोड़ रूपये से ज़्यादा की बिक्री का रिकॉर्ड बनाया है। इस तरह सैमसंग भारत में य?ह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला ब्रांड बन गया है। कंपनी को उम्मीद है कि साल 2025 में उसकी ग्रोथ और तेज़ होगी, क्योंकि अब लोग बड़े स्क्रीन और एआई तकनीक से लैस प्रीमियम टीवी ज़्यादा पसंद कर रहे हैं।

विप्लेश डांग, सीनियर डायरेक्टर, विज़ुअल डिस्प्ले बिजनेस, सैमसंग इंडिया ने कहा, 2024 सैमसंग इंडिया के लिए एक यादगार साल रहा। हमने 10,000 करोड़ रूपये का टर्नओवर हासिल किया, जो हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अब हम अपने नए एआई टीवी लाइनअप के साथ और तेज़ी से आगे बढ़ना चाहते हैं। ये टीवी हर तस्वीर को और खूबसूरत बनाते हैं और घर पर ही थिएटर जैसा अनुभव देते हैं। हमें पूरा भरोसा है कि एआई स्क्रीन के इस नए दौर में हम नई जनरेशन के टीवी को लोगों के बीच तेजी से पसंदीदा बनाएंगे और भारत के प्रीमियम टीवी मार्केट में अपनी मज़बूत पकड़ बनाए रखेंगे। सैमसंग ने हाल ही में भारत में 2025 की अपनी नई टीवी रेंज पेश की है, जिसमें 40 से ज्यादा मॉडल शामिल हैं जैसे नियो QLED 8K, नियो QLED 4K, OLED, QLED और 'द फ्रेम'। इन टीवी में कंपनी की लेटेस्ट तकनीक विज़न एआई का इस्तेमाल किया गया है, जो स्क्रीन को ज़्यादा स्मार्ट, सहज और यूजर के मुताबिक बनाने में मदद करता है। सैमसंग का यह विजन एआई टीवी को सिर्फ एक स्क्रीन नहीं, बल्कि एक समझदार साथी बना देता है। ये टीवी आसपास के माहौल और यूज़र की जरूरतों के हिसाब से खुद को एडजस्ट करते हैं। विज़न एआई पिक्चर और साउंड को तुरंत बेहतर बनाता है, हाथ के इशारों से चल सकता है, और स्मार्टथिंग्स के ज़रिए आपके स्मार्ट होम से कनेक्ट हो जाता है। इससे टीवी देखना सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं, बल्कि स्मार्ट लाइफस्टाइल का हिस्सा बन जाता है। सैमसंग के 2025 के नए एआई टीवी लाइनअप की कीमत 49,490 रुपये से शुरू होकर 11 लाख रुपये तक जाती है। यह रेंज अलग-अलग स्क्रीन साइज और बजट में उपलब्ध है, जिससे हर किसी को अपनी जरूरत और स्टाइल के मुताबिक टीवी चुनने का मौका मिलता है। इस लाइनअप में विज़न एआई टेक्नोलॉजी के साथ कई स्मार्ट फीचर्स भी शामिल हैं, जैसे एआई अपस्केलिंग प्रो-जो वीडियो की क्वॉलिटी को बेहतर बनाता है, ग्लेयर-फ्री व्यूइंग-जो तेज रोशनी में भी साफ स्क्रीन दिखाता है, और जेनेरेटिव आर्ट वॉलपेपर्स- जो टीवी को एक खूबसूरत आर्ट पीस में बदल देते हैं। इन फीचर्स के साथ सैमसंग टीवी अब सिर्फ एंटरटेनमेंट का ज़रिया नहीं, बल्कि आधुनिक भारतीय घरों का एक स्टाइलिश और स्मार्ट सेंटर बन गया है। सैमसंग आने वाले समय में भारत के टीवी बाजार में अपनी लीडरशिप और भी मजबूत करने की तैयारी में है। कंपनी अपनी 43-इंच और किफायती टीवी रेंज के ज़रिए उन ग्राहकों तक पहुंच बना रही है, जो किफायती और भरोसेमंद विकल्प चाहते हैं।

वहीं, प्रीमियम टीवी की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए, सैमसंग इन सेगमेंट्स में भी लगातार इनोवेशन और निवेश कर रहा है। मजबूत ऑफलाइन नेटवर्क और बेहतरीन प्रोडक्ट रेंज के साथ, सैमसंग भारत में एआई-सक्षम और स्मार्ट होम एंटरटेनमेंट को तेजी से अपनाने में लोगों की मदद करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## सेठ एम.आर. जैपुरिआ स्कूल्स ने लखनऊ में एक शानदार समारोह में छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों को मान्यता दी

**लखनऊ।** सेठ एम.आर. जैपुरिआ स्कूल सिद्धि 2025 में गर्व और उत्सव की भावना के साथ एक साथ आए, यह वार्षिक कार्यक्रम सीबीएसई और सीआईएससीई बोर्डों में दसवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों का सम्मान करता है। कार्यक्रम में सीबीएसई और सीआईएससीई बोर्ड के 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 10 के व्यक्तिगत 34 स्कूलों और कक्षा 12 के 25 स्कूलों के समग्र टॉपर और स्कूल टॉपर अपने स्कूल नेताओं, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ उपस्थित थे। कुल मिलाकर, 2329 छात्र दसवीं कक्षा के बोर्ड में उपस्थित हुए, और 561 छात्रों ने 90त्न और उससे अधिक अंक प्राप्त किए। इसी तरह, बारहवीं कक्षा के बोर्ड में 1555 छात्र उपस्थित हुए और 230 छात्रों ने 90त्न और उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जो आम तौर पर शैक्षणिक कल्याण का प्रतीक माना जाता है। लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम में दसवीं कक्षा में 34 जैपुरिआ स्कूलों और बारहवीं कक्षा में 25 स्कूलों के टॉपर्स की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। पुरस्कार कई श्रेणियों में प्रदान किए गए- मेधावी छात्र, विषय टॉपर, उत्तम स्कोरर और बहुप्रतीक्षित रोलिंग ट्रॉफी। सीबीएसई के लिए, कक्षा 10 की रोलिंग ट्रॉफी सेठ एम.आर. जैपुरिआ स्कूल, बंसल कैंपस, सीतापुर रोड, लखनऊ को दी गई, जबकि कक्षा 12 की ट्रॉफी सेठ एम.आर. जैपुरिआ स्कूल, बाबतपुर कैंपस, वाराणसी को प्रदान की गई। सीआईएससीई के लिए, सेठ एम.आर. जैपुरिआ स्कूल, गोमती नगर, लखनऊ ने कक्षा 10 और कक्षा 12 दोनों में रोलिंग ट्रॉफियां हासिल कीं। मुख्य अतिथि, लखनऊ की मेयर, सुश्री सुषमा खर्कवाल ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा, ÷यह उत्कृष्टता और भावना का उत्सव है। आपकी यात्रा इन परिणामों के साथ समाप्त नहीं होती है। यह दुनिया में आपके द्वारा किए जाने वाले बदलाव की शुरुआत है।

# उत्तर प्रदेश में म्यूचुअल फंड निवेश में 21% की जबरदस्त वृद्धिः मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट



**लखनऊ।** एमएफआई आंकड़ों पर आधारित म्यूचुअल फंड निवेश डेटा के विश्लेषण के अनुसार, मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने यह निष्कर्ष निकाला है कि उत्तर प्रदेश ने अप्रैल 2025 को समाप्त होने वाली 12 महीने की अवधि में म्यूचुअल फंड योजनाओं में औसत एसेट अंडर मैनेजमेंट ('एएयूएम') में 21.12% की वृद्धि दर्ज की है। यह एएयूएम अप्रैल 2024 में ?266092.22 करोड़ से बढ़कर अप्रैल 2025 में ?322298.10 करोड़ हो गया है। राज्य के एएयूएम का लगभग 75% योगदान इक्विटी-उन्मुख योजनाओं से हुआ है, जो राज्य के निवेश परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी बदलाव को दर्शाता है। उत्तर प्रदेश में इक्विटी योजनाओं का एएयूएम अप्रैल 2024 में ?193847.86 करोड़ से बढ़कर अप्रैल 2025 में 243528.22 करोड़ हो गया है, जिसमें 25.62% की वृद्धि हुई है।

अखिल चतुर्वेदी, सीबीओ और ईडी, एमओएएमसी कहते है की ÷उत्तर प्रदेश के म्यूचुअल फंड एएयूएम में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि, विशेष रूप से इक्विटी-उन्मुख योजना श्रेणियों में वृद्धि, राज्य के विकसित हो रहे निवेश परिदृश्य को दर्शाती है। यह एक परिसंपत्ति वर्ग के रूप में इक्विटी में निवेशकों द्वारा देखी जाने वाली विकास क्षमता का प्रमाण है, साथ ही यह म्यूचुअल फंड में निवेशकों के बढ़ते विश्वास को भी दर्शाता है। वह यह भी कहते है की ÷हम उत्तर प्रदेश में म्यूचुअल फंड भागीदारी के साथ साथ पूरे उद्योग में भी निरंतर वृद्धि की अपेक्षा करते है और हम सक्रिय और निष्क्रिय दोनों श्रेणियों में नए फंड शुरू करने के अवसरों की खोज करना जारी रखेंगे। यह विश्लेषण मुख्य रूप से सात म्यूचुअल फंड योजना श्रेणियों के एएयूएम पर आधारित है, अर्थात् लिक्विड योजनाएं, अन्य ऋण-उन्मुख योजनाएं, वृद्धि/इक्विटी उन्मुख योजनाएं, संतुलित योजनाएं, विदेशों में निवेश करने वाले फंड ऑफ फंड्स, गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड, और अन्य एक्सचेंज ट्रेडेड फंड।

चूंकि उत्तर प्रदेश विविध निवेश के अवसरों को अपना रहा है, ऐसे अवसर इस क्षेत्र की उभरती वित्तीय परिपक्वता और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में ऐसेट मैनेज्मेन्ट कंपनियों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करते है।

## उतार-चढ़ाव के बाद लाल निशान पर बंद हुआ बाजार; सेंसेक्स 625 अंक गिरा, निफ्टी 24850 से नीचे



**नई दिल्ली।** बैंकिंग, आईटी और ऑटो शेयरों में मुनाफावसूली के कारण मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स में दो दिन की तेजी का सिलसिला थम गया और यह करीब 625 अंक नीचे फिसल गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 624.82 अंक या 0.76 प्रतिशत गिरकर 81,551.63 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान, यह 1,054.75 अंक या 1.28 प्रतिशत गिरकर 81,121.70 पर आ गया। सेंसेक्स के 25 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि पांच शेयरों में तेजी दर्ज की गई। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 174.95 अंक या 0.70 प्रतिशत गिरकर 24,826.20 पर आ गया। पहली छमाही में सूचकांक में तेज उतार-चढ़ाव देखने दिखा और भारी भरकम शेयरों में लगातार मुनाफावसूली के कारण सूचकांक लाल निशान पर बंद हुआ। पिछले दो सत्रों में प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। बजार से जुड़े जानकारों के अनुसार बुधवार को अप्रैल माह के औद्योगिक और विनिर्माण उत्पादन के आंकड़े जारी होने है। इस सप्ताह के अंत में पहली तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े भी आने हैं। इसे देखते हुए पहले निवेशक पहले से ही सतर्कता बरत रहे हैं।


## सत्व सुकून लाइफकेयर लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 के मजबूत परिणाम घोषित किए : कंपनी के 48 करोड़ के राइट्स इश्यू ने इन परिणामों का समर्थन किया

SATTVA SUKUN

**लखनऊ।** होम डेकोर और विभिन्न सुगंध उत्पादों के विनिर्माण से जुड़ी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड ने 1.00 प्रति राइट्स इक्विटी शेयर के नकद मूल्य पर 48 करोड़ इक्विटी शेयरों के राइट्स इश्यू की घोषणा की है, जिससे कुल 48 करोड़ की राशि प्राप्त होगी। इस रणनीतिक कदम का उद्देश्य कंपनी के पूंजी आधार को मजबूत करना और इसके विस्तार के अगले चरण को समर्थन देना है।यह राइट्स इश्यू पात्र इक्विटी शेयरधारकों को 9 मई, 2025 की रिकॉर्ड तिथि तक धारित प्रत्येक 2 फुल्ली पैड इक्विटी शेयरों के लिए 5 राइट्स इक्विटी शेयरों के रेशियों दिए जा रहे हैं। यह इश्यू 30 दिनों की अवधि के लिए खुला रहेगा, जो 28 मई, 2025 को शुरू होगा और 26 जून, 2026 को बंद होगा। यहां यह ध्यान देने योग्य है कि इस इश्यू की समापन तिथि को बढ़ाया नहीं जा सकता है। सत्व सुकून लाइफकेयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मीत टी ब्रह्मभट्ट ने कहा कि यह राइट्स इश्यू हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आय से हम परिचालन को बढ़ा सकेंगे, उत्पाद नवाचार को बढ़ा सकेंगे और बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर सकेंगे। पिछले एक साल में हमारा मजबूत वित्तीय प्रदर्शन मूल्य सृजन और दीर्घकालिक व्यावसायिक स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।÷सेबी के नियमों के अनुसार, सभी अधिकार और आवंटन प्रक्रिया केवल डीमैट रूप में ही की जाएगी। नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार आंशिक, आंशिक अधिकारों को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। हालांकि, पात्र शेयरधारक जिनके आंशिक अधिकारों की उपेक्षा की गई है, उन्हें उपलब्धता के अधीन, अपने अधिकारों से अधिक शेयरों के लिए आवेदन करने पर एक अतिरिक्त शेयर के आवंटन के लिए प्रेफरेंशियल विचार किया जा सकता है। डीमैट खातों में जमा राइट्स अधिकारों को स्टॉक एक्सचेंज मैकेनिज्म या ऑफ-मार्केट ट्रांसफर के माध्यम से आंशिक या पूर्ण रूप से समर्पित किया जा सकता है। बाजार आधारित निकासी की अंतिम तिथि शुक्रवार, 20 जून 2025 है।

यह ध्यान देने योग्य है कि यह पूंजी निवेश ऐसे समय में किया गया है जब कंपनी मजबूत वित्तीय प्रदर्शन कर रही है।

## बीएसएनएल ने पहली बार लगातार दो तिमाही में दर्ज किया मुनाफा, कंपनी ने वित्तीय परिणामों में बताया




**नई दिल्ली।** राज्य के स्वामित्व वाली दूरसंचार ऑपरेटर बीएसएनएल ने मंगलवार को जनवरी-मार्च 2025 तिमाही के दौरान 280 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। इससे पहले, अक्तूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में कंपनी ने 262 करोड़ रुपये के मुनाफे की जानकारी दी थी। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड ने लंबे अरसे बाद एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। लंबे समय से हाशिये पर चल रही कंपनी ने पहली बार लगातार दूसरी तिमाही में मुनाफा हासिल करने का रिकॉर्ड बनाया है।

राज्य के स्वामित्व वाली दूरसंचार ऑपरेटर बीएसएनएल ने मंगलवार को जनवरी-मार्च 2025 तिमाही के दौरान 280 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। इससे पहले, अक्तूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में कंपनी ने 262 करोड़ रुपये के मुनाफे की जानकारी दी थी।

इसके साथ ही सरकार के स्वामित्व वाले दूरसंचार ऑपरेटर बीएसएनएल, जो अपनी खराब वित्तीय सेहत के कारण अक्सर चर्चा में रहती है, ने अपनी पहली बार लगातार दो तिमाहियों में लाभ में रहने की जानकारी दी है।

# आई.एच.जी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने भारत में अपने 50वे होटल की उपलब्धि का जश्न लखनऊ में क्राउन प्लाज़ा के उद्घाटन के साथ मनाया

**नई दिल्ली।** IHG® होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, जो दुनिया की प्रमुख होटल कंपनियों में से एक है, ने भारत में एक अहम उपलब्धि दर्ज की है। कंपनी ने क्राउन प्लाज़ा लखनऊ के उद्घाटन के साथ देश में अपना 50वां परिचालन होटल शुरू किया है। यह उपलब्धि भारतीय बाज़ार के प्रति IHG की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसे घरेलू मांग में मजबूती और विश्वस्तरीय आतिथ्य सेवाओं की ओर बढ़ती उपभोक्ता प्राथमिकता का समर्थन प्राप्त है। क्राउन प्लाज़ा लखनऊ की शुरुआत से ह्वात्न ने भारत में अपने प्रीमियम होटल नेटवर्क को और मज़बूत किया है। यह कदम यह भी दिखाता है कि क्राउन प्लाज़ा ब्रांड लगातार आगे बढ़ रहा है, खासकर उन यात्रियों के लिए जो बिज़नेस और आराम के बीच सही संतुलन चाहते हैं। 1983 से ही क्राउन प्लाज़ा इस क्षेत्र में इनोवेशन और नेतृत्व का उदाहरण रहा है। आज भी यह ब्रांड बदलती यात्रियों की ज़रूरतों को समझता है और उन्हें बेहतर अनुभव देने के लिए नई सोच के साथ आगे बढ़ता है–फिर चाहे वह गेस्ट रूम डिज़ाइन हो या हाईटेक मीटिंग और इवेंट्स की सुविधाएं। लखनऊ-सुल्तानपुर रोड पर स्थित क्राउन प्लाज़ा लखनऊ, शाहिद पथ, आईटी हब और क्रिकेट स्टेडियम के पास होने के चलते लोकेशन के लिहाज से बेहतरीन है। यह होटल बिजनेस और लीज़र ट्रैवलर्स दोनों को प्रीमियम स्टे का अनुभव देता है। यहां के 110 आलीशान कमरे, लगभग 40,000 वर्ग फुट के बड़े इवेंट स्पेस, दिनभर चलने वाला रेस्टोरेंट, बार, क्लब लाउंज, जिम और आउटडोर पूल - सभी इसे कॉन्फ्रेंस, शादी या लग्ज़री सिटी स्टे के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनाते हैं।

IHG अपने अलग-अलग ब्रांड्स और मजबूत प्लानिंग के साथ भारत के बिजनेस और ट्रैवल डेस्टिनेशन्स में लगातार विस्तार कर रहा है, और देश के सबसे तेज़ी से बढ़ते हॉस्पिटैलिटी ब्रांड्स में अपनी जगह और मजबूत बना रहा है।

MEA एवं साउथवेस्ट एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, IHG होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, हैथम मट्टार ने कहा

भारत में हमारा 50वां होटल खोलना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो हमारे देश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और विश्वास को दर्शाता है। भारत हमारे लिए एक रणनीतिक बाजार है और हम अपने विविध ब्रांड पोर्टफोलियो के विस्तार को लेकर उत्साहित हैं। हमारे मुख्य ब्रांड जैसे हॉलिडे इन, हॉलिडे इन एक्सप्रेस और गार्नर के साथ-साथ प्रीमियम और लक्ज़री ब्रांड जैसे क्राउन प्लाज़ा, इंटरकॉन्टिनेंटल और सिक्स सेंस पर भी हमारा फोकस बढ़ रहा है। उन्होंने कहाः "IHG के पास अपने मालिकों को मजबूत रिटर्न देने का सिद्ध रिकॉर्ड है – अतिथि संतुष्टि के साथ-साथ मालिकों को लाभ पहुंचाना भी भारत में हमारी शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। सुदीप जैन, स्ड्ढ, साउथ वेस्ट एशिया, IHG होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने कहा, भारत में 50 होटल खोलना हमारे लिए गर्व की बात है। क्राउन प्लाज़ा लखनऊ के साथ ब्रांड की ताकत और भी बढ़ी है। यह उद्घाटन हमारे देश में IHG की मजबूत योजना और महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। हम कई नए होटल खोलने की योजना बना रहे हैं और तेजी से बढ़ते शहरों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य सभी सेगमेंट के मेहमानों को बेहतरीन सेवा देना है।

IHG भारत में लगातार तेजी से विकसित हो रहा है। 2024 में कंपनी ने 18 नए होटलों के समझौते किए हैं, जिनमें से करीब 30त्न प्रीमियम और लक्ज़री कैटेगरी में हैं। करीब 70 होटल पाइपलाइन में हैं और IHG अगले पांच सालों में भारत में अपने होटलों की संख्या

## बंगलूरू में आईटी कामगार 10 लाख के पार, सीबीआरई ने बताया- शहर 12 वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्रों में शामिल

**नई दिल्ली।** देश में आईटी क्षेत्र के लिए प्रसिद्ध बंगलूरू अब दुनिया के शीर्ष 12 प्रौद्योगिकी केंद्रों में शामिल हो गया है। इस शहर में आईटी के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों का आंकड़ा 10 लाख पार कर गया है। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म सीबीआरई की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। देश में आईटी क्षेत्र के लिए प्रसिद्ध बंगलूरू अब दुनिया के शीर्ष 12 प्रौद्योगिकी केंद्रों में शामिल हो गया है। इस शहर में आईटी के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों का आंकड़ा 10 लाख पार कर गया है। रियल एस्टेट परामर्शदाता फर्म सीबीआरई ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। ग्लोबल टेक टैलेंट गाइडबुक 2025 नामक रिपोर्ट में 115 बाजारों में वैश्विक तकनीकी प्रतिभा की गतिशीलता का ब्योरा दिया गया है। रिपोर्ट में तकनीकी प्रतिभा की उपलब्धता, गुणवत्ता और लागत के आधार पर इन बाजारों का मूल्यांकन किया गया है और उन्हें तीन श्रेणियों में बांटा गया है। ये श्रेणी हैं- पावरहाउस (बड़े, गहन और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी प्रतिभा पूल वाले 12 बाजार), स्थापित (लगातार प्रतिभा पाइपलाइनों वाले 63 परिपक्व बाजार) और उभरते (सुधार क्षमताओं वाले 40 विकास-केंद्रित बाजार)। सीबीआरई ने कहा कि रिपोर्ट में बेंगलुरु को शीर्ष 12 वैश्विक प्रौद्योगिकी महाशक्तियों में से एक बताया गया है। प्रौद्योगिकी के मामले में अन्य महाशक्ति शहरों में बीजिंग, बोस्टन, लंदन, न्यूयॉर्क मेट्रो, पेरिस, सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र, सिएटल, शंघाई, सिंगापुर, टोक्यो और टोरंटो का नाम शामिल है।

सलाहकार फर्म ने कहा, बेंगलुरु, बीजिंग और शंघाई के साथ एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे बड़ा तकनीकी प्रतिभा बाजार है, जहां तकनीकी कार्यबल 1 मिलियन (10 लाख) से अधिक है। यह बंगलूरू शहर को वैश्विक प्रौद्योगिकी और नवाचार के मामले में एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाता है।

# कंटेनर ट्रक और बोलेरो में टक्कर, दो मरे, छह घायल


मृतक रहीम


मृतक गफरुद्दीन


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बोलेरो

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कसया नगर के देवरिया रोड पर स्थित सिसवा महंथ चौराहे के निकट सोमवार की देर रात बोलेरो और कंटेनर ट्रक के बीच टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो का परखच्चे उड़ गया। हादसे में दो लोगो कि मौत हो गई। शेष छः लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज चल रहा है।

कसया थाना क्षेत्र के परसौनी निवासी मुनीब अंसारी के लड़की की शादी 25 मई को देवरिया जिले के पथरदेवा ब्लॉक के भेलीपट्टी में हुई थी। 26 को विदाई होने के बाद परिवार और रिश्तेदार चौथी लेकर वलीमा में शामिल होने गए थे। वहां से देर रात को भोजन करने के बाद घर के लिए लौट रहे थे तभी कसया देवरिया मार्ग पर सिसवा महंथ गोदाम के समीप ओवरटेक करते समय ट्रक और बोलेरो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। बोलेरो में आठ लोग सवार थे। सभी घायलों को सीएचसी कसया लाया गया जहा डाक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया।

मृतकों में परसौनी मुकुंदहा निवासी रहीम ( 70 ) पुत्र सृजन तथा गफरुद्दीन उर्फ मुन्ना ( 40 ) पुत्र नुरमुहम्मद शामिल है। शेष पांच घायलों का इलाज जिला अस्पताल तो एक का इलाज मेडिकल कालेज गोरखपुर में चल रहा है। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।

उधर मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मृतकों में रहीम अवकाश प्राप्त शिक्षक है।

### घायलों में ये है शामिल

बोलेरो में सवार छह लोग बुरी तरह से घायल हो गए जिसमे सैनुल्लाह अंसारी (45) पुत्र नबी हसन, जमीला (42) पत्नी सैनूल्लाह अंसारी, इकबाल अंसारी (44) पुत्र वाहिद अली, समीर अंसारी (11) पुत्र इकबाल, फैजान (13) पुत्र सनिउल्लाह, सोहराब (17) पुत्र सिराजुद्दीन मौजूद थे। जिसमे सोहराब की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने गोरखपुर रेफर कर दिया। बाकी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**दावते वलीमा से लौटते समय देवरिया मार्ग पर सिसवा महंथ चौराहे पर हुआ हादसा**

# प्रसूता की मौत पर आक्रोशित हुए लोग

## पैदल मार्च निकाल किया विरोध प्रदर्शन, 22 मई को सीएचसी तमकुही के डाक्टरों की लापरवाही से प्रसूता की हो गई थी मौत

अवधनामा संवाददाता


तमकुहीराज में पैदल मार्च निकाल विरोध जताते लोग

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमकुहीराज में एक सप्ताह पूर्व प्रसव के उपरांत हुई प्रसूता की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को पीड़ित परिजनों के साथ क्षेत्र से सैकड़ों लोगों ने सीएचसी पर तैनात चिकित्सकों पर प्रसव करने में लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ये लोग मृतका सुप्रिया पटेल को न्याय दो, लिखी तख्तियां हाथों में लेकर डाक बंगला से तहसील मुख्यालय तक पैदल मार्च किया।

बता दें कि पिछले गुरूवार 22 मई को नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नं 7 निवासी अमनदीप पटेल की पत्नी सुप्रिया पटेल जो पेशे से बिहार में शिक्षिका थी को प्रसव पीड़ा हुई, परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमकुहीराज पहुंचाया जहां सामान्य प्रसव के उपरांत प्रसूता की गंभीर स्थिति होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां उसकी मौत हो गई थी। मंगलवार को सुप्रिया पटेल के मौत से आक्रोशित बड़ी संख्या में लोग डाक बंगला तमकुहीराज पहुंचे। जहां से सुप्रिया को न्याय दो, लिखी हाथ में तख्ती लेकर,नारे लगाते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचकर धरने पर बैठ गए। लोगों ने मृतका के मौत का जिम्मेदार अधीक्षक डॉ अमित राय एवं महिला चिकित्सक डॉ सलोनी जायसवाल को ठहराया। पीड़ित परिजनों को 25 लाख रूपये आर्थिक सहायता दिए जाने सम्बंधी 4 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। धरना के नेतृत्व कर रहे लोगों ने आगाह किया कि अगर 3 दिन के अंदर मांगे पूरी नहीं होती है तो क्षेत्र के लोग इस अन्याय के खिलाफ बृहद स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस प्रकरण में सीएमओ कुशीनगर के निर्देश पर डॉ रामदास कुशवाहा नोडल अधिकारी कुशीनगर, डॉ अखिलेश कुमार सीएचसी सेवरही, डॉ रेनू मिश्रा कप्तानगंज एवं डॉ मुकेश यादव समेत 4 सदस्यीय

## अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल सवार युवक की मौत

**हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के गौरी बाजार मार्ग पर मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब मृतक साइकिल से अपने घर जा रहा था और उसे एक अज्ञात तेज़ रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दिया जहां उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जितेन्द्र प्रसाद (35) पुत्र गेनू प्रसाद सुबह लगभग 9 बजे घर लौट रहा था कि बलुआ गांव के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जितेंद्र के मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पीड़ित परिजन थाने में तहरीर देकर वाहन के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है।

## एक महीने से खाली है रजिस्ट्रार का पद

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** उप निबंधक कार्यालय अमेठी में रजिस्ट्रार का पद एक महीने से खाली पड़ा हुआ है। रजिस्ट्रार का काम वरिष्ठ लिपिक कर रहे हैं। कई प्राइवेट आदमी भी दफ्तर में बैनामे का काम देख रहे हैं ?। रजिस्ट्रार एस के सिद्धार्थ का स्थानांतरण एक महीने पहले हो चुका है। उनके स्थान पर शासन से किसी अन्य की नियुक्ति नहीं हुई है। रजिस्ट्रार का काम वरिष्ठ लिपिक देख रहे हैं। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के जिला महामंत्री सुशील जायसवाल ने रजिस्ट्रार कार्यालय के कामकाज पर सवाल उठाए। उन्होंने दफ्तर में कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार बढ़ने के आरोप लगाए और कहा कि जिले के उच्चाधिकारियों की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## दिशा की बैठक में योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर जोर, जल जीवन मिशन के कार्यों की तारीफ हुई



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** विकास भवन के प्रेरणा सभागार में सोमवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति -(दिशा की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद किशोरी लाल शर्मा ने की। बैठक में 97 सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा हुई। सभी विभागीय अधिकारियों ने अपनी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से करें, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाय। विभिन्न कल्याणकारी और लाभार्थी परक योजनाओं में लाभार्थियों का चयन कैंप लगाकर किया जाय और कैम्पों के बारे में जनप्रतिनिधियों को पहले से जानकारी दी जाय। दिशा की बैठक में मनरेगा के कार्यों पर चर्चा के दौरान पूर्व एम एल सी दीपक सिंह और ब्लाक प्रमुख आकर्ष शुक्ल ने क्षेत्र पंचायत से कार्यों के लिए बजट के संकट पर सवाल उठाए और कहा कि क्षेत्र पंचायत से मनरेगा के काम नहीं कराए जा रहे हैं। उपायुक्त मनरेगा शेर बहादुर ने कहा कि2022से इस सम्बन्ध में शासन की कोई गाइड लाइन नहीं प्राप्त हुई है।

# बरसात से पहले सभी छोटे-बड़े नालों व ड्रेनों की सफाई कराने का डीएम ने दिया निर्देश

अवधनामा ब्यूरो


कलेक्ट्रेट में ड्रेनों की सफाई का निर्देश देते डीएम महेंद्र

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तवंर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ खण्ड, मनरेगा, सिंचाई बन्धु की संयुक्त रूप से बैठक की गई। बैठक दौरान बरसात से पूर्व समस्त 84 वृहद व छोटे नालों व ड्रेनों की साफ-सफाई बाढ़ खण्ड, मनरेगा व जनपद में संचालित चीनी मिलों की सहायता से कराने के निर्देश डीएम ने दिए। उन्होने समस्त चीनी मिलों के उपस्थित प्रतिनिधियों से अपील भी किया कि वे गन्ना बुआई क्षेत्रों में किसानों के हितार्थ में इस सफाई अभियान में सहायता प्रदान कर सकते है। बाढ़ खण्ड के अधिकारी तथा जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि जनपद में छोटी बड़ी 84 ड्रेन है। पानी के सकुशल निष्कासन हेतु इन ड्रोनों की सफाई नितान्त आवश्यक है। जिसपर जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा को 32 नालों/ड्रेनों बशर्ते कि उन ड्रेनों/नालों की सफाई विगत 3 वर्षो के अन्दर मनरेगा से न हुई हो। इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होने सेवरही चीनी मिल ढ़ाढ़ा चीनी मिल अवध शुगर हाटा, त्रिवेणी चीनी मिल तथा अन्य से इस सम्बन्ध में आवश्यक सहायता की बात भी कही। जिलाधिकारी ने बाद खण्ड के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने स्तर से सभी प्रकार आपत्ति पत्र भी निर्गत करें इसमें लापरवाही न हों। इस वृहद सफाई कार्य हेतु नोडल तथा सहायक नोडल अधिकारी भी नामित किए जाए जो बेहतर समन्वय कर सकें। साथ ही हिरण्यवती तथा बासी नदी को सदनीरा बनाने की दिशा कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई को दिए। उन्होंने कहा कि उन दोनों स्थानीय नदियों में राजवाहा व पानी के अन्य श्रोतों से जोड़ने का प्रयास सुझाए जिससे इसमें पानी पर्याप्त रहे सकें।

## विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल के मद्देनजर मजिस्ट्रेटों की तैनाती

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के द्वारा विद्युत कर्मचारी संघ समिति उत्तर प्रदेश के अंतर्गत कार्य बहिष्कार तथा कल गुरुवार को संभावित अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार एवं शांति बनाए रखने के मद्देनजर अधिकारियों/मजिस्ट्रेटों को विद्युत उप केंद्रवार अग्रिम आदेश तक ड्यूटी लगाई गई है। यह आदेश विद्युत कर्मियों की हड़ताल पर जाते ही तत्काल रूप से प्रभावित हो जाएगा। इसके अंतर्गत 16 सब डिविजन तथा 35 सब स्टेशनों पर 66 अधिकारियों/ मजिस्ट्रेट की तैनाती शिफ्टवार लगाई गई है। जिलाधिकारी ने सभी उपकेंद्रों पर दो शिफ्टों में प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक एवं रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक अधिकारियों की तैनाती की है।

## मृतक तीन लोगों के पीड़ित परिवार के प्रति शोक संवेदना का क्रम जारी



**जगदीशपुर/अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अस्थि विसर्जन के दौरान गंगा नदी में डुबने से मौत के शिकार हुए तीन लोगों के पीड़ित परिवार के प्रति शोक संवेदना का क्रम जारी है। मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और जिले के प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने पालपुर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और लोगों के आंसू पोंछे। डीएम संजय चौहान और एम एल सी शैलेन्द्र प्रताप सिंह के साथ गांव पहुंचे प्रभारी मंत्री ने शासन की ओर से बारह लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। रायबरेली के डलमऊ घाट पर अस्थि विसर्जन के दौरान हुए हादसे में मृतक चंद्र कुमार कौशल, बालचंद कौशल व आर्यंस कौशल के परिजनों को आज मा. प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह व जिलाधिकारी संजय चौहान ने उनके गांव पालपुर पहुंचकर मृतक चंद्र कुमार कौशल की पत्नी विजयलक्ष्मी तथा मृतक बालचंद कौशल व आर्यंस कौशल के परिजन सीमा को रुपए चार-चार लाख की सहायता राशि का चेक प्रदान करते हुए शासन स्तर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित,जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी एवं पार्टी के तमाम कार्यकर्ता और गांव वासी मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट परिसर में बड़े मंगलवार के अवसर पर भंडारे का आयोजन

### जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने की विधिवत पूजा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर आयोजन की शुरुआत की। भंडारे में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन पहुंचे और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे परिसर में भक्ति, सेवा और सौहार्द का वातावरण व्याप्त रहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार राय, कोषाधिकारी अतुल पांडेय सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से प्रसाद वितरण एवं आयोजन की व्यवस्था में सहभागिता निभाई। जिलाधिकारी श्रीमती मित्तल ने कहा कि आस्था और जनसेवा के ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता को बल मिलता है। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों को सफल संचालन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अहिल्याबाई एक आदर्श प्रशासक और धर्म रक्षक के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगी

## हाटा व कसया में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अहिल्याबाई स्मृति के अवसर पर हुआ कार्यक्रम


हाटा में विधायक के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक

अवधनामा संवाददाता

**कसया/हाटा, कुशीनगर।** नगर पालिका कुशीनगर के सभागार में मंगलवार को विधानसभा कुशीनगर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुण्य श्लोक अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा के मुख्य वक्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव द्वारा अहिल्या बाई होल्कर के जीवन वृत पर प्रकाश डाला गया।

इसी क्रम में हाटा नगर के मंगलम मैरेज हाल में भारत की महान वीरांगना, त्याग व न्याय की प्रतिमूर्ति एवं कुशल शाशिका पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी अभियान के अंतर्गत अपने विधानसभा क्षेत्र हाटा के पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन मे पूर्व विधायक देवरिया डॉ सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी के साथ सम्मिलित होकर सम्बोधित किया। एक आदर्श प्रशासक और धर्म रक्षक के रूप में लोक माता अहिल्याबाई होल्कर सदैव स्मरणीय रहेंगी। कसया में मुख्य अतिथि प्रदेश पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रमेश सिंह ने अहिल्या बाई होल्कर के द्वारा अल्प आयु में ही शासन की बागडोर थाम कर सनातन एवं राष्ट हित में किए कार्यो जैसे कुंए खुदवाना, मन्दिर धर्मशाला सड़कों आदि का निर्माण अपने राज्य की सीमा से बाहर पूरे भारत वर्ष किया तथा विषम परिस्थितियों में भी ब्रिटिश हुकूमत से लड़ते हुए अपने राज्य की सिमा को अछूड़ बनाए रखा। समापन भाषण में विधायक कुशीनगर पी एन पाठक ने आए हुए समस्त अतिथियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए अहिल्या बाई होल्कर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

### राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनकैप) की बैठक संपन्न

# ग्रीन स्पेस बढ़ाए जाने के लिए करे विशेष प्रयास : डीएम



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** जिलाधिकारी श्रीमती हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनकैप) के अन्तर्गत सिटी लेवल इम्पलिमेन्टेशन कमेटी की बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में प्रमुख एजेंडो नगरीय क्षेत्र में ग्रीन स्पेस बढ़ाये जाने,शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक कन्जेक्शन को कम किये जाने व ई-चार्जिंग स्टेशन का प्रस्ताव समाप्त करने पर चर्चा की गयी। बैठक में अध्यक्ष द्वारा ग्रीन स्पेस को बढ़ाये जाने हेतु सामाजिक वानिकी, प्रभाग को आवश्यक कार्यवाही करने व ट्रैफिक कन्जेक्शन को कम करने के लिए आईटीएमएस की स्थापना हेतु जिला स्तरीय कमेटी गठित कर कार्य शीघ्र पूर्ण कराने तथा ई-चार्जिंग स्टेशन का प्रस्ताव समाप्त करते हुए दो स्थानों पर ई-चार्जिंग स्टेशन का प्रस्ताव तैयार कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये गये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ,ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह, सिटी लेवल इम्पलिमेन्टेशन कमेटी के समस्त सदस्यगण उपरिथित रहे।

## क्षेत्र के अनेक प्रमुख स्थानों पर विशाल भंडारे का किया गया आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज, रायबरेली।** जेष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को क्षेत्र के अनेक प्रमुख स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। बताते चले कि कोतवाली परिसर पर स्थित हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात हवन पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें उप जिलाधिकारी सचिन यादव, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार व कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे तथा उनकी उपस्थिति में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और आने वाले भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

इस मौके पर हेड मोहर्रिर रविकांत पांडे, मुंशी अजय चौधरी, हिमांशु, अखिलेश दीवान, ज्ञानेंद्र तिवारी,एस आई रोहित कुमार, एस आई त्रियुगी नारायण तिवारी, एस आई दिनेश गोस्वामी, एस आई सचिन सिंह, एस आई राजवीर सिंह, चंद्रपाल सहित कोतवाली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सचिव/अपर जिला जज ने किया राजकीय बाल गृह देवरिया का औचक निरीक्षण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम मिलन सिंह के मार्गदर्शन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन व समय-समय पर उचित खान-पान की व्यवस्था के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन किया गया। उन्होनें राजकीय बाल गृह के भण्डार कक्ष में बच्चों के लिए बन रहे भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। उन्होनें गर्मी के मौसम को देखते हुए व्यवस्थापक से बच्चों को लस्सी प्रदान करने हेतु व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बच्चे यह सुनकर खुश हो गये। कई बच्चों ने गोरखपुर चिड़िया घर घूमने हेतु कहा जिस पर सचिव द्वारा व्यवस्थापक को इस हेतु उचित प्रबन्ध करने हेतु निर्देशित किया। उनके द्वारा समय-समय पर ताजे फलों तथा बच्चों को साफ-सुथरे कपड़े व साफ-सफाई पर विशेष दिशा-निर्देश दिया गया तथा गर्मी के मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उनकी नियमित जॉच व बच्चों को नियमित व्यायाम कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। राजकीय बाल गृह के परिसर, भण्डार कक्ष की साफ-सफाई हेतु विशेष दिशा निर्देश दिया गया।

## देवरिया में होगी महिला जनसुनवाई आज

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया है कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही 28 मई को पूर्वाह्न 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। उक्त कार्यक्रम में जनपद की पीड़ित महिलाएं प्रत्यक्ष रूप से अपनी समस्याएं मा. सदस्य के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगी। जिलाधिकारी ने बताया है कि कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को मा. सदस्य के सहयोगार्थ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं महिला थानाध्यक्ष की उपस्थिति भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# रोबोटिक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर हुई कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता


बच्चों द्वारा बनाए गए ब्ल्यूटूथ कंट्रोल रोबोट मॉडल्स

**एआई के माध्यम से समस्याओं के समाधान पर की चर्चा**

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** स्थानीय सेंट जेवियर्स स्कूल कप्तानगंज में कक्षा नवीं से कक्षा बारहवीं तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित विज्ञान पाठशाला प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रोबोटिक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एआई के माध्यम से समस्याओं के समाधान पर की चर्चा, बच्चों ने बनाए ब्ल्यूटूथ कंट्रोल रोबोट मॉडल्स। विज्ञान पाठशाला प्राइवेट लिमिटेड के हेड ट्रेनर हर्षल जायसवाल, सूरज मिश्रा, टेक्निकल हेड नागेंद्र गौंड, टेक्निकल असिस्टेंट सूरज सिंह एवं नीतेश चौधरी ने संयुक्त रूप से बच्चों को ब्ल्यूटूथ कंट्रोल रोबोट बनाना सिखाया, आगे बताया की इंटेलिजेंस (एआई) जैसी आधुनिक तकनीकों से रुबरु होना जरूरी है। कार्यशाला में बच्चों को रोबोटिक तकनीकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की आवश्यकता, निर्माण विधि एवं उपयोगिता पर चर्चा हुई। इस दौरान प्रभारी व्याख्याता हर्षल जायसवाल एवं सूरज मिश्रा के द्वारा समझाई गई। इस कार्यशाला का उद्घाटन प्रधानाचार्य डॉक्टर वैभव ने बताया कि तकनीक न केवल बच्चों की विचार शीलता को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि उनके सोचने-समझने और समस्याओं को हल करने के तरीके को भी विकसित करती हैं। इस कार्यशाला में मैनेजर अरविंद कुमार पांडेय एवं उप प्रधानाचार्य शशि कुमार चौरसिया ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया।

# बायोडीजल पंपों पर छापेमारी में डीजल पेट्रोल जब्त पंप सीज

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** डीएम ने बायोडीजल के नाम पर चल रहे अवैध और मानकहीन पंपों पर कार्रवाई कर हड़कंप मचा दिया। लगातार मिल शिकायतों का संज्ञान लेकर बायोडीजल पंपों पर छापामार कार्यवाही कर डाली। बिना लाइसेंस और सुरक्षा मानकों के संचालन कर रहे हैं इन पंपों पर बायोडीजल के नाम पर घटिया गुणवत्ता का डीजल-पेट्रोल बेचा जा रहा था, जिससे एक ओर राजस्व की हानि हो रही थी, वहीं दूसरी ओर वाहनों और कृषि उपकरणों को भी नुकसान पहुंच रहा था। इसी को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर 27 मई को 9 टीमों का गठन कर जनपद भर में इन अवैध पंपों पर एक साथ छापेमारी की गई। हर टीम में एक उप जिलाधिकारी/तहसीलदार के साथ खाद्य विभाग, पूर्ति निरीक्षक और बाट माप विभाग के अधिकारी शामिल थे। इन सभी टीमों ने समन्वित रूप से 9 अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित पंपों को सील कर दिया। ग्राम देवकली (बण्डा-नभीची रोड) परिसर, टैंक व नोजल सील, पीसताला (सिधौली थाना के सामने, ग्राम कोटाबारी पुवायां रोड, ग्राम दलेलापुर 100 लीटर डीजल बरामद, ग्राम ढकिया तिवारी सीलिंग की गई, ग्राम जौराभूस जलालाबाद कटरा मार्ग 1008.73 लीटर डीजल व 414 लीटर पेट्रोल बरामद, ग्राम राजनपुर द्वितीय तिलहर 101 लीटर पेट्रोल बरामद, ग्राम राजनपुर तिलहर सीलिंग, ग्राम ताहरपुर महानंदपुर रोड 1300 लीटर डीजल व 220 लीटर पेट्रोल बरामद किया। इन सभी स्थलों पर पंप बिना किसी वैध दस्तावेज, अनापत्ति प्रमाणपत्र या लाइसेंस के संचालित पाए गए। यह न केवल एचएसडी कंट्रोल ऑर्डर 1981, एमएस कंट्रोल ऑर्डर 2005, बल्कि शासनादेश संख्या-1185 24 अगस्त 2023 का भी उल्लंघन है। इस आधार पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 व अन्य धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। कुछ स्थलों पर मापन डिप रॉड की अनुपलब्धता के कारण नहीं हो सका, जिन्हें नियमानुसार सील खोलकर जांच टीम की उपस्थिति में मापा जाएगा। साथ ही, सभी स्थानों से लिए गए डीजल-पेट्रोल के नमूनों की सैंपलिंग कर लैब में जांच हेतु भेजा गया है। यह कार्रवाई न केवल जिले में कानून का भय स्थापित करने वाली है, बल्कि आने वाले समय में ऐसे अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाने की दिशा में एक सशक्त कदम मानी जा रही है।

## आवश्यक बैठक आज

**फिरोजाबाद।** जिला स्वच्छता समिति/जिला पंचायत राज अधिकारी फिरोजाबाद सचिव जगदीश सम गौतम की सूचनानुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज 28 मई 2025 के क्रम में 3:00 बजे स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्टेऊट सभागार में आहुत की जाएगी। निद्रेशानुसार उक्त बैठक में जिला स्वच्छता समिति की बैठक में समस्त अधिकारीगण समय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें। साथ ही कहा कि जनपद में जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रत्येक माह बैठक आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेटि / जिलाधिकारी फिरोजाबाद की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सदस्य संयोजक की उपस्थिति में उपरोक्त जिला स्तरीय अधिकारियों, के साथ माह अप्रैल 2025 की नशीली दवाओं के सेवन/नशे के विरूद्ध अभियान नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन त्तेन्टर सम्बन्धी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में 30.05.2025 को समय 05:00 बजे अपरान्ह में आयोजित की गयी है। बैठक में उक्त के सम्बन्ध में अपने-अपने विभाग द्वारा कृत कार्यवाहियों की सूचना/फोटोग्राफ सहित बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# डीएम ने तहसील नानपारा का किया निरीक्षण

- लेखपाल को मुख्यालय से सम्बद्ध करने के दिये निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन के निर्देशानुसार राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण के साथ-साथ जनशिकायतों व समस्याओं का समयबद्ध रूप से गुणवत्तापरक निस्तारण, तहसील आने वाले फरियादियों की सुविधाओं, अभिलेखों के रख-रखाव, जनसूचना प्रार्थना पत्रों की शिकायत, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र का दर्ज रजिस्टर तथा जनसुविधा केन्द्र सचांलित किये जाने की स्थिति का जायजा लिया। शिकायतों की समीक्षा के दौरान भौखारा (मटेरा खास) में तैनात लेखपाल नवीउद्दीन के स्तर पर अंश निर्धारण सहित अन्य प्रार्थना-पत्र लम्बित पाये जाने पर डीएम ने सम्बन्धित को मुख्यालय से सम्बद्ध किये जाने के निर्देश दिये।डीएम ने कानूनगो व लेखपाल से ग्रामवार प्राप्त प्रार्थना-पत्रों एवं उनके निस्तारण की जानकारी लेते हुए फैमिली आईडी की कम प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सम्बन्धित को निर्देश दिया कि प्रगति में सुधार लाया जाय। डीएम ने तहसील प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी जन सुविधा केन्द्र अपने निर्धारित स्थलों से ही संचालित हों और उन्हें अधिकृत व्यक्ति ही चलायें। डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिया कि तहसील अन्तर्गत संचालित जनसुविधा केन्द्रों का सत्यापन करा लिया जाय। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना की पत्रावलियों के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि पत्रावलियों को समय से निस्तारित किया जाय। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, तहसीलदार (न्यायिक) व नायब तहसीलदार न्यायालयों की फाइलों का अवलोकन करते हुए न्यायालयों में प्रचलित/निस्तारित वादों से सम्बन्धित पत्रावलियों में दाखिला, नोटिस निर्गमन, तामीला, राजस्व निरीक्षकों व लेखपाल की आख्या प्रस्तुत करने की समयबद्धत्ता इत्यादि का जायज़ा लिया तथा सम्बन्धित पत्रावलियां व रजिस्टर आदि के साथ जनसुनवाई रजिस्टर का भी निरीक्षण किया। डीएम ने राजस्व संहिता की धारा 34, 67, 24, 116, 33, विशेषकर धारा 34, 116 व 24 से सम्बन्धित राजस्व वादों की पत्रावलियों का गहन निरीक्षण करते हुए निर्देश दिया कि समय सीमा उपरान्त सभी वादों का निस्तारण कर दिया जाय।

उल्लेखनीय है कि तहसील पहुंचने पर डीएम ने जहां प्रशासनिक कारगुज़ारियों का जायज़ा लिया वहीं मौजूद फरियादियों को भी निराश नहीं किया। अपने बीच जिलाधिकारी को पाकर बड़ी संख्या में फरियादी इकटठा हो गये। डीएम ने एक-एक कर सभी फरियोदियों की समस्याओं की सुनवाई की तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये।

## वसुधैव कुटुम्बकम्, भारत का पूरे विश्व को दिया हुआ एक अमूल्य उपहार

**सुल्तानपुर।** सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विवेकानंद नगर के प्रांगण में आज विद्या भारती से सम्बद्ध, भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश, काशी प्रान्त के दस दिवसीय प्रान्तीय प्रधानाचार्य प्रशिक्षण वर्ग 2025 का शुभारंभ हुआ। अतिथियों के स्वागत, सम्मान के पश्चात् प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए अरविन्द सोसायटी की राष्ट्रीय कोर समिति के सदस्य , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सुलतानपुर विभाग के कुटुम्ब प्रबोधन संयोजक, वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर जे पी सिंह ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् भारत का पूरे विश्व को दिया हुआ एक अमूल्य उपहार है। जहाँ पश्चिम के देशों के लिए विश्व एक बाजार है, वह हानि लाभ को ध्यान में रखकर कोई कार्य करते हैं,। वहीं भारत हानिलालाभ नहीं अपितु, प्रेम का पोषक राष्ट्र है, जो हमें हिन्दू धर्म, सनातन एवं वैदिक संस्कृति का बोध कराता है। हमारी शिक्षा भी इसी आध्यात्मिक भावना पर आधारित है। विद्या भारती शिक्षा देने के साथ ही छात्रों को संस्कार देकर आध्यात्मिकता की ओर उन्मुख करती है।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित

**बहराइच।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अन्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को निःशुल्क 'ओ' लेवल /ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नीलीट से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान विभागीय वेबसाइट बैकवर्डवेलफेअर डाट यूपी डाट एनआईसी डाट इन एवं ओबीसी कम्प्यूटरट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर दिये गये लिंक पर 02 जून 2025 तक आनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं।

इच्छुक प्रशिक्षण संस्थानों को मान्यता से सम्बन्धित अभिलेखों व आधारभूत ढांचे का विवरण उक्त वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ ही समस्त अभिलेखों की हार्डकापी विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

# छात्र-छात्राओं ने निजी मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों पर उत्पीड़न के लगाए आरोप

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** लगातार चर्चाओं में रहने वाले निजी मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों पर नर्सिंग छात्र छात्राओं ने फिजिकल हरासमेंट के गंभीर आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन को शिकायती पत्र सौंपा है. दिए गए शिकायती पत्र में छात्र-छात्राओं ने वरुण अर्जुन निजी मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग का कोर्स कर रहे हैं छात्र-छात्राओं ने दो गार्गी सहित डॉक्टर कृष्ण रेड्डी डॉक्टर शिवम डॉक्टर सीताराम डॉक्टर विपुल पर फिजिकल हरासमेंट करने के साथ बद्दी बद्दी गालियां देने और उनका उत्पीड़न करने का गंभीर आरोप लगाया है। वहीं सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिए गए हैं।

आपको बताते चलें कि यह वही निजी वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज है, जहां एक नहीं तीन तीन मेडिकल छात्र-छात्राओं की मौत हो चुकी है. जिसमें एक छात्र की मौत पर कॉलेज प्रशासन के विरुद्ध हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा भी पंजीकृत करवाया गया है। लेकिन ऊंचे अशोक और लंबी पहुंच वाले इन निजी मेडिकल कॉलेज के संचालक और डॉक्टर के विरुद्ध आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके चलते आए दिन वहां छात्र-छात्राओं का उत्पीड़न बढ़ता ही जा रहा है हद तो तब हो गई जब आज दर्जनों छात्र-छात्राएं कलेक्ट्रेट जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे। जहां शिकायती पत्र देकर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कॉलेज में तैनात डॉक्टरों पर शारीरिक उत्पीड़न और मानसिक रूप से उन्हें टॉर्चर करने का आरोप लगाया गया है। वही सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार ने जिलाधिकारी के अनुपस्थिति में शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर बताया कि प्राप्त शिकायत के आधार पर कमेटी गठित कर जांच करवा कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## दो अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवैध असलहों संग वायरल हो रहे वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा बीएस गैंग के दो अभियुक्तों को दो अवैध असलहों सहित गिरफ्तार किया। विडियो के आधार पर थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा सम्भावित स्थानों पर प्रभावी दबिश दी जा रही थी जिसमें 27-05-2025 को दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। थाना मटसेना क्षेत्रान्तर्गत अवैध असलहों संग एक वीडियो वायरल हुआ था। उक्त वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना मटसेना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा वीडियो के आधार पर 27-05-2025 को बीएस गैंग के दो अभियुक्तों 1-ऊदर पुत्र जयवीर निवासी सटकई थाना मटसेना एवं 2-अविनाश उर्फ बीटू पुत्र भारत सिंह निवासी सटकई थाना मटसेना को गिरफ्तार किया गया है। ऊदल उपरोक्त के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर मय दो जिन्दा कारतूस व दूसरे अभियुक्त अविनाश उपरोक्त से एक तमंचा 315 बोर मय दो जिन्दा कारतूस बरामद किए गए हैं।

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को सफल बनाने मे जुटा पूरा आयुर्वेदिक विभाग

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** इस वर्ष ग्यारहवे अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 का आयोजन योग संगम के नाम से किया जा रहा है जिसकी थीम ''एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य'' के लिये योग है मुख्य आयोजन को भव्य एंव सफल बनाने हेतु केन्द्र सरकार व आयुष मिशन उत्तर प्रदेश द्वारा दिशा निर्देष जारी कर दिये गये है। डा0 शरद वर्मा व जिला कार्यक्रम प्रबन्धक आलोक राजपुत द्वारा योग दिवस की तैयारियॉ शुरू कर दी गयी है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी फिरोजाबाद द्वारा डा0 पी0एस राणा (योग प्रशिक्षक) राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सिरसागंज को मास्टर ट्रेनर नियुक्त कर दिया गया है तथा उन्हे शासनादेशानुसार लखनऊ से ट्रेनिग दिलवाकर, जनपद मे शासन द्वारा नियुक्त योग प्रशिक्षको को लगातार समन्वय स्थापित कर ट्रेनिंग दी जा रही है। इसी क्रम मे 27.05.2025 को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी फिरोजाबाद कार्यालय मे अधोहस्ताक्षरी की उपस्थिति मे कई संस्थाओं के 25 योग प्रशिक्षकों को हमारे मास्टर ट्रेनर डा0 पी0एस0 राना के द्वारा कॉमन योगा प्रोटोकाल के अनुसार ट्रेनिंग दी गयी। जिससे वे प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न ब्लॉकों, तहसीलों ग्राम पंचायत तथा विभिन्न स्थानों पर लगातार योग कराकर आने वाले (21 जून, 2025) अंतराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका निभायें। ट्रेनिंग में आयुष विभाग में नियुक्त जिला कार्यक्रम प्रबन्धक तथा डा0 सुग्रीव कुमार अशोक भी उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधान पिता पुत्र की हत्या में वांछित एक अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** थाना नगला सिंघी व एसओजी सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा गांव टीकरी निवासी पूर्व प्रधान व उनके पुत्र की नृशंस हत्या के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त मोहनवीर उर्फ भोला को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। बता दें कि 25.5.2025 शाम को खेती के जमीनी विवाद में गांव टीकरी निवासी पूर्व प्रधान अरविंद यादव और उनके पुत्र की गांव के ही हुब्ब लाल यादव पक्ष ने लोगों ने कृषि यंत्रों फावड़ा आदि से नृसंश हत्या कर दी थी। हत्या की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। हत्यारों को शीघ्र ही गिरफ्तार करने की बात कही थी। वहीं मृतक पूर्व प्रधान के दूसरे पुत्र ने थाना नगला सिंघी पर तहरीर दी कि 25-05-2025 को समय करीब शाम 4.30 बजे उसके पिता अरविन्द यादव तथा भाई नितिन यादव अपने खेत पर ट्रैक्टर से खेत जोतने गए थे,उसी समय गांव के ही हुब्बलाल देवेन्द्र, भोला रवि विपन मनीष सन्नी व अन्य परिवार के लोगो द्वारा मौके पर आकर धारदार हथियार फावडा, बल्लम, फरसा से उन पर हमला कर दिया। जिसमें उसके पिता व भाई की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया। उक्त घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित ने तीन पुलिस टीमों का गठन किया था। इसी क्रम में 26-05-2025 को पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि पूर्व प्रधान और उनके पुत्र की हत्या में वांछित अभियुक्त भोला उर्फ मोहनवीर टीकरी पुलिया रामपुर रोड़ के पास घूम रहा है तथा कही भागने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा टीकरी रामपुर रोड़ पर चौकिंग अभियान चलाया चौकिंग के दौरान पुलिस टीम को मोटर साइकिल पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा मोटर साइकिल सवार उक्त संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर मोटर साइकिल को वापस मोड़कर भागने लगा, लेकिन हड़बड़ाहट में भागते समय उसकी मोटर साइकिल फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम को नजदीक आता हुए तथा खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में उक्त संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान भोला उर्फ मोहनवीर निवासी ग्राम टीकरी थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई।अभियुक्त के कब्जे से एक मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा एक जिंदा कारतूस एवं एक खोखा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करा अन्य विधिक कार्यवाही की है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि शीघ्र ही हत्या मे वांछित अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# सम्मान समारोह आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** प्रातः 09.30 बजे सुहाग नगर फिरोजाबाद स्थित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में एक सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जनपद में 22.04.2025 से आरक्षी नागरिक पुलिस पदों पर सीधी भर्ती-2023 में चयनित कुल 28 अभ्यर्थियों जो पूर्व सैनिक हैं, को कैप्टन आशीष कुमार मित्तल (आई.एन., अ0प्रा0), जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा उनके पुनः स्थायी सेवायोजन हेतु बधाई दी और उनका उत्साह बर्धन किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि उक्त सभी पूर्व सैनिक अभ्यर्थियों द्वारा सेना में भी सेवारत रहकर हर परिस्थिति का सामना करते हुये देश की सेवा की है और सेना से सेवानिवृत्त होकर पुनः उ0प्र0 राज्य के अन्तर्गत पुलिस विभाग में अपनी मेहनत व लगन से आवश्यक परीक्षा उत्तीर्ण कर सेवा देने जा रहे हैं। यह भी अवगत कराया गया कि जिस प्रकार एकता एवं अनुशासन में रहकर देश की सेवा की है उसी प्रकार प्रदेश में भी अनुशासन में रहकर ईमानदारी से अपनी सेवा प्रदान करेंगे। उक्त पूर्व सैनिकों द्वारा जिस प्रकार देश की सेवा कर देश को गौरवान्वित किया है उसी प्रकार प्रदेश को भी गौरवान्वित करेंगे, जो निश्चित ही बधाई के पात्र हैं। सभी चयनित पूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को सम्मानित करने के उपरान्त उनकी स्वल्पाहार की व्यवस्था की गयी। जिस हेतु सभी पूर्व सैनिक अभ्यर्थियों द्वारा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम सौहादपूर्ण वातावरण में समाप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान कैप्टन आशीष कुमार मित्तल (आई.एन., अ0प्रा0), जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, फिरोजाबाद, 22.04. 2025 से आरक्षी नागरिक पुलिस पदों पर सीधी भर्ती- 2023 में चयनित कुल 28 अभ्यर्थी, कार्यालय स्टाफ राघवेन्द्र सिंह, राम कुमार सिंह, मु0 लुकमान एवं अन्य पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित आदि उपस्थित थे।

## बजरंगियो ने खूब चखाया भक्तो को महाप्रसाद

**सुलतानपुर।** ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार हनुमानजी को अति प्रिय हैं। हिंदू धर्म में हर तिथि हर वार का अत्यधिक महत्व है। इन्ही महीनों में ज्येष्ठ माह को सबसे बड़ा महीना माना गया है। इसलिए इसका नाम ज्येष्ठ पड़ा. ज्येष्ठ महीने में पड़ने वाले मंगलवार को भी बेहद शुभ माना जाता है।इस महीने में पड़ने वाले प्रत्येक मंगल पर हनुमानजी की उपासना परम पुण्यकारी बताई गई है। इस महीने आने वाले प्रत्येक मंगलवार को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल कहा जाता ह।

इसी को लेकर ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश पांडेय बजरंगी व आशीष पांडेय सनी के नेतृत्व मे बजरंगियो ने खूब सेवा की। पूडी सब्जी व नुक्ती हर भक्त तक पहुंचाने के लिए टीम बजरंगी के सदस्य आतुर दिखे।

इस दौरान भाजपा नेता ओमप्रकाश पांडेय बजरंगी ने कहा कि मान्यता है कि ज्येष्ठ के मंगलवार को ही भगवान राम से हनुमानजी की मुलाकात हुई थी। भक्त और भगवान के इसी मिलन की तिथि को उत्सव के रूप में मनाने की परंपरा है, यह परंपरा त्रेतायुग से जुड़ी हुई है।उज्जैन के आचार्य आनंद भारद्वाज ने बताया कि तीसरे बड़ा मंगल 27 मई यानी कल है, इस दिन कुछ उपाय करके आप बजरंगबली की कृपा प्राप्त कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय धनगर महासभा ने मांगो को लेकर एसडीएम को ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** धनगर अनुसूचित जाति के जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने को लेकर धनगर समाज के लोगों ने एसडीएम टूंडला को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान राष्ट्रीय धनगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी धनगर के नेतृत्व में धनगर जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने को लेकर ज्ञापन एसडीएम टूंडला को सौंपा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी धनगर ने बताया कि गड़रिया जाति की दो उपजातियों धनगर व निखर है, जिनमें से धनगर जाति अनुसूचित जाति की सूची के कमांक 27 पर अधिसूचित है फिर भी तहसीलदार द्वारा धनगर जाति के व्यक्तियो द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन करने पर आवेदक गड़रिया जाति की उपजाति धनगर व निखर में से किस जाति का है। बिना स्थलीय जांच पड़ताल के गड़रिया जाति का बताकर अथवा यहाँ धनगर नहीं रहते अथवा पर्याप्त साक्ष्य नहीं है, सही जाति अंकित करे अंकित कर आवेदन निरस्त कर दिये जाते है। जिन लोगो के धनगर अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र निर्गत हो चुके है उनके द्वारा प्रदेश से बाहर की सेवाओ हेतु अंग्रेजी प्रारूप में जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने हेतु आवेदन करने पर तहसील कर्मचारियो द्वारा बताया जाता है कि अंग्रेजी भाषा का प्रारूप उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। दिनाँक 24 मई 2019 के स्पष्टीकरण शासनादेश में भी स्पष्ट किया है कि गढ़रिया की दो उपजातियाँ धनगर तथा निखर है जिनमें से धनगर अनुसूचित जाति की सूची में अधिसूचित है। स्थलीय जांच पड़ताल के बाद यदि आवेदक धनगर जाति का है तो उसको धनगर अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया जाये उपरोक्त शासनादेशो के बाद भी तहसीलदारो द्वारा धनगर जाति के व्यक्तियो को अनुसूचित जाति के जाति प्रमाण पत्र न बनाकर उनके मौलिक अधिकारो का हनन किया जा रहा है। जिससे सम्पूर्ण धनगर समाज में आकोश व्याप्त है। ज्ञापन देने वालो में रामवीर धनगर, राजवीर धनगर, देवेन्द्र धनगर, ललित धनगर, प्यारे लाल, सोवरन सिंह, भगवान सिंह, पुष्पराज धनगर, पवन धनगर, दिलीप धनगर आदि है।

# पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने पंडित नेहरू को किया याद

- पंडित नेहरू देश में कारखाने की लगाई बांध: अभिषेक सिंह राणा

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा शहर अध्यक्ष शकील अंसारी व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात कार्यालय के प्रांगण में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश में कारखाने और बांध स्थापित किए। इसरो, BHEL, HEL जैसी संस्थाओं की स्थापना की। राष्ट्रीय राजमार्गो का निर्माण करवाया और बिजली उत्पादन को प्रोत्साहित किया। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी व पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्र ने कहा कि नेहरू के कार्यकाल में सामुदायिक विकास और कृषि उद्योग का विकास हुआ। पंचवर्षीय योजनाओं से औद्योगिक विकास को गति मिली। ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि सुधार के लिए सिंचाई और बिजली परियोजनाएं प्रारंभ की गई थी। वरिष्ठ नेता हौसिला भीम व रणजीत सिंह सलूजा ने कहा कि कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू न सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे, बल्कि वे आधुनिक भारत के निर्माता थे उन्होंने ऐसे समय पर भारत का नेतृत्व किया जब देश टूट चुका था। सामाजिक ताना-बाना बिखर चुका था। आजादी के बाद पहले प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश को एकजुटता में बांधते हुए विकास का मार्ग प्रशस्त किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार (मुन्नू), नफीस फारुकी, रणजीत सिंह, सलूजा, अपरबल सिंह, सुनील सिंह चौहान, इमरान अहमद, हौसला प्रसाद कनौजिया, हामिद राईनी, हौसला प्रसाद भीम, सलाउद्दीन हाशमी, राजेश पाठक, मोहसिन सलीम, मोहम्मद अतीक, बजरंग प्रसाद रावत, जाकिर हसन, अनवर शाही, विजय पाल, कृष्ण कुमार मिश्रा, हाजी फिरोज अहमद, दिनेश कुमार मिश्रा, इंतजार अहमद, देवेंद्र तिवारी, शीतला प्रसाद शाहू समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस ने किया भंडारे का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को बस स्टाप स्थित यातायात पुलिस बूथ पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह द्वारा फीता काटकर भंडारे का उद्घाटन किया गया।साथ ही बगैर हेल्मेट चलने वालों को अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह द्वारा निशुल्क हेल्मेट पहनाकर सुरक्षित यात्रा का पाठ पढ़ाया। उक्त अवसर पर प्रभारी यातायात नरेंद्र बहादुर सिंह, उप निरीक्षक यातायात काजी हुजूर आलम, छोटेलाल, जय प्रकाश राम,ओंकार सिंह, राजेश कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी बेलाल अहमद मेजर,मुख्य आरक्षी अरविंद कुमार यादव व यातायात व्यवस्था में स्तंभ की भूमिका निभाने वाले होमगार्ड व पीआरडी जवान मौजूद रहे,प्रभारी यातायात नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया की ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार पर यातायात पुलिस द्वारा बस स्टाप स्थित यातायात पुलिस बूथ पर भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें राहगीरों के लिए शीतल पेय जल व शर्बत वितरण किया गया,साथ ही बगैर हेल्मेट यात्रा करने वालों को अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह द्वारा हेल्मेट पहनाकर सुरक्षित यातायात का मंत्र दिया गया।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 18.06.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 05702025 दिनांक 26.05.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 07/Sr.DEN-I/LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम : 1. सहायक मण्डल इंजीनियर/वर्कशॉप/आलमबाग/लखनऊ के अधीन वरि० खण्ड अभियन्ता/कार्य/वर्कशॉप/आलमबाग के खण्ड में कैरिज वर्कशॉप, आलमबाग के अंदर उत्कृष्टता केंद्र के रूप में ट्रिमिंग शॉप का विकास, कैरिज वर्कशॉप – आलमबाग के अंदर उत्कृष्टता केंद्र के रूप में बायो टैंक रिपेयर शॉप का विकास, कैरिज वर्कशॉप – आलमबाग के अंदर उत्कृष्टता केंद्र के रूप में रोलर बियरिंग का विकास और कैरिज वर्कशॉप आलमबाग के अंदर नए गैस गोदाम का निर्माण कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 2,74,43,481.91 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 2,87,200.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र0 सं0 01 के लिये: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 04.06.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 18.06.2025 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1547/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# निजीकरण से जनता को मंहगी बिजली का जोरदार झटका लगेगा : मुकुट सिंह

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा, भरथना।** हाजीपुरा मंदिर चैराहे पर किसान सभा द्वारा आयोजित सभा में किसानो-मजदूरों ने एकजुट होकर बिजली निजीकरण-स्मार्ट मीटर योजना रदद करने, समसपुर-विरौंधी माइनर की सफाई तथा बिजली कटौती रोकने आदि मांगों पर 11 जून को कचहरी पर प्रदर्शन में भाग लेने का संकल्प लिया। किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह ने बतौर मुख्यवक्ता कहा कि योगी सरकार ने चुनाव में सभी को 300 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा किया था किंतु पलटी मारते हुए इटावा सहित 42 जिलों की बिजली पूंजीपतियों को(प्रथम चरण) में सौप दी है। जिससे जनता को मंहगी बिजली का जोरदार झटका लगने जा रहा है। बिजली का निजीकरण जनविरोधी कदम है, इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। मुकुट सिंह ने खेती किसानी के बढते संकट के लिए मोदी-योगी सरकार की पूंजीपरस्त नीतियों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इस संकट से बचने के लिए एमएसपी की कानूनी गांरटी, कृषि बाजार नीति मसौदा वापस लेने, औने-पौने में भूमि की लूट रोकने कर्जा मुक्ति, मनरेगा का विस्तार करने के साथ ही बेरोजगारी, मंहगाई, भ्रष्टाचार, बढते अपराधो और नफरत की राजनीति पर रोक लगाने आदि के लिये व्यापक और संयुक्त आंदोलन करने पर बल दिया। किसान सभा के जिलामंत्री संतोष शाक्य, चंद्रशेखर कृषि विश्वविधालय के पूर्व सहायक कुलसचिव डा. शौकीन सिंह ने किसानो से अपनी प्राणलेवा समस्याओ से छुटकारा पाने के लिए एकजुट होकर आंदोलन करने की अपील करते हुए कहा कि उनकी एकता ही बचाव की गांरटी है और कोई उनकी सुनने बाला नही है, गांवो में कमेटियो के गठन कर किसानो को संगठित करें। सभा की अध्यक्षता रामदास, संचालन मंत्री प्रदीप यादव ने किया। क्षेत्रीय कमेटी के अध्यक्ष रनवीर सिंह यादव, शिवराज सिंह, रवीन्द्र यादव बृजेश तिवारी (विवौली), नरेश तिवारी, बृजेश तिवारी (पीपरीपुरा) आदि सहित बडी तादाद में किसानो ने भाग लिया।

## राठ डाक घरों में तकनीकी खराबी से सेवाएं ठप, उपभोक्ता परेशान

**हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर के राठ कस्बे के डाक घरों में पिछले आठ दिनों से तकनीकी खराबी के कारण सभी सेवाएं ठप पड़ी हैं। कोट बाजार स्थित छोटे डाक घर में सर्वर की अनुपलब्धता, खराब प्रिंटर और स्कैनर के चलते कार्य बाधित है, वहीं बड़े डाक घर में नेट सर्वर और बारकोड की समस्या ने रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, जमा-निकासी और खाता खोलने जैसी सेवाओं को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है।दूर-दराज से आए उपभोक्ता अपने कार्य न होने से मायूस और आक्रोशित हैं। लोगों ने डाक विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि आठ दिनों से तकनीकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पोस्ट मास्टर धीरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि उच्चाधिकारियों को सूचित कर दिया गया है और जल्द व्यवस्था में सुधार की उम्मीद है। हालांकि, उपभोक्ताओं का कहना है कि सूचना देने के बावजूद जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है।

# डीपीएस में समर कैंप का शानदार समापन

- समर कैम्प से बच्चों में बढ़ता है आपसी सद्भाव और आत्मविश्वास

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विभिन्न खेलकूद और बहुआयामी गतिविधियों के साथ साप्ताहिक समर कैंप का शानदार समापन हो गया जिसमे भाग लेने वाले बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेल खेलने के साथ साथ बौद्धिक गतिविधियो और कल्चरल डांस परफॉर्मेंस में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। इसी क्रम में बच्चों ने विद्यालय में इसी वर्ष स्थापित हुई प्रदेश की पहली अत्याधुनिक एयरोस्पेस लैब को भी जाकर देखा और आधुनिक विज्ञान की नई जानकारियां प्राप्त करने के साथ प्लेन सम्युलेशन और थ्री डी स्टैंप से नई नई चीजें भी बनाना सीखा। समर कैम्प में विद्यालय के कक्षा 5 से लेकर कक्षा 8 तक के लगभग 600 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमे बच्चों को कई प्रकार के इनडोर और आउटडोर गेम्स जैसे योगा, खो-खो, स्केटिंग, बॉलीवाल, क्रिकेट, बास्केटबाल, जूडो, ताईक्कांडो, कैरम, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, बेकिंग, म्यूजिक लर्निंग, टेबिलटेनिस, शतरंज, हैंड्स टेक (कंप्यूटर) के साथ साथ पौटर्स एक्टिविटी, संस्कार शाला गतिविधि सहित व्यक्तित्व विकास जैसी अलग अलग मजेदार एक्टिविटीज में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ। कैम्प में बच्चों को विशेष रूप से आत्मरक्षा से जुड़े विशेष प्रशिक्षण जैसे जूडो कराटे, ताइक्कांडो का भी विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। कैम्प की क्लोजिंग सेरेमनी में कैम्प में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को विद्यालय को तरफ से प्रमाण पत्र वितरित किए गए साथ ही खेलों में विशेष प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे भी उपहार स्वरूप वितरित किए गए। समर कैंप के समापन के अवसर पर प्रिंसिपल भावना सिंह ने कहा कि, इस प्रकार के समर कैंप के आयोजन से बच्चों में आपसी सामाजिक सद्भाव और आत्मविश्वास बढ़ता है। इस समर कैम्प की विभिन्न महत्त्वपूर्ण खेलकूद गतिविधियों में योगा एंड मेडिटेशन केशव बघेल, खोखो देवेंद्र कुमार, स्केटिंग भानुप्रताप, क्रिकेट रेहान अजीज, प्रकाश, बास्केट बॉल कुलदीप सिंह, ताईक्कांडो - आराधना तिवारी, डांस दीक्षा तिवारी, जूडो प्रभाकर सिंह, टेबिल टेनिस प्रेमा यादव, चैस-सपना यादव, बॉलीबाल-करतार सिंह, बेकिंग आयुषी सिंह अमीषा जादौन, आर्ट एंड क्राफ्ट निहारिका शर्मा, रिचा दास, म्यूजिक अमित द्विवेदी, रोबोटिक्स एंड एयरोस्पेस लैब एक्टिविटी सुबुर अनवर, शीतल कुमारी, अंकिता कुमारी, म्यूजिकल बैण्ड प्रभारी-सूरज मगर का विशेष योगदान रहा।

## सांसद जितेंद्र दोहरे ने पहलवान एस एस क्रॉकरी का किया उद्घाटन



**इटावा।** नगर के कबीर गंज स्थित पहलवान एस एस क्रॉकरी का मंगलवार को समाजवादी पार्टी के सांसद जितेंद्र दोहरे ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर दुकान के संचालक अब्दुल गफ्फार, दिलशाद चिश्ती पहलवान व मोहम्मद सरफराज ने मुख्य अतिथि दोहरे का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। दुकान के संचालक दिलशाद चिश्ती ने उद्घाटन अवसर पर जानकारी देते हुए बताया कि उनके यहाँ डिनर सेट, लेमन सेट, कुकिंग सेट आदि क्रॉकरी का सभी सामान उचित दाम पर उपलब्ध है। अंत में उन्होंने सांसद दोहरे व उद्घाटन अवसर पर पहुंचे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर फरहान शकील, अब्दुल माबूद अंसारी, आलोक दीक्षित, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, रौनक इटावी, हाजी अज़ीम वारसी, वाई के शफी चिश्ती, जसवंत सिंह दीपू, पंकज आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दुद्धी में सरकारी जमीनों पर कब्जा जारी, तालाब पोखरा सुर्खियों में

**अवधनामा संवाददाता**



**दुद्धी/सोनभद्र।** दुद्धी कस्बे में स्थित बढ़नीनाला तालाब इस समय सुर्खियों में हैं। शनिवार को लगे तहसील समाधान दिवस में भाजपा जिलामंत्री दिलीप पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष दीपक शाह तथा वार्ड नम्बर 2 सभासद सहित अन्य नगरवासियों ने प्रार्थना पत्र देकर बढ़नीनाला तालाब की सुंदरीकरण की मांग रखी और काम रोकने की मांग को लेकर कड़ी नाराजगी जतायी।जिस पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने संबंधित प्रार्थना पत्र के निस्तारण हेतु ईओ को निर्देशित किया। नगरवासियों ने एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में कहा हैं कि हमलोगो की दलित बस्ती में आने -जाने के लिए सड़क नही हैं इसलिए सकरी गली से होते हुए घूमकर आना -जाना पड़ता हैं, इसलिए अगर जलाशय के किनारे से सड़क बन जाने और सुंदरीकरण होने से सहूलियत होगी। उधर बढ़नीनाला तालाब मामले को लेकर श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने भी एसडीएम से मिलकर बढ़नीनाला तालाब की वस्तु स्थिति के बारे में अवगत कराते हुए जलाशय संरक्षण करने एवं मूल स्वरूप से छेड़छाड़ न करने की मांग की। इसके पूर्व नगरवासी वेद प्रकाश सहित दुद्धी बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रेमचंद यादव एवं सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभु सिंह ने बढ़नीनाला जलाशय के सुंदरीकरण के लिए बन रहे सड़क एवं घाट आदि बनाए जाने का विरोध करते हुए एसडीएम से शिकायत की जिसके बाद बढ़नीनाला का मामला सुर्खियों में आ गया और कई सुंदरीकरण रोके जाने तो कई सुंदरीकरण कराने की मांग करने लगे हैं।

# स्व.मनीष तिवारी की पुण्य स्मृति में रही नेत्र चिकित्सालय की ओपीडी नि:शुल्क

**अवधनामा ब्यूरो**




**इटावा।** भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा के वरिष्ठ सदस्य एवं आवास विकास कॉलोनी निवासी प्रो.आर पी तिवारी तथा उमा तिवारी के सुपुत्र स्व.मनीष तिवारी की पुण्य स्मृति में शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में ओपीडी निःशुल्क रखी गई, जिसमें 90 लोगों का सभी जांचों समेत निःशुल्क परीक्षण हुआ तथा उन्हें दवाएं और चश्मे भी निःशुल्क दिए गए। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा करके दिवंगत मनीष तिवारी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। संस्थान के वरिष्ठ सदस्य आचार्य महेश चंद्र तिवारी ने कहा कि मनीष एक बहुत ही होनहार युवक थे इसलिए उनका अल्पायु में इस दुनियां से चला जाना केवल एक परिवार नहीं बल्कि समाज की बहुत बड़ी क्षति है। लेकिन उसकी पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा का लाभ समाज को दिलाकर उनके माता पिता ने वास्तव में उसकी कीर्ति को अमर बनाने का काम किया है। अस्पताल के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने कहा कि अगले वर्ष स्व. मनीष की स्मृति में और बड़ा कार्यक्रम करके अधिक से अधिक लोगों को चिकित्सीय लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर चिकित्सालय संचालन समिति के अध्यक्ष महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, धर्मार्थ सेवा शाखा के अध्यक्ष हरिदत्त दीक्षित, सचिव महेश कुमार बाथम, कोषाध्यक्ष सीबी मिश्रा, एस एन दुबे, घनश्याम तिवारी, संतोष मिश्रा शास्त्री, रमाकांत पाठक, नेत्र सर्जन डा. एस पी शुक्ला, पूर्व प्रधानाचार्य जगदीश सिंह यादव, डा.प्रभाकर कटियार, डा. आदर्श राजौरे, अवधेश पचौरी, सुधीर मिश्र, अवधेश सविता, उमाकांत पाठक, शिवेंद्र यादव, मुजफ्फर अली, रघुवीर यादव ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी का आभार मनीष के भाई आशीष तिवारी ने जताया। इस मौके पर स्व.मनीष की माताजी उमा तिवारी भी मौजूद रहीं।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में दाम्पत्य विवाद का सुलह के साथ निपटारा



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के मध्यस्थता केंद्र में वाद संख्या 477/2022 के तहत श्यामगीता, निवासी मेरापुर, और सुधीरकान्त, निवासी सुजानपुर, के बीच चले आ रहे दाम्पत्य विवाद का सफलतापूर्वक सुलह कराया गया। मध्यस्थ अधिवक्ता राजनारायण निगम ने दोनों पक्षों के बीच वार्ता कर सुलह कराई, जिसके बाद दंपति ने साथ रहने की सहमति जताई।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार पांडेय ने दोनों पक्षों को बधाई दी और मध्यस्थ अधिवक्ता के कार्य की सराहना की।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत हड़ताल को लेकर डीएम ने की बैठक



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विद्युत हड़ताल को लेकर विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने बताया कि सब स्टेशन के लिए दो-दो प्रभारी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए। उन्होंने कहा कि 56 मजिस्ट्रेट की ड्यूटी विद्युत हड़ताल के मददेनजर लगाई गई है एवं उन्होंने सभी को ड्यूटी के बारे में विस्तार से अवगत कराया साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत विभाग एवं उनके एक्शिरन से समन्वय स्थापित करके विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एक मजिस्ट्रेट को एक सब स्टेशन दिया गया है इसमें किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए। उन्होंने कहा कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से समन्वय स्थापित करके विद्युत आपूर्ति को अवश्य सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह, विद्युत एक्शियन सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### अश्वनी नामदेव बने आखिल भारतीय दर्जी महासभा के जिलाध्यक्ष

**राठ (हमीरपुर)अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के धगवां गांव निवासी अश्वनी कुमार नामदेव को हमीरपुर जिले से आखिल भारतीय दर्जी महासभा का जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामबाबू नामदेव एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक दर्जी की अनुशंसा पर जिले में संगठन का विस्तार करते हुए अश्वनी कुमार को जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। नियुक्त अश्वनी कुमार ने कहा कि आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है दर्जी महासभा द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वाहन करेंगे और साथ ही समाज को एकता मै बांधने का प्रयास करेंगे।

### 28 मई को महिला जागरूकता शिविर व जनसुनवाई

**हमीरपुर,अवधनामा संवाददाता।**उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ के निर्देशानुसार, महिलाओं को कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने, महिला उत्पीड़न की रोकथाम और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 28 मई 2025 को सुबह 11 बजे डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार, कलेक्ट्रेट हमीरपुर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा और जनसुनवाई भी होगी। अनीता गुप्ता, सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, इस शिविर में उपस्थित रहेंगी। जनपद हमीरपुर की पीड़ित महिलाएं अपनी समस्याएं उनके समक्ष प्रस्तुत कर सकती हैं।

# जैन शिक्षण शिविर की तैयारियाँ प्रारंभ, आगंतुक विद्वानों ने साझा की विशेषताएँ

**अवधनामा ब्यूरो**




**इटावा, जसवंतनगर।** विगत 19 वर्षों से नगर में अनवरत आयोजित हो रहे जैन शिक्षण शिविर की तैयारियाँ इस वर्ष भी पूरे उत्साह के साथ प्रारंभ हो चुकी हैं। आगामी 6 जून से 14 जून तक पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में इस शिविर का आयोजन सकल जैन समाज के सहयोग से भव्य रूप में किया जाएगा। शिविर की तैयारी को लेकर उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश से पधारे विद्वानों ने मंदिर पहुंचकर आयोजकों को दिशा-निर्देश दिए और अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए। इस अवसर पर विद्वानों ने कहा कि जीवन में संस्कारों का अत्यधिक महत्व है। बच्चों में प्रारंभिक अवस्था से ही नैतिक मूल्यों का बीजारोपण आवश्यक है, जिससे वे जीवन में सत्य, अहिंसा और धर्म के मार्ग पर अग्रसर हो सकें। उन्होंने नगर में नियमित रूप से संचालित हो रही जैन पाठशाला की भी सराहना करते हुए आयोजकों और छात्रों की प्रशंसा की। विद्वानों ने इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल बताया। शिविर प्रभारी निकेतन जैन ने जानकारी दी कि यह आयोजन केकेपीएस उज्जैन, कुंदकुंद स्वाध्याय मंदिर ट्रस्ट एवं अखिल भारतीय जैन युवा फैडरेशन भिंड के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। विद्वान पं. अंकुर शास्त्री एवं पं.प्रिंस शास्त्री ने बताया कि मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के सैकड़ों नगरों में एक साथ यह शिविर आयोजित होता है, जिसमें देशभर से 300 से अधिक विद्वान 15, 000 से अधिक बच्चों को जैन संस्कारों से समृद्ध करते हैं। इस शिविर में बच्चों को न केवल धार्मिक शिक्षाएं दी जाती हैं, बल्कि पाठ्यक्रम से संबंधित सभी सामग्री भी पूर्णतः निन्शुल्क प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में महिला मुमुक्षु मंडल एवं सकल जैन समाज की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने दिया ज्ञापन, मांगे ना माने जाने पर दी हड़ताल की चेतावनी

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा पर काम कर रहे कर्मचारियों ने एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने की चेतावनी दी जिसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी को स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन दिया संगठन के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र शुक्ला ने बताया कि 01वर्ष पहले जो आंदोलन किया गया था और जो मांगे शासन स्तर पर मान ली गई थी लिखित में समझौता होने के बाद अधिकारियों ने धरना समाप्त कराया लेकिन आज 01 वर्ष बीत जाने के बाद भी वह मांगे पूरी नहीं की गई है इस ज्ञापन में सात सूत्री मांगे रखी गई है जिसमें प्रमुख मांग महंगाई भत्ता, आवासीय भत्ता, लॉयल्टी बोनस एवं म्युचुअल ट्रांसफर की है। कोषाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया की मांग पत्र में नियमतिकरण संबंधित कोई मांग नहीं रखी गई है आज की महंगाई को देखते हुए सभी मांगे जायज है। महामंत्री नेहा केशरी ने बताया की म्युचुअल ट्रांसफर पर रोक लगाई जाने के बाद से जो महिलाएं घर से दूर काम कर रही है उनको बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है महिलाओं को नौकरी के साथ-साथ घर की और बच्चों की जिम्मेदारी भी देखनी होती है उसको देखते हुए म्युचुअल ट्रांसफर पर रोक लगाना महिलाओं के साथ अन्याय है। उपाध्यक्ष शिव सिंह जी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 5 प्रतिशत की दर से मानदेय वृद्धि की जाती है जबकि महंगाई को देखते हुए प्रति वर्ष 10 प्रतिशत की मानदेय वृद्धि आवश्यक है। संगठन मंत्री कामेश्वर राय ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में काम करने के बावजूद भी किसी भी तरह का स्वास्थ्य बीमा कर्मचारियों को नहीं दिया गया है किसी भी बीमारी की दशा में अत्यंत कम मानदेय के बावजूद इलाज का खर्च भी खुद ही वहन करना पड़ता है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र शुक्ला, शिव सिंह, मनोज कुमार, नेहा केशरी, राहुल पाण्डेय, दीपक सिंह, अवनीश मिश्रा, आनंद कुमार, कामेश्वर राय, सुमन कुमारी, मयंक पाण्डेय सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** विधानसभा राबर्ट्सगंज में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के अंतर्गत ब्लॉक सभागार नगवां में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन मे बतौर मुख्यअतिथि के रुप में उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति /जनजाति आयोग उ0प्र0 जीत सिंह खरवार जी, विशिष्ट अतिथि के रुप मे पूर्व सांसद नरेन्द्र सिंह कुशवाहा जी उपस्थित रहे। सम्मेलन का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर मुख्यअतिथि जीत सिंह खरवार, पूर्व सांसद नरेन्द्र कुशवाहा, जिलाध्यक्ष नन्द लाल जी व नगवां ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह जी ने पुष्प अर्पित कर किया। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल जी व संचालन जिला मंत्री संतोष शुक्ल ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग उ0प्र0 जीत सिंह खरवार जी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर-1725-मे महाराष्ट्र में अहमदनगर जनपद चौड़ी ग्राम सभा में-31-मई को जन्म लिया था अहिल्याबाई होल्कर परम शिव भक्त रही मध्यकाल की विषम परिस्थितियों में भी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने अपने अद्म्य साहस और शौर्य का परिचय देते हुए मुगल आक्रांताओं द्वारा विध्वंस किए गए मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया धर्मशाला और बावडिया का भी निर्माण कराया उन्होंने बड़ी संख्या में धर्मशालाएं बावडीया और घाट बनवाया जो समाज कल्याण और धार्मिकता का प्रतीक है उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है अयोध्या और बैमीषरण्य में भी उन्होंने मंदिरों और घाटों का जीर्णोद्धार कराया सुशासन और धर्म संतुलन बनाए रखा अहिल्याबाई होल्कर ने अपने काम के प्रति सतर्क रहते हुए राष्ट्र धर्म को निभाया आदर्श शासन की शिल्पकार प्रशासनिक दक्षता अहिल्याबाई होल्कर के कार्यो में भी दक्ष रही उन्होंने खुद ही लगान वसूली न्याय और प्रजा की समस्याओं का समाधान का कार्य प्रारंभ किया न्याय के प्रति रानी अहिल्याबाई होल्कर एक न्याय प्रिय शासक थी और शासन काल में उन्होने किसी को अन्याय करने नहीं दिया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद नरेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी शासक होते हुए भी स्वयं को जनसेवक मानती थी उन्होने विभिन्न धार्मिक क्षेत्रों का जीणोद्धार कराकर दृष्टि व भावना का परिचय दिया उन्होने कहा कि नए भारत की परिकल्पना में अहिल्याबाई होल्कर जी का जीवन प्रेरणा देता है।

# 4500 से अधिक बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को मिल रही नई उड़ान



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** एनसीएल द्वारा आयोजित मेगा समर कैंप आरोहण का छठा संस्करण उमंग और उल्लास के साथ चल रहा है। एक माह की अवधि तक चलने वाले आरोहण कैंप में 6-14 वर्ष की आयु के बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को नयी दिशा मिल रही है। एनसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों और इकाइयों में आरोहण 2025 का भव्य आयोजन हो रहा है, जिसमें 4500 से अधिक प्रतिभागियों को 138 कुशल प्रशिक्षकों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैंप के दौरान बैडमिंटन, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, कबड्डी, वॉलीबाल, फुटबॉल, क्रिकेट, नृत्य, संगीत (गायन और वादन), पेंटिंग, जूडो-कराटे, स्विमिंग, बॉक्सिंग, स्केटिंग सहित विभिन्न विधाओं में निपुण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों की ऊर्जा को बनाए रखने के लिए पौष्टिक भोजन की व्यवस्था भी की गई है, जो इस कैंप को और भी खास बनाती है।एनसीएल द्वारा आयोजित आरोहण समर कैंप स्थानीय क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को डिजिटल गैजेट्स की दुनिया से दूर लाकर खेल, कला और रचनात्मकता के रंगों से सराबोर कर रहा है। यह कैंप उन्हें न केवल नए दोस्त बनाने और मस्ती करने का अवसर दे रहा है, बल्कि इस दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनके शारीरिक और मानसिक विकास को नयी दिशा मिल रही है। गौरतलब है कि एनसीएल प्रत्येक वर्ष गर्मी की छुट्टियों में बच्चों और युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आरोहण समर कैंप का आयोजन करता है।

# डीएम ने ब्लाक चतरा, ग्राम पंचायत पकरहट का किये निरीक्षण

- शासन द्वारा संचालित योजनाओ के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर लिये जानकारी, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश
- शासन द्वारा संवचालित योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को किया जाये लाभान्वित : जिलाधिकारी
- हर घर नल योजना से लगे कनेक्शन से पानी आपूर्ति का लिये जायजा, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज चतरा ब्लाक का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता से मोबाइल के माध्यम से संवाद कर जानकारी प्राप्त की, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के आवास का फोटोग्राफ को देखे, तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि ग्राम पंचायत नरोखर के सचिव द्वारा आवास की पूर्णतया की रिपोर्ट लगा दी गयी है,लेकिन अभी तक आवास पूर्ण नहीं है, जिस पर जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत नरोखर के सचिव व कम्प्यूटर आपरेटर को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें, इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने ब्लाक परिसर में मनरेगा योजना, कृषि विभाग द्वारा संचालित योजना, फार्मर रजिस्ट्री सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहाकि ब्लाक परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर करायी जाये, इसके साथ ही बिल्डिंग की रंगाई-पोताई का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर कराया जाये, उन्होंने कहा कि पुराने जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने पशु चिकित्सालय, कृषि विभाग के कार्यालयों का भी निरीक्षण किये, इसके पश्चात जिलाधिकारी ने ब्लाक चतरा के अन्तर्गत ग्राम पकरहट का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली, इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत किये गये सर्वे के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत सचिव से जानकारी ली तो सचिव द्वारा बताया गया कि इस ग्राम सभा में 286 लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु सर्वे किया गया है, जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित न रहने पायें, निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत में बनायी गयी चौड़ी नाली के औचित्य के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव से जानकारी ली तो वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे सकें, जिस पर जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिव को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें और नाली की गुणवत्ता की जॉच तकनीकी टीम से कराने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किये, इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में हर घर नल योजनान्तर्गत लगाये गये पानी के टोटी के कनेक्शन का स्वयं पानी सप्लाई का जायजा लिये और ग्रामीणों से सीधा संवाद कर पानी की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि निर्धारित समय पर पेयजल की आपूर्ति हर घर योजना के माध्यम से की जा रही है, इस दौरान जिलाधिकारी ने मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम वन का भी निरीक्षण किये, ग्राम वन के पौधों की सिंचाई की व्यवस्था करने हेतु डी0सी0मनरेगा को निर्देशित किये।

# विकास के साथ समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है अच्छी सरकारः योगी

## बाल विवाह, बहुविवाह और दहेज प्रथा की कुरीतियों पर प्रहार है सामूहिक विवाह योजनाः मुख्यमंत्री

- सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुए सीएम योगी आदित्यनाथ, नव दम्पतियों को दिया आशीर्वाद
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 1200 जोड़े बंधे विवाह के पवित्र बंधन में
- प्रदेश में बढ़ी धनराशि एक लाख रुपये प्रति जोड़ा खर्च वाला यह पहला आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो वह विकास और गरीब कल्याण के कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ाते हुए समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। सुरक्षा के बेहतर माहौल में हरेक व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक, विकासपरक और कल्याणकारी परिवर्तन लाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विगत 11 साल से देश में और आठ साल से प्रदेश में यही परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

सीएम योगी सोमवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) के परिसर में 1200 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी सरकार ने सामूहिक विवाह योजना में प्रति जोड़ा खर्च 51 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया है और बढ़ी हुई धनराशि के साथ आज यह पहला आयोजन था। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वास्तविक सरकार वही है जो जनता के घर जाकर उनकी समस्याओं का समाधान निकाल सके। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का ही एक अभियान है। यह कार्यक्रम बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की अगली कड़ी है। यह बाल विवाह, बहुविवाह और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक रूढ़ियों पर भी प्रहार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज सरकार की मंशा हर एक नागरिक के जीवन में परिवर्तन लाने की है। भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने के लिए हमें समाज के अंतिम पायदान पर बैठे प्रत्येक व्यक्ति के बारे में सोचना होगा। हमें उसके जीवन में परिवर्तन लाना होगा। इसी परिवर्तन के उद्देश्य से सरकार द्वारा मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं योजना, कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान योजना आदि अन्य कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। सामूहिक विवाह योजना भी इसी प्रगतिशील सोच का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कन्या सुमंगला योजना में शिक्षा के लिए उचित व्यवस्था के बाद बेटी की शादी के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना चलायी गयी।

### बेटी को बचाना है तो उसे पढ़ाकर सशक्त बनाना होगा

सीएम योगी ने कहा कि बेटी को बचाना है तो उसे पढ़ाना होगा, उसको सशक्त बनाना होगा। बेटी को आगे बढ़ाने के लिए हमें सभी व्यवस्थाएंकरनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में सरकार द्वारा निर्धनों की पीड़ा को समाप्त करने के लिए बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना चलायी गयी। आज यह योजना सफलतापूर्वक चल रही है। इसके तहत प्रदेश के साधनहीन और वंचित परिवारों की लगभग 24 लाख बालिकाओं को जन्म से लेकर स्नातक की शिक्षा के लिए 25 हजार की धनराशि दी जा रही है। सीएम ने बताया कि बेटी के जन्म के बाद रजिस्ट्रेशन करते ही एक निश्चित धनराशि उसके खाते में डाल दी जाती है। बेटी के 1 वर्ष होने पर एवं सभी टीका से आच्छादित होने पर भी एक निश्चित धनराशि दी जाती है। इसके बाद बेटी को कक्षा 1, कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में प्रवेश करने के बाद और उसके आगे आईटीआई, डिप्लोमा या अन्य कोर्स में प्रवेश लेने पर एक निश्चित धनराशि खाते में भेजी जाती है। आज यह धनराशि बेटी की सुरक्षा का संबल बन रहा है।

# उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण सर्वोपरिः अध्यक्ष रेरा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के रियल एस्टेट सेक्टर के विकास में भू-संपदा अभिकर्ताओं की अहम भूमिका एवं योगदान को ध्यान में रखते हुए एवं अभिकर्ताओं द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यों में और अधिक स्थिरता लाए जाने के उद्देश्य से उ.प्र. भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (उ.प्र. रेरा) द्वारा अभिकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अध्यक्ष उ.प्र. भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण संजय आर भूसरेडडी ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि अभिकर्ताओं को विनियमन संरचना का ज्ञान हो, रेरा अधिनियम के प्राविधानों एवं नियमों की पर्याप्त जानकारी हो, प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर दिये जाने वाले दिशा-निर्देशों के अनुपालन हेतु सहज रूझान हो एवं सेक्टर के विनियमन एवं समग्र विकास में भी वृद्धि हो। प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को प्रशिक्षणोपरांत हुए मूल्यांकन में सफलता के आधार पर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान करने की व्यवस्था है। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के आधार पर संबंधित व्यक्ति उ.प्र. रेरा में अभिकर्ता के रूप में पंजीकृत किसी पार्टनरशिप-फर्म, लिमिटेड लाइबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी) अथवा कंपनी में किसी भी पोजीशन पर कार्य कर सकता है।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने की कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण व मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजनाओं की समीक्षा बैठक

# दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को कटिबद्ध योगी सरकार : नरेन्द्र कश्यप

- मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण पर विशेष जोर



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध है। इसी क्रम में सरकार ने अधिकारियों को भारत सरकार की सहायता प्राप्त दिव्यांगजन सशक्तिकरण (एडिप) योजना के तहत प्रत्येक जनपद में पात्र दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी पात्र दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल और सहायक उपकरण समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से उपलब्ध हों, ताकि वे आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जी सकें। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कृत्रिम अंग और सहायक उपकरणों हेतु 37.40 करोड़ रुपये और मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण के लिए 2 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने मंगलवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने योगी सरकार और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को एलिम्को के सहयोग से समन्वित कार्ययोजना तैयार करने को कहा, ताकि आवंटित बजट का पूरा लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे। मंत्री ने अर्जुन पोर्टल पर मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लाभार्थियों की सूची का सटीक और अद्यतन विवरण तैयार करने पर बल दिया। उन्होंने डुप्लीकेसी रोकने और वितरण प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए पोर्टल की जानकारी को नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए। यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कोई पात्र लाभार्थी छूट न जाए और सूची को अंतिम रूप देने से पहले पुनः सत्यापन किया जाए।

# भाषा वि.वि. में अवध की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित कला दीर्घा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में स्थापित 'अवधी आँगन-कला का घराना' एक विशिष्ट कला दीर्घा है, जो अवध क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, लोक कलाओं और दरबारी विरासत को संजोए हुए है। यह कला दीर्घा विश्वविद्यालय के अकादमिक और सांस्कृतिक वातावरण को नई दिशा देती है, जहाँ शिक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय पहचान और सांस्कृतिक चेतना को भी समान महत्व प्रदान किया जाता है।इस आर्ट गैलरी का उद्देश्य अवध की पारंपरिक कलाओं–जैसे ज़री-ज़रदोज़ी, चिकनकारी, टेराकोटा, पारंपरिक वाद्य यंत्र, वस्त्र एवं आभूषण–को संरक्षित करना और नई पीढ़ी तक उन्हें पहुँचाना है। इसके साथ ही यह गैलरी एक अध्ययन और शोध का केंद्र भी बनकर उभर रही है, जो विद्यार्थियों, शोधार्थियों और कलाप्रेमियों को क्षेत्रीय सांस्कृतिक अध्ययन की प्रेरणा देती है। कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में विश्वविद्यालय द्वारा सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयासों में यह कला दीर्घा एक महत्वपूर्ण कड़ी है। साथ ही उन्होंने डॉ. रुचिता सुजय चौधरी, नोडल अधिकारी, के प्रयासों की सरहाना करते हुए कहा कि कला दीर्घा क्षेत्रीय संस्कृति की सजग अध्येता एवं संवाहक है। डॉ चौधरी ने बताया की 'अवधी आँगन' न केवल एक प्रदर्शन स्थल है, बल्कि एक 'संवाद-स्थल' भी है, जहाँ परंपरा और आधुनिकता के बीच सेतु स्थापित होता है। 'अवधी आँगनः कला का घराना' विश्वविद्यालय की उस सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो शिक्षा को जीवन और समाज की व्यापक परंपराओं से जोड़ने में विश्वास रखती है। यह दीर्घा निःसंदेह अवध की आत्मा को संरक्षित करने वाला एक सशक्त माध्यम है।



# भलिया में जिला अध्यक्ष ललित गौतम का भव्य स्वागत

- ललित गौतम ने व्यक्त किया आभार
- अभिनंदन समारोह में उमड़ी भीड़



अवधनामा ब्यूरो

**काकोरी लखनऊ।** विकास खंड काकोरी के ग्राम भलिया में आयोजित एक समारोह में जिला ग्राम विकास अधिकारी संघ के नव-निर्वाचित जिला अध्यक्ष ललित गौतम का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भलिया ग्राम पंचायत में स्थित सभागार इस भव्य स्वागत समारोह का गवाह बना, जहाँ आस-पास के कई गाँवों के सहायक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। भलिया ग्राम पंचायत का सभागार बुधवार को एक उत्सव के माहौल में डूबा हुआ था। सहायक भटऊ जमालपुर, बहरु, शाहपुर और मानपाल, बाबूलाल व दिलीप सहित क्षेत्र के अनेक प्रमुख व्यक्तियों ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष का फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार अभिनंदन किया। हर तरफ उत्साह और खुशी का माहौल था, जो ललित गौतम की लोकप्रियता और उनके प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाता है। यह स्वागत समारोह उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास की उम्मीदों का भी प्रतीक था। इस शानदार स्वागत से अभिभूत, जिला ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष ललित गौतम ने सभी उपस्थित लोगों का हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने अपने संबोधन में इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के विकास और ग्राम विकास अधिकारियों के हितों के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करेंगे। उन्होंने सभी से सहयोग की अपील भी की ताकि क्षेत्र में विकास की गति को और तेज किया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों और संघ के सदस्यों से उनके सुझाव और समस्याओं पर भी चर्चा की, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे सभी को साथ लेकर चलना चाहते हैं।

# चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ की ओर से विधायक ने बांटा प्रसाद



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ की ओर से बलरामपुर अस्पताल स्थित भाटिया बिल्डिंग में महा भंडारे कि भव्य आयोजन हुआ। यहां पर सुनील कुमार, गोल्डी शर्मा, अनिल, कपिल वर्मा समेत अन्य भक्तों ने बजरंगबली का पूजन किया। बनारस अजगरा से भाजपा विधायक टी. राम ने भंडारे में पहुंचकर पूड़ी सब्जी, छोला चावल, बूंदी आदि प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. सचिन वैश्य, डा. अमित सिंह, सुनील कुमार, अशोक कुमार, कपिल वर्मा, कमल श्रीवास्तव, सर्वेश पाटिल, रजत यादव, महेंद्र, जितेंद्र, बड़कू, हनु, लिटिल आदि का विशेष योगदान रहा। भंडारे में बलरामपुर के निदेशक डा. दिनेश कुमार, सीएमएस डा. एसके पांडेय, एमएस डा. हिमांशू चतुर्वेदी, डा. एपी सिंह, डॉ. संजीव गुप्ता, डा. हिमाशू प्रताप सिंह समेत पूरे स्टाफ, वरिष्ठ पत्रकारों, कई पार्टी के नेता, समाजसेवी ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# समाधान भी होगा, सुविधाएं भी मिलेंगीः केशव मौर्य

अवधनामा ब्यूरो

- जन समस्याओं के समाधान हेतु तय की जाय, जवाबदेही
- हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव किया जायेगा निदानः केशव प्रसाद मौर्य
- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।

उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुये कहा कि परेशान न हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगजनो, बुजुर्गो आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, चकबंदी, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना। जनता दर्शन में हरदोई, आजमगढ़, अयोध्या, शाहजहांपुर, कौशांबी, संतकबीर नगर, लखनऊ, वाराणसी, गाजीपुर, बस्ती, प्रयागराज, उन्नाव, सीतापुर, बस्ती, अलीगढ़, एटा,सहारनपुर, प्रतापगढ़, मैनपुरी, जालौन, मथुरा, आजमगढ़, इटावा, सहित लगभग दो दर्जन से अधिक जिलो से आये लोगो ने अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत मण्डलायुक्त प्रयागराज हाथरस, प्रतापगढ़, औरैया, उन्नाव व गाजीपुर के जिलाधिकारी व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाय।

## सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं भण्डारे का आयोजन

**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल के पावन अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 लखनऊ में पं0 दीनदयाल सूचना परिसर के प्रांगण में सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद द्वारा भण्डारे का शुभारम्भ करते हुए प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और स्वस्थ रहने की मंगलकामना की। इसके पहले निदेशक सूचना विशाल सिंह द्वारा विधिवत पूजन अर्चन कर सुन्दरकाण्ड पाठ का शुभारम्भ किया गया। प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विशेष रूप से राजधानी लखनऊ में ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल का दिन हनुमान जी की पूजा के लिए समर्पित होता है। यह पर्व सामाजिक समरसता, सहयोग और श्रद्धा का प्रतीक है। इस अवसर पर अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी, वित्त एवं लेखाधिकारी संजय कुमार सिंह, जितेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्र विजय वर्मा सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने प्रसाद वितरण में भागीदारी की।

# स्टेट हज इंस्पेक्टर ने दी हज यात्रियों को सलाह



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मक्का मुकर्रमा अल-हाज मास्टर सागर हुसैनी अमलवी SHI ने कल अज़ीज़िया मक्का क्षेत्र में स्थित बिल्डिंग नंबर 121 के ग्राउंड फ्लोर पर बने बैत-उल-सलात (यानी नमाज़ के लिए विशेष हाल) में मौजूद भारतीय हज यात्रियों, ख़ासकर मुबारकपुर, आज़मगढ़, लखनऊ और उत्तर प्रदेश के शिया हज यात्रियों से एक मीटिंग के दौरान मुलाक़ात की और हज से संबंधित कुछ आवश्यक विषयों और समस्याओं पर विचार-विमर्श किया। स्टेट हज इंस्पेक्टर अल-हाज मास्टर सागर हुसैनी अमलवी SHI ने कहा कि ÷अल्हम्दुलिल्लाह, मुझे उम्मीद है कि आप सभी ने अपने हज का पहला हिस्सा यानी उमरा पूरी तरह से कर लिया होगा। आप सभी को बहुत-बहुत मुबारकबाद। अब आप कभी भी मक्का शरीफ में नफ़ली तवाफ़ कर सकते हैं। जब भी तवाफ़ के लिए जाएं तो इहराम पहनकर जाएं। जितना चाहें नफ़ली तवाफ करें और हर तवाफ में जीवित या मृत अपने प्रियजनों, रिश्तेदारों, दोस्तों और मोमिनों की ओर से नियत करके तवाफ़ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर हाल में अपनी सेहत का ध्यान रखें। अपनी तबीयत के अनुसार ही हरम की यात्रा करें। दिन के समय धूप से बचें। हज के लिए खुद को शारीरिक रूप से मज़बूत रखें। यदि उम्र ज़्यादा हो या तवाफ़ की वजह से कमजोरी महसूस हो रही हो, तो हज के बाद नफ़ली या नीयती उमरा का इरादा करें। हर हाल में अमन-शांति बनाए रखें, देश के कानून और प्रशासन का सम्मान करें और अपने हज को सफल और बरकत वाला बनाएं। कुरआन मजीद की तिलावत और हज के अरकान को समझने में अधिक समय लगाएं। बेकार की बातों से परहेज़ करें। अज़ीज़िया क्षेत्र हरम मक्का की हद में आता है, आप कुछ नमाज़ें हरम में और कुछ अपनी इमारत में भी पढ़ सकते हैं। अपने फिक़्ह (मज़हबी विचारधारा) के आलिमों से हज के अरकान और मसाइल को भली-भांति समझें और अपने-अपने मसलक के अनुसार हज के अरकान अदा करें। हर मुक़ाम पर दुआ में अपने घरवालों, क़बीले, क़ौम, देश और पूरी मानवता के लिए दुआ करें और अपने सेवक (स्टेट हज इंस्पेक्टर) यानी मुझे भी अपनी दुआओं में ज़रूर याद रखें।

इस अवसर पर मास्टर कैसर रज़ा SHI, मुबारकपुर बनारसी साड़ियों के प्रसिद्ध व्यापारी अल-हाज मास्टर अमीर हैदर कर्बलाई (जो माशा अल्लाह अपने परिवार के सात सदस्य दो बेटे, दो पोते, एक बेटा और एक बहू के साथ हज पर गए हैं), सक़लैन हैदर, आग़ा हैदर, मोहम्मद क़सीम उर्फ़ ऐराज़, डॉ. सलमान अख्तर, वफ़ादार हुसैन, आबिद असग़र (मऊ) और विभिन्न क्षेत्रों के अन्य हज यात्री भी मौजूद रहे।

# इब्ने सफ़ी के उपन्यासों का अन्य भाषाओं में अनुवाद करें



अवधनामा ब्यूरो

- जो एक बार इब्ने सफ़ी को पढ़ लेता है, वह उसका आदी हो जाता हैः ए. रहमान

**मेरठ/लखनऊ।** उर्दू विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में 'आलमी जायज़ा' के इब्ने सफी विशेषांक का विमोचन मेरे लिए किसी सम्मान से कम नहीं है।

यह न केवल असलम जमशेदपुरी की गहरी अंतर्दृष्टि और साहित्यिक प्रशंसा का प्रमाण है, बल्कि इब्न सफी की कलात्मक महानता और उर्दू पाठकों के बीच उनकी लोकप्रियता का भी प्रमाण है कि मुझे विभिन्न उर्दू संस्थाओं और शैक्षणिक संस्थानों द्वारा इस तरह के आयोजनों की मेजबानी के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। ये शब्द थे 'आलमी जायज़ा' के संपादक और आलमी उर्दू ट्रस्ट के चेयरमैन ए. रहमान के, जो उर्दू विभाग में आयोजित इब्ने सफ़ी विशेषांक के विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपना भाषण दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मैंने इब्ने सफ़ी का पहला उपन्यास 66 साल पहले पढ़ा था और अब तक उनके सभी उपन्यास 66 बार पढ़ चुका हूं।

लोग इब्ने सफ़ी के दीवाने थे। जो भी एक बार इब्ने सफ़ी को पढ़ता था, वह उसका दीवाना हो जाता था। कार्यक्रम की शुरुआत कारी अनीसुर रहमान द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। नात नुजहत अख्तर ने और फरहत अख्तर ने इब्ने सफ़ी की गजलों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर असलम जमशेदपुरी ने की।

# लखनऊ में मिला कोरोना संक्रमित मरीज

- एसजीपीआई में चल रहा था इलाज

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक कोरोना संक्रमित मरीज मिला है। कुछ दिन पूर्व धार्मिक यात्रा से लौटे बुजुर्ग की तबियत बिगड़ी, जिसके बाद परिजनों ने बुजुर्ग को एसजीपीजीआई में भर्ती कराया, जहां मंगलवार को मरीज की जांच रिपोर्ट में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। दरअसल, कोरोना वायरस के नए सब वैरिएंट जेएन.1 का असर बढ़ता ही जा रहा है। यूपी में बीते 24 घंटे में 10 नए मामले मिले हैं। जिसके बाद प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 30 पहुंच गई है। लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी. सिंह ने बताया है कि अलीगंज निवासी बुजुर्ग बीते दिनों धार्मिक यात्रा पर गए थे, वहां से लौटने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों ने उन्हें एसजीपीजीआई में भर्ती कराया। जहां पर जांच में कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई है। हालांकि स्वास्थ्य ठीक होने पर उन्हें घर वापस भेज दिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने मंगलवार को फिर दोहराया कि देश में कोविड संक्रमण की स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है और घबराने की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना के सक्रिय मामले 19 मई से अभी तक 1010 तक पहुंच गए हैं।

### 6 लोगों की हो चुकी है मौत

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार अभी तक कोरोना वायरस से छह लोगों की मौत हो गई है। महाराष्ट्र में इस जानलेवा वायरस ने तीन लोगों की मौत हो गई, केरल में दो और कर्नाटक में एक मरीज की मौत हो गई है। डॉ. बहल ने कहा कि देश में कोविड संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, हालांकि इन्हें लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की सभी एजेंसियां स्थिति पर बारीकी से निगाह रख रही हैं और उचित समय पर तुरंत कदम उठा लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कोविड संक्रमण की गंभीरता बहुत कम है और लोगों को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में कोविड संक्रमण से निपटने के लिए कई तरह की वैक्सीन मौजूद हैं। देशभर में कोविड संक्रमण के संदिग्ध मामलों की जांच की जा रही है।